# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



15 शेफाली ने जीता आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ..





विचार पेज
08 विधानसभा की सात दशक...



haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 16 दिसंबर 2025


**देश में पहली बार गुना के मियाना रेलवे स्टेशन पर रेलवे का 'ग्रीन एनर्जी विजन'**

राष्ट्रपति ने मियाना रेलवे स्टेशन को किया राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 से सम्मानित

# 70% तक स्मार्ट लाइटिंग से 10 हजार यूनिट से अधिक वार्षिक विद्युत ऊर्जा की बचत होगी

## पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने रचा ऊर्जा दक्षता का नया कीर्तिमान

अलग खबर

लोकेंद्र सिंह ठाकुर ⏭ गुना

पश्चिम मध्य रेलवे ने ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। भोपाल मंडल के मियाना रेलवे स्टेशन को ऊर्जा दक्षता के उत्कृष्ट एवं नवोन्मेषी प्रयासों के लिए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) 2025 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान 14 दिसंबर 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार ऊर्जा मंत्रालय के अधीन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा प्रदान किया जाता है और इसे देश का सबसे विश्वसनीय एवं प्रतिष्ठित ऊर्जा संरक्षण सम्मान माना जाता है। कड़े तकनीकी मूल्यांकन, ऊर्जा बचत के स्वतंत्र सत्यापन तथा विस्तृत ⏩ शेष पेज 6 पर




मियाना रेलवे स्टेशन

### देशभर के रेलवे स्टेशनों के लिए प्रेरणा

मियाना रेलवे स्टेशन की यह उपलब्धि न केवल पश्चिम मध्य रेलवे बल्कि देश के अन्य रेलवे स्टेशनों के लिए भी ऊर्जा संरक्षण और सतत विकास की प्रेरणादायी मिसाल बनकर उभरी है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार मिलने से गुना जिले के रेलवे विभाग एवं मियाना के स्टाफ में खुशी का माहौल है। उनको कहना कि हमारे जिले का राष्ट्रपति से पुरस्कार मिलना बहुत बड़ी बात है।

### नेतृत्व और टीमवर्क की मिसाल

इस उपलब्धि पर पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने इसे संगठन के लिए गर्व का क्षण बताया और मुख्यालय एवं भोपाल मंडल के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार रेलवे के सतत विकास और ग्रीन एनर्जी विजन को सशक्त करता है। यह सफलता वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) संजय मानोरिया के कुशल तकनीकी मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में संभव हुई। उनके नेतृत्व में विद्युत (सामान्य) विभाग ने नियमित ऊर्जा ऑडिट, वैज्ञानिक लोड विश्लेषण, स्टेशन-वार ऊर्जा प्रोफाइलिंग, स्टाफ प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियानों को प्रभावी रूप से लागू ⏩ शेष पेज 6 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


### खबर संक्षेप

#### राजकुमार गोयल बने नए मुख्य सूचना आयुक्त



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूर्व नौकरशाह राजकुमार गोयल को केंद्रीय सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया है। मुख्य सूचना आयुक्त का पद 13 सितंबर से हीरालाल समरिया का कार्यकाल पूरा होने के बाद से खाली चल रहा था। इस पद की जिम्मेदारी गोयल को सौंपी गई है।

#### रुपए में गिरावट, 26 पैसे गिरकर 90.75 रु. पर



**नई दिल्ली।** रुपये में गिरावट का दौर जारी है। सोमवार को भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 26 पैसे टूटकर इंट्रा-डे कारोबार में 90.75 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। अमेरिका से व्यापार अनिश्चितता और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से रुपये पर दबाव बना रहा।

#### नवंबर में 19.37% बढ़ा निर्यात, व्यापार घाटा कम



**नई दिल्ली।** देश का निर्यात अक्टूबर की गिरावट से उबरते हुए नवंबर महीने में 19.37 प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस दौरान इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का निर्यात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा पांच महीने के निचले स्तर 24.53 अरब डॉलर पर आ गया।

भाजपा में नया युग : नए कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने संभाला कार्यभार

# जेपी नड्डा और अमित शाह ने की नबीन की ताजपोशी, कई शीर्ष नेता रहे मौजूद

**दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई ताजपोशी, बधाई देने वालों का लगा तांता**

जेपी आंदोलन से राजनीति की शुरुआत करने वाले दिवंगत नबीन सिन्हा के बेटे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन की ताजपोशी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में की गई।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नितिन नबीन को पटका पहनाकर और गुलदस्ता देकर उनकी ताजपोशी की। वहीं, इसके बाद पार्टी कार्यालय में तमाम भाजपा नेताओं ने नितिन नबीन को पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जयश्री राम के नारे लगाए। नितिन नबीन का जन्म 23 मई 1980 हो हुआ था। जब कार्यकारी अध्यक्ष बने तो उनकी उम्र 45 साल है।

◀ अमित शाह जब अध्यक्ष बने तो वे 49 साल के थे। नितिन गडकरी 52 साल की उम्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। वहीं 76 साल के लाल कृष्ण आडवाणी के नाम सबसे अधिक उम्र के भाजपा अध्यक्ष बनने का रिकॉर्ड है

◀ बिहार में नितिन नबीन की छवि साफ-सुथरे और संगठन में बेहतर पकड़ वाले नेता की

◀ नितिन जब कार्यकारी अध्यक्ष बने तो उनकी उम्र 45 साल



वरिष्ठ नेता नबीन को गुलदस्ता देते हुए

नियुक्ति पर भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया

### एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी का अनुभव है तो दूसरी तरफ युवा अध्यक्ष की ऊर्जा

नितिन नबीन के भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने पर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि उन्हें संगठनों और सरकार दोनों में अनुभव है, और वे बहुत ही सरल व्यक्ति हैं, लेकिन साथ ही अविश्वसनीय रूप से मेहनती भी हैं। सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नितिन नबीन को बधाई। वे एक विनम्र और समर्पित कार्यकर्ता हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं। उन्होंने अपने परिश्रम से जो मुकाम हासिल किया है, उसी वजह से पार्टी ने ⏩ शेष पेज 6 पर

भाजपा ने बिहार में भी बदली कमान

### दरभंगा से विधायक संजय सरावगी बनाए गए प्रदेश अध्यक्ष



**पटना ।** भाजपा ने सोमवार को बिहार भाजपा के नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर दिया। दरभंगा से विधायक संजय सरावगी को पार्टी ने बिहार की कमान सौंपी है। वह दिलीप जयसवाल की जगह लेंगे। संजय सरावगी दरभंगा शहरी क्षेत्र से लगातार पांच बार से ⏩ शेष पेज 6 पर

### दिल्ली पहुंचने पर भव्य स्वागत

इससे पहले दिल्ली में बिहार के मंत्री नितिन नबीन का पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पहली बार पार्टी मुख्यालय पहुंचने पर शानदार स्वागत किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली पहुंचने पर एयरपोर्ट पर नितिन नबीन का स्वागत किया था। नितिन नबीन भाजपा के बड़े नेताओं से एक और जेपी आंदोलन से राजनीति की शुरुआत करने वाले दिवंगत नबीन सिन्हा के बेटे हैं। 23 मई 1980 पटना में नितिन नबीन का जन्म हुआ है। उनकी 12वीं तक की पढ़ाई दिल्ली में हुई। 2005 में पटना पश्चिम सीट से विधायक रहे 55 साल के नबीन सिन्हा का निधन दिल्ली में हो गया था। उस वक्त नितिन महज 26 साल के थे।

### लहार की घटना, दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त



एसडीएम की गाड़ी को ऐसे मारी टक्कर

## रेत माफिया का दुस्साहस...भिंड में एसडीएम विजय यादव पर हमला

◀ सरकारी वाहन को मारी टक्कर

◀ बोलेरो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिंड

जिले में रेत माफिया के हौसले एक बार फिर खुलेआम कानून को चुनौती देते नजर आए। अवैध रेत परिवहन की सूचना पर कार्रवाई के लिए निकले लहार एसडीएम विजय यादव पर रेत माफिया ने हमला कर दिया। एसडीएम के सरकारी वाहन को सीधी टक्कर मार दी, जिससे बोलेरो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि वाहन में सवार एसडीएम विजय ⏩ शेष पेज 6 पर

#### घात लगाकर बैठे थे हमलावर

जानकारी के अनुसार लहार एसडीएम विजय यादव को अवैध रेत परिवहन की सूचना मिली थी। वह सरकारी वाहन से मौके पर कार्रवाई के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे रेत माफिया ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त ⏩ शेष पेज 6 पर

विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध मप्र का विजन

## मप्र विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र कल

राज्यपाल करेंगे विधानसभा की सात दशक तक की यात्रा एवं मप्र सरकार के दो वर्ष के कार्यों पर केंद्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के 69 वीं वर्षगांठ पर 17 दिसंबर बुधवार को एक दिवसीय विशेष सत्र का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य पुर्नगठन आयोग की अनुशंसा पर 1 नवंबर, 1956 को मध्यप्रदेश राज्य का गठन हुआ था । मध्यप्रदेश विधान सभा के प्रथम सत्र की अवधि 17 दिसंबर, 1956 से 17 जनवरी, 1957 थी, सत्र की पहली बैठक 17 दिसंबर 1956 को आहूत हुई थी। तब से अब तक 16 विधानसभा ⏩ शेष पेज 6 पर

#### प्रदर्शनी में 136 चित्र लगाए गए

इस ऐतिहासिक चित्र प्रदर्शनी में 136 चित्र लगाए गए हैं। इसमें कुछ दुर्लभ चित्र भी सम्मिलित हैं। ये चित्र प्रथम विधानसभा से वर्तमान सोलहवीं विधानसभा के विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों के हैं। यह प्रदर्शनी विशेषकर विद्यार्थियों के साथ साथ विशिष्ट जनों एवं आम नागारिकों के लिए भी खुली रहेगी, वे 18 से 25 दिसंबर के बीच विधानसभा में प्रवेश पत्र बनवा कर प्रदर्शनी देख सकते हैं। प्रवेश पत्र के लिए ⏩ शेष पेज 6 पर




मेडल के साथ भारतीय खिलाड़ी

हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराकर रचा इतिहास

## भारत पहली बार स्क्वॉश वर्ल्ड कप चैंपियन बना मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत का पहला गोल्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चेन्नई के एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में खेले गए स्क्वॉश वर्ल्ड कप के फाइनल में भारतीय मिक्स्ड टीम ने हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराकर इतिहास रच दिया। यह मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत का पहला गोल्ड मेडल है। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में ब्रॉन्ज मेडल रहा था। इस टूर्नामेंट में 12 टीमों ने शॉर्ट और फास्ट फॉर्मेट में हिस्सा लिया। भारत ने सेमीफाइनल में मजबूत मानी जाने वाली मिस्र की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा शुरू से अंत तक बना रहा। भारतीय टीम की अगुआई दिग्गज खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने की। फाइनल के पहले मुकाबले में जोशना ने हांगकांग की यी ली (वर्ल्ड नंबर-37) को 3-1 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। ⏩ शेष पेज 6 पर

**पीएम मोदी ने दी बधाई कहा- यह जीत देश के युवाओं में स्क्वॉश की लोकप्रियता बढ़ाएगी**

9 साल की मासूम से रेप की कोशिश और बेरहमी से हत्या

## आरोपी ने परिजनों से कहा- छत से गिरी डॉक्टर की रिपोर्ट में पीटने का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन



रियाज खान (आरोपी)

जिले के खाचरोद में रेप करने में नाकाम होने पर 9 साल की बच्ची की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मासूम रविवार को नानी के घर आई थी। पड़ोस में ही रहने वाले शख्स ने पहले दुष्कर्म करने की कोशिश की।

चिल्लाने पर उसने बच्ची को बोरी में बंद कर दिया। फिर मोगरी से लगातार वार किए। गंभीर हालत में बच्ची को रतलाम के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मासूम रविवार को स्कूल की छुट्टी होने के कारण अपनी दो बड़ी बहनों के साथ नानी के घर आई थी। बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। काफी देर तक बच्ची घर नहीं आई तो नानी ने उसकी बहन को भेजा लेकिन वह कहीं नहीं दिखी। शाम को पड़ोस में रहने वाला रियाज खान अपने घर के अंदर से बेहोश बच्ची को उठाकर लाया। कहा- लड़की ऊपर से गिर गई है। बच्ची का मुंह सूजा था। सिर, नाक, आंख पर चोट लगी थी। परिजन उसे लेकर खाचरोद अस्पताल पहुंचे। यहां प्राथमिक इलाज के बाद ⏩ शेष पेज 6 पर



मुख्यमंत्री ने ग्वालियर में आयोजित 101वें तानसेन समारोह का किया वर्चुअली शुभारंभ

मूर्धन्य संगीतज्ञ पं. राजा काले और पं. तरुण भट्टाचार्य तानसेन अलंकरण से हुए विभूषित

## वैदिक काल से शास्त्रीय संगीत हमारे जीवन और संस्कृति का हिस्सा है और सामवेद इसका साक्षी

साधना परमार्थिक संस्थान समिति मंडलेश्वर एवं रागायन संगीत समिति ग्वालियर को मिला राजा मानसिंह तोमर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में सांस्कृतिक अभ्युदय हो रहा है। आज दुनिया भारत की ओर देख रही है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत शनैः-शनैः अपनी अद्वितीय छाप छोड़ता जा रहा है। राज्य सरकार कला-संस्कृति को संरक्षित करते हुए विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने ⏩ शेष पेज 6 पर ⏩ पढ़ें पेज 11 भी




सीएम डॉ. यादव ने किया शुभारंभ



#### सभी सम्मानित कलाकारों को दी बधाई

तानसेन समारोह के शुभारंभ के साथ राष्ट्रीय तानसेन अलंकरण एवं राजा मानसिंह तोमर सम्मान समारोह का आयोजन भी हुआ। इसमें प्रख्यात शास्त्रीय गायक पं. राजा काले मुंबई को वर्ष 2024 एवं सुविख्यात संतूर वादक पं. तरुण भट्टाचार्य को वर्ष 2025 के तानसेन अलंकरण से विभूषित किया ⏩ शेष पेज 6 पर



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री





डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

*भय नहीं, भ्रम नहीं, पूरा विश्वास, विरासत के साथ विकास*

# डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश क्विज़

**24 महीने 24 पुरस्कार**

24 लैपटॉप, ई-बाइक्स, ई-स्कूटी | 24 विक्रमादित्य वैदिक घड़ी
मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ Hi-tea

**पुरस्कार वितरण** स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) | 12 जनवरी 2026 - विक्रम सम्वत् 2082, भोपाल

1. नक्सल मुक्त मध्यप्रदेश बनाने में राज्य सरकार संकल्पित है। हाल ही में मध्यप्रदेश के किस जिले में करोड़ों के ईनामी नक्सलियों द्वारा सबसे बड़ा आत्मसमर्पण किया गया।
A. झाबुआ B. बालाघाट
C. मंडला D. बैतूल

2. मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश व महाराष्ट्र की नदियों को जोड़ने भारत में किस मुख्यमंत्री को New Waterman of India आधुनिक भागीरथ के रुप में पहचाना जा रहा है।
A. दिग्विजय सिंह B. शिवराज सिंह चौहान
C. बाबूलाल गौर D. डॉ. मोहन यादव

3. मध्यप्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने सरकार लगातार सक्रिय है। जीआईएस 2025 में कितने करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।
A. ₹20.15 लाख करोड़ B. ₹30.77 लाख करोड़
C. ₹50.30 लाख करोड़ D. ₹60.25 लाख करोड़

4. विगत दो वर्षों में कितने नए मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी दी गई है?
A. 6 मेडिकल कॉलेज B. 12 मेडिकल कॉलेज
C. 15 मेडिकल कॉलेज D. 20 मेडिकल कॉलेज

5. भारत सरकार ने रातापानी (मध्यप्रदेश) को भारत का 57वां टाइगर रिजर्व घोषित किया। रातापानी मध्यप्रदेश का कौन सा टाइगर रिजर्व बना और कब।
A. 5वां, 2 दिसंबर 2022 B. 6वां, 2 दिसंबर 2023
C. 7वां, 2 दिसंबर 2024 D. 8वां, 2 दिसंबर 2024

6. मध्यप्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री किस धार्मिक शहर से आते हैं?
A. महेश्वर B. उज्जैन
C. जबलपुर D. बुरहानपुर

7. विश्व का 5500 वर्ष पुराना धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक उत्सव अलौकिक सिंहस्थ किस वर्ष में और कहाँ आयोजित होगा।
A. उज्जैन, 2028 B. प्रयागराज, 2029
C. नासिक, 2027 D. हरिद्वार, 2033

8. महिला सशक्तीकरण अंतर्गत लाड़ली बहना योजना में प्रति माह कितनी आर्थिक सहायता दी जाती है?
A. ₹1000 B. ₹1500
C. ₹2000 D. ₹3000

9. माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारतीय कालगणना की पुनर्स्थापना स्वरुप किस शहर में दुनिया की पहली वैदिक घड़ी की स्थापना की और उसका क्या नाम है?
A. भोपाल, राजा भोज वैदिक घड़ी B. नर्मदापुरम, भारतीय वैदिक घड़ी
C. उज्जैन, विक्रमादित्य वैदिक घड़ी
D. जबलपुर, भारत का समय वैदिक घड़ी

10. मध्यप्रदेश में 230 विधानसभा क्षेत्र में गीता भवन स्थापित किये जाने की घोषणा की गयी है। राज्य का पहला गीता भवन कहाँ और कब स्थापित किया गया।
A. भोपाल, 11 दिसंबर 2024 B. उज्जैन, 11 दिसंबर 2024
C. इंदौर, 1 दिसंबर 2025 D. जबलपुर, 1 दिसंबर 2025

11. डीजे और लाउडस्पीकर नियंत्रण के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश का किस राजनेता ने सख्ती से पालन कराया।
A. डॉ. मोहन यादव B. शिवराज सिंह चौहान
C. दिग्विजय सिंह D. कमलनाथ

12. नगर निकायों के डिजिटलाइजेशन से नागरिकों को क्या लाभ मिला?
A. योजनाओं की जानकारी की सुलभता
B. नागरिक सेवाओं में बढ़ोतरी
C. नियमों के प्रति विश्वनीयता
D. उपरोक्त सभी

13. पर्यटन बढ़ाने के लिए किस प्रकार की सेवा शुरु की गई? और उसका मार्ग क्या है?
A. जल पर्यटन, जबलपुर–अमरकंटक
B. हेली–पर्यटन, उज्जैन–ओंकारेश्वर
C. रेल पर्यटन, ग्वालियर–दतिया
D. बस पर्यटन, भोपाल–विदिशा

14. धार्मिक परंपरा, ऐतिहासिक स्थानों का संरक्षण किस परियोजना का उद्देश्य है?
A. राम वन गमन पथ B. नर्मदा बैंक
C. मालवा विकास परियोजना D. शिक्षा प्रगति योजना

15. रामवन पथ गमन के अलावा और कौन सा मार्ग मध्यप्रदेश में बन रहा है।
A. सीता पाथेय B. जामवंत पाथेय
C. श्रीकृष्ण पाथेय D. लक्ष्मण-भरत पाथेय

16. विश्व कप विजेता टीम की किस महिला क्रिकेटर को मध्यप्रदेश सरकार ने एक करोड़ की राशि देकर सम्मानित किया।
A. क्रांति गौड़ B. दीप्ति शर्मा
C. हरमनप्रीत कौर D. स्मृति मंधाना

17. श्रीरामराजा लोक मध्यप्रदेश के किस शहर में बनाया जा रहा है।
A. ओरछा B. दतिया
C. छतरपुर D. टीकमगढ़

18. मध्यप्रदेश में पीएम मित्र पार्क किस जिले में है।
A. पन्ना B. धार
C. निवाड़ी D. शाजापुर

19. दूध उत्पादन से संबंधित मध्यप्रदेश सरकार की बाबा साहब अंबेडकर योजना का नाम क्या है।
A. बाबा साहब अंबेडकर गौपालन योजना
B. बाबा साहब अंबेडकर गौ-सेवा योजना
C. बाबा साहब अंबेडकर पशु-पालन योजना
D. बाबा साहब अंबेडकर कामधेनु योजना

20. मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सिंचित क्षेत्र बढ़ाने के लिए किस पर जोर दिया गया?
A. कुआँ–भण्डारण B. नदी जोड़ो
C. वर्षा जल संग्रहण D. उपरोक्त सभी

21. मध्यप्रदेश सरकार द्वारा रजिस्ट्री की प्रक्रिया सरल करने के उद्देश्य से वर्ष 2024 में संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर की स्थापना की गयी। इस सॉफ्टवेयर के सफल क्रियान्वयन पर भारत सरकार द्वारा कौनसा पुरस्कार दिया गया।
A. राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस स्वर्ण पुरस्कार
B. ई-गवर्नेंस पुरस्कार
C. राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मान
D. राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस अवार्ड

22. "नगर सेवा डिजिटल अवार्ड" किस क्षेत्र में मिलता है?
A. खेल B. स्वच्छता
C. ई–गवर्नेंस D. पुलिस सेवा

23. किस नारे को विकास अभियान से जोड़ा गया?
A. भविष्य हमारा B. विरासत से विकास
C. स्वच्छ भारत D. भारत जोड़ो

24. मध्यप्रदेश में सिंचित खेती का बड़ा भाग किस फसल से जुड़ा है?
A. गेहूँ B. सोयाबीन
C. कपास D. बाजरा

25. बच्चों की सुरक्षा और उनके संरक्षण के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने किस योजना को लागू किया है।
A. ऑपरेशन मुस्कान B. बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ
C. युवा शक्ति मिशन D. उपरोक्त सभी

26. श्रीमद्भगवद्गीता का उपदेश किसने दिया है?
A. गौतम बुद्ध B. महावीर
C. श्रीकृष्ण D. श्रीराम

27. मध्यप्रदेश में कृषि वृद्धि का मुख्य आधार क्या माना गया?
A. सिंचाई B. वर्षा
C. व्यापार D. आयात

28. मध्यप्रदेश की पहली नदी-परियोजना के रूप में किस योजना की शुरुआत की गई?
A. नर्मदा–गंभीर लिंक परियोजना
B. बेतवा–केन लिंक परियोजना
C. नर्मदा–काली सिंद लिंक
D. शिप्रा–गंभीर परियोजना

29. भगवान कृष्ण ने किस धार्मिक नगर में शिक्षा ग्रहण की थी?
A. द्वारका B. बनारस
C. मथुरा D. उज्जैन

30. मध्यप्रदेश में रीज़नल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य क्या है?
A. धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना
B. कृषि उत्पादन बढ़ाना
C. स्थानीय उद्योग व निवेश और रोजगार को बढ़ाना
D. वन संरक्षण को मजबूत करना

31. मध्यप्रदेश में जनजातीय देवलोक कहाँ स्थापित किया जा रहा है।
A. खंडवा B. बैतूल
C. झाबुआ D. बालाघाट

32. गंभीर मरीजों, सड़क हादसों, औद्योगिक दुर्घटनाओं और प्राकृतिक आपदाओं में फंसे लोगों को हवाई माध्यम से अस्पताल पहुँचाने के लिए किस योजना की शुरुआत की गयी।
A. पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा B. हेली पर्यटन सेवा
C. तीर्थ दर्शन यात्रा D. उपरोक्त में कोई नहीं

33. नदियों, तालाबों, जलसंरचनाओं एवं जलीय जीवों के संरक्षण पर केन्द्रित जल गंगा संवर्धन अभियान किस मुख्यमंत्री के कार्यकाल में शुरु हुआ।
A. दिग्विजय सिंह B. शिवराज सिंह चौहान
C. डॉ. मोहन यादव D. कमलनाथ

**क्विज में भाग लेने के लिए QR कोड स्कैन करें**

वीर भारत न्यास

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, जनसम्पर्क विभाग द्वारा आयोजित

सहभागिता
कृषि उद्योग विकास परिषद्
AGRI INDUSTRIES VIKAS CHAMBER

D-11162/25

भोपाल
मंगलवार, 16 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष -12
वर्ष : 12, अंक : 256
पृष्ठ : 18+8=26 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 11

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने काशी विश्वनाथ मंदिर में किए दर्शन

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वाराणसी प्रवास के दौरान सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन और पूजन किया। उन्होंने काल भैरव मंदिर पहुंचकर भी पूजा-अर्चना की। इससे पूर्व रविवार की रात्रि वाराणसी पहुंचने पर मुख्यमंत्री का जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया।

### भोपाल में एक दिन के अंतराल से शीतलहर लौटी, रात का पारा 1.2 डिग्री गिरकर 5.8 डिग्री, यह प्रदेश में तीसरा सबसे ठंडा शहर दर्ज

# प्रदेश में पहले कोहरे का गदर.. तीन जिलों में विजिबिलिटी जीरो भोपाल में 500 मीटर तक पहुंची, तीन दिन अति घना 'कोहरा'



विदिशा में घने कोहरे के बीच गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश की हवाओं में सुबह के समय नमी बढ़ने के साथ ही कोहरे का असर बढ़ गया है। सोमवार को लगातार दूसरे दिन कई जिलों में अति घने से घना कोहरा रहा।

तीन जिलों में सुबह 8:30 बजे तक विजिबिलिटी 50 मीटर या इससे कम यानि जीरो पर पहुंच गई। जबकि भोपाल सहित आधा दर्जन जिलों में दृश्यता 300 से 500 मीटर रही है। इनमें ग्वालियर, दतिया, सीधी, शहडोल और पचमढ़ी आदि ▸▸ शेष पेज 6 पर

**7 जिले 7 डिग्री के करीब, खजुराहो, रीवा और सतना में दृश्यता 50 मीटर से कम, जीरो विजिबिलिटी दर्ज**

### आज यहां अति घना कोहरा

मंगलवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, सीधी, रीवा, सतना, छतरपुर में अति घना कोहरा रहेगा। यहां दृश्यता शून्य तक रह सकती है। दतिया, मऊगंज, पन्ना, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में अधिकांश जगह घना कोहरा छाएगा। वहीं, भोपाल, विदिशा, शिवपुरी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर में कुछ जगह मध्यम से घना कोहरा रहेगा। बुधवार ▸▸ शेष पेज 6 पर

### गुरुवार को यहां अति घना कोहरा छाएगा

ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, शहडोल, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में विजिबिलिटी शून्य यानि 50 मीटर तक या इससे कम रह सकती है।

## खबर संक्षेप

### नए साल में रामलला के दर्शन, होटल फुल

अयोध्या। राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह के बाद से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। रोजाना एक लाख से अधिक



श्रद्धालु रामलला के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। अब नववर्ष में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसकी पुष्टि इस बात से हो रही है कि 31 दिसंबर से दो जनवरी के लिए अधिकांश होटलों के 75 फीसदी कमरे बुक हो चुके हैं। भक्त साल के पहले दिन प्रभु के दर्शन करेंगे।

### नर्मदा में नाव डूबी 8 श्रद्धालु सुरक्षित

ओंकारेश्वर। विश्व प्रसिद्ध तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में सोमवार को एक बड़ा हादसा टल गया।



ओंकारेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रह्मपुरी घाट पर नर्मदा नदी में एक नाव असंतुलित होकर डूब गई। नाव में बच्चे, महिला एवं पुरुष सहित कुल आठ श्रद्धालु सवार थे। गनीमत रही कि समय रहते एनडीआरएफ, स्थानीय नाविकों और पुलिस की तत्परता से सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

### राष्ट्रपति मुर्मू आज से 3 राज्यों की यात्रा पर

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार से 22 दिसंबर तक कर्नाटक, तमिलनाडु और



तेलंगाना की यात्रा पर रहेंगी। मंगलवार को मुर्मू कर्नाटक के मांड्या जिले के मालवल्ली में आदि जगद्गुरु श्री शिवरात्रीश्वर शिवयोगी महास्वामीजी के 1066वें जयंती समारोह का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति मूर्मू 17 दिसंबर को तमिलनाडु के वेल्लोर स्थित गोल्डन टेंपल में दर्शन और आरती में शामिल होंगी।

### अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह आएगा विकसित भारत 'जी राम जी' बिल

# प्रियंका-क्यों हटा रहे गांधी जी का नाम, केंद्र बोला बदलाव 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य के तहत

*मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि बीते वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े सामाजिक-आर्थिक बदलाव हुए हैं। व्यापक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार और सरकार की प्रमुख योजनाओं के संतृप्ति-आधारित क्रियान्वयन के चलते ग्रामीण परिदृश्य में बदलाव आया है, जिसके अनुरूप रोजगार से जुड़ा नया और सशक्त ढांचा आवश्यक हो गया है*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस ने सरकार को मनरेगा का नाम बदलने को लेकर घेरा है। केरल से सांसद प्रियंका गांधी ने सरकार से तीखे सवाल पूछे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी सांसदों को व्हिप जारी कर मनरेगा का नाम बदलने संबंधी विधेयक पारित कराते समय सदन में मौजूद रहने का निर्देश दिया है।

सरकार का तर्क है कि यह बदलाव विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के तहत है। प्रियंका गांधी ने सवाल किया कि योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने के पीछे सरकार की नीयत क्या है? तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने भी सरकार से सवाल पूछा है। प्रियंका ने संसद परिसर में पत्रकारों के एक सवाल पर कहा कि जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है, तो कार्यालयों, स्टेशनरी आदि में बड़े पैमाने पर बदलाव करने पड़ते हैं। ऐसी गतिविधियों पर सरकार का बहुत पैसे खर्च करती है। उन्होंने सवाल किया कि नाम बदलने का फायदा क्या ▸▸ शेष पेज 6 पर

**नए विधेयक का नाम विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी आरएएम जी) विधेयक, 2025**



प्रियंका गांधी



शिवराज सिंह चौहान

***प्रत्येक वित्त वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी आधारित रोजगार की कानूनी गारंटी दी जाएगी***

***विपक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार फंड में भी कटौती कर रही, जिम्मेदारी राज्यों पर डाली जा रही है***

### राज्यों को 6 महीने के भीतर योजना प्रभावी बनानी होगी

केंद्र प्रायोजित इस योजना के तहत प्रत्येक राज्य सरकार को कानून लागू होने की तारीख से छह महीने की अवधि के भीतर विधेयक के तहत प्रस्तावित गारंटी को प्रभावी बनाने के लिए योजना बनानी होगी। सरकार प्रत्येक राज्य के लिए कुछ मापदंडों के आधार पर अनुमानित आवंटन करेगी। स्वीकृत राशि से अधिक खर्च की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की होगी।

### 2005 का मनरेगा कानून समाप्त हो जाएगा

ग्रामीण रोजगार से जुड़े कानून में बड़ा बदलाव प्रस्तावित किया गया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 को निरस्त कर उसकी जगह नया कानून लाने से संबंधित विधेयक लोकसभा में पेश किया जाएगा। इस नए विधेयक का नाम विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी आरएएम जी) विधेयक, 2025 है। ▸▸ शेष पेज 6 पर

### विकसित भारत 'जी राम जी' योजना, क्या बदलाव होंगे?

सरकार ने इस योजना के ढांचे में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। नई योजना के तहत गारंटीयुक्त काम के दिनों की संख्या संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन करने का प्रस्ताव है। नई योजना के प्रस्ताव में काम पूरा होने के 7 से 15 दिनों के भीतर मजदूरी का भुगतान अनिवार्य होगा। देरी होने पर बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान है। प्रस्ताव के अनुसार कार्यों को चार प्रमुख वर्गों ▸▸ शेष पेज 6 पर

### दिग्विजय ने कहा-शाह कभी संघ में नहीं रहे

# मेघवाल बोले जो एक बार शाखा में ध्वज प्रणाम कर ले, वह संघ का सदस्य



दिग्विजय सिंह

***दिग्विजय ने मित्रों की जानकारी का हवाला दिया***

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राज्यसभा में कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ ही चुनाव आयोग पर जमकर हमला बोला। दिग्विजय ने कहा- मेरे भी कई मित्र आरएसएस में हैं। मैंने पता लगाया और उनसे जानकारी ली। पूछा- अमित शाह कभी आरएसएस में रहे या नहीं? सब ने कहा कि कभी आरएसएस में रहे ही नहीं। प्रधानमंत्री ने कहा था कि हम गर्व से कहते हैं कि संघ के प्रचारक रहे हैं और उन्होंने खुद के लिए कहा कि वह भी 10 साल की उम्र से शाखाओं में जाते थे।



अर्जुन राम मेघवाल

### कानून मंत्री ने किया पलटवार

दिग्विजय की बात का जवाब देते हुए केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि अमित शाह ने संसद में कहा था कि मैं 21 साल की उम्र से नारा लगाता रहा हूं कि देश की गलियां सूनी हैं, इंदिरा गांधी खूनी हैं। संघ की जहां तक बात है तो जो व्यक्ति एक बार शाखा में ध्वज प्रणाम कर लेता है, वो संघ का सदस्य होता है। उन्होंने (अमित शाह) यही कहा।

### विधायक कालूखेड़ा की सरकार को चेतावनी

## उज्जैन में लैंड पूलिंग एक्ट को निरस्त करने की उठाई मांग

**26 को किसान संघ का आंदोलन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उज्जैन



अनिल कालूखेड़ा

उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल कालूखेड़ा ने लैंड पूलिंग एक्ट को निरस्त करने की मांग की। उज्जैन में मप्र शासन द्वारा सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए लैंडपूलिंग योजना लाई गई है। इसके विरोध में विधायक अनिल कालूखेड़ा ने कहा कि इस योजना का समर्थन मैंने विधानसभा और विधानसभा के बाहर किया है। लेकिन 17 नवंबर 2025 को भोपाल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई थी। बैठक ▸▸ शेष पेज 6 पर

### सागर में वारदात के विरोध में चक्काजाम

## बदमाशों ने गल्ला व्यापारी के मुनीम से 15 लाख लूटे

**आंखों में मिर्ची डाली और डंडे से हमला कर छीन लिया बैग**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सागर



लूट के बाद व्यापारियों में आक्रोश

मोतीनगर थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर स्थित कृषि उपज मंडी के पास गल्ला व्यापारी के मुनीम के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया गया।

बदमाशों ने मुनीम की आंखों में मिर्ची पाउडर मारा और डंडे से हमला कर रुपयों से भरा बैग छीनकर भाग गए। वारदात देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने पीछाकर एक बदमाश को पकड़ लिया। जिसे पुलिस के हवाले कर दिया है। बैग में 15 लाख से अधिक पैसे ▸▸ शेष पेज 6 पर

### मुंबई-आगरा फोरलेन की घटना

## केमिकल से भरे एक ट्रक में लगी आग पीछे खड़ा दूसरा ट्रक भी चपेट में आया

***एक किमी दूर तक दिखा धुआं, दमकल ने एक घंटे में आग पर पाया काबू***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महू



जलते ट्रक का दृश्य

इंदौर के पास मानपुर क्षेत्र में मुंबई-आगरा फोरलेन पर सोमवार सुबह दो ट्रकों में अचानक आग लग गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार करीब एक किमी दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे फोरलेन पर लंबा जाम लग गया और दोनों ओर से यातायात पूरी तरह ठप हो गया। घटना के बाद कुछ समय के लिए इलाके में ▸▸ शेष पेज 6 पर

### इंदौर में दुकानदार से हुआ था बदमाशों का विवाद

## पेट्रोल बम फेंक कर दुकानदार को जिंदा जलाने की कोशिश

**दो बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

कनाड़िया क्षेत्र में शराब दुकान के पास एक अन्य दुकान पर बदमाशों ने पेट्रोल बम फेंक कर दुकानदार को जिंदा जलाने की कोशिश की। दुकान में बैठा युवक तो बच गया, लेकिन दुकान जल गई। दुकानदार दीपक चौरसिया ने इस मामले में दो बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

पुलिस के अनुसार दीपक अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। दुकान के बाहर परदेशीपुरा निवासी




करण यादव व उसका साथी आया। उसने दीपक को बाहर आने के लिए कहा, दीपक दुकान के अंदर ही बैठा रहा। इस बीच आरोपी ने अपने साथ लाए पेट्रोल बम में आग लगाई और दुकान में फेंक दिया। दीपक बचकर बाहर निकला, लेकिन दुकान में आग लग गई। आरोपी करण पहले शराब दुकान में काम करता था और उसका दीपक से पहले भी झगड़ा हो चुका है। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। दो महीने पहले भी आरोपी करण ने ब्लेड से हमला किया था और दुकान को आग लगाने की कोशिश की थी। पीड़ित ने थाने में दो लिखित शिकायतें दे चुका है लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिसके कारण आरोपी के हौसले बढ़ते गए और उसने अब इतना खतरनाक हमला किया।

### अग्रणी संत व पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का 67 साल की उम्र में रीवा में निधन

# श्री राम मंदिर आंदोलन की धुरी, 12 साल की उम्र में रामविलास वेदांती ने छोड़ दिया था घर

***देर शाम अयोध्या लाया गया पार्थिव शरीर***



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रीवा/ अयोध्या

अयोध्या में श्री राम मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का निधन हो गया है। रीवा में एक कथा महोत्सव के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका निधन हो गया। 67 वर्षीय रामविलास दास वेदांती का मंदिर आंदोलन ▸▸ शेष पेज 6 पर

***आज सुबह 10:00 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी***

### देश भर में राम मंदिर को लेकर अलख जगाई

डॉ. रामविलास वेदांती का जन्म 7 अक्टूबर 1958 को मध्य प्रदेश के रीवा में हुआ था। उन्होंने 12 साल की उम्र में संन्यास ले लिया था। वह अपना घर-परिवार छोड़कर राम नगरी अयोध्या आ गए। अयोध्या में हनुमानगढ़ी के महंत ▸▸ शेष पेज 6 पर

### संत से सियासत तक का सफर

1991 में बाबरी विध्वंस के मामले में वेदांती को भी आरोपी बनाया गया था, जिसके बाद उन्हें आक्रमक हिंदुत्व राजनीति को धार देने लगे। भाजपा ने उन्हें जौनपुर-प्रतापगढ़ की विधानसभा सीट को मिलाकर बनी मछली शहर सीट से 1996 में प्रत्याशी बनाया। वेदांती लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बने। इसके ▸▸ शेष पेज 6 पर

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






















## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान





पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है





- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567

4 देश-विदेश से आए युवाओं ने बेबाकी से दिया अपना ...



9 औद्योगिक परियोजनाएं सिर्फ निवेश ही नहीं...





### मिंटो हाल में केंद्रीय मंत्री, सीएम मेट्रो को दिखाएंगे हरी झंडी

## केंद्रीय मंत्री खट्टर, सीएम डॉ. यादव 20 को सुभाष नगर से एम्स तक मेट्रो में करेंगे सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मेट्रो स्टेशन पर तेजी से काम चल रहा है।

भोपाल मेट्रो के कामर्शियल रन की तैयारी अब लगभग पूरी हो चुकी है। 20 दिसंबर को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खटटर और सीएम डॉ यादव मेट्रो को हरी झंडी दिखाएंगे। मिंटो हाल में शाम करीब सवा चार बजे लोकार्पण कार्यक्रम होगा। मंत्रियों का काफिला शाम पांच बजे सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन पहुंचेगा। यहां से केंद्रीय मंत्री और सीएम के साथ कई मंत्री और पत्रकार एम्स मेट्रो स्टेशन तक सफर करेंगे। एम्स मेट्रो स्टेशन पर सीएम मीडिया से चर्चा करेंगे। मप्र मेट्रो के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि अभी फेयर को लेकर शैडयूल जारी नहीं किया। आगामी एक-दो दिन में फेयर व शेडयूल भी जारी कर दिया जाएगा।

लोकार्पण की तारीख तय होने के बाद अधिकांश मेट्रो स्टेशनों पर चल रहे बाहरी कामों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। केवी स्टेशन के नीचे रोड बनाने का काम पूरा हो चुका है जबकि सुभाष नगर में यह काम तेजी से चल रहा है। 18 दिसंबर तक यहां काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। क्योंकि इसी स्टेशन से केंद्रीय मंत्री, सीएम, प्रदेश सरकार के कई मंत्री और भाजपा के पदाधिकारी एम्स मेट्रो स्टेशन तक यात्रा करेंगे।

## कोहरे से 9 घंटे तक देरी से भोपाल आ रही ट्रेनें, यात्रियों को घंटों करना पड़ा इंतजार

### भोपाल एक्सप्रेस साढ़े चार तो शताब्दी एक्स. पौने चार घंटे की देरी से पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इन दिनों उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल रेल लाइन व स्टेशन क्षेत्र में काम चलने व दिल्ली और उत्तर भारत में बढ़ते कोहरे और शीतलहर के कारण रेल यात्रा प्रभावित हुआ है। लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से गंतव्य तक पहुंच रही हैं। सोमवार को भोपाल आने वाली दो दर्जन से अधिक ट्रेनें देरी से पहुंची। इसमें जहां लश्कर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 9 घंटे 10 मिनट की देरी से पहुंची। तो वहीं प्रीमियम ट्रेनों में शामिल शताब्दी एक्सप्रेस भी पिछले कुछ दिनों से लगातार देरी से आ रही है। सोमवार को यह ट्रेन करीब पौने चार घंटे की देरी से भोपाल पहुंची। तो वहीं भोपाल एक्सप्रेस भी करीब साढ़े चार घंटे की देरी से आई। इसके चलते यात्रियों को स्टेशन पर घंटो ट्रेन के इंतजार में परेशान होना पड़ रहा है। इसमें सबसे अधिक परेशानी महिला, बच्चों व बुजुर्गो को झेलनी पड़ रही है।

*शीतलहर के कारण रेल यात्रा प्रभावित*

*सभी गाड़ियों का समय प्रभावित*



भोपाल स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार।

### यह ट्रेनें पहुंची देरी से

- 12162 लश्कर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 9.10 घंटे लेट आई
- 11078 झेलम एक्सप्रेस 5:19 घंटे लेट आई
- 20424 पातालकोट 2.19 घंटे लेट आई
- 01026 बलिया - दादर सेंट्रल स्पेशल 3.30 घंटे लेट आई
- 12804 हजरत निजामुद्दीन - विशाखापट्टनम स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस 2:37 घंटे लेट आई
- 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 4:50 घंटे लेट आई
- 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 2:00 घंटे लेट आई
- 12618 हजरत निजामुद्दीन-एर्नाकुलम एक्सप्रेस 2:27 घंटे लेट आई
- 12722 दक्षिण एक्सप्रेस 4:45 घंटे लेट आई
- 18238 छतीसगढ़ एक्स. 1.20 घंटे लेट आई
- 12002 शताब्दी एक्सप्रेस 3.40 घंटे लेट आई
- 14116 प्रयागराज - डा. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 1:40 घंटे लेट आई
- 12186 रेवांचल एक्सप्रेस 2:00 घंटे लेट आई
- 12626 केरला एक्सप्रेस 8:09 घंटे लेट आई
- 12156 भोपाल एक्सप्रेस 4:21 घंटे लेट आई
- 12628 कर्नाटक एक्सप्रेस 3:06 घंटे लेट आई
- 11072 कामायनी एक्सप्रेस 2:22 घंटे लेट आई
- 12920 मालवा एक्सप्रेस 4:39 घंटे लेट आई
- 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस 1:26 घंटे लेट आई
- 11271 विंध्याचल एक्सप्रेस 1:20 घंटे लेट आई
- 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस 1:27 घंटे लेट आई
- 12618 मंगला एक्सप्रेस 2:25 घंटे लेट आई
- 12138 पंजाब मेल 2:45 घंटे लेट आई
- 19490 गोरखपुर - अहमदाबाद एक्सप्रेस 4:15 घंटे लेट आई

### कलेक्टर ने लगाई 500 से अधिक अफसरों की ड्यूटी

## फील्ड में अफसर उतरे तो मिले 600 गायब मतदाता, पांच हजार वोटर्स का मिला लिंक


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलेक्टर ने मध्य विस के न्यू सुभाष नगर में खटखटाया दरवाजा

आज भी डोर-टू-डोर वेरिफिकेशन करने निकलेंगे अफसर

जिले की सात विधानसभाओं में 4 लाख 45 हजार मतदाताओं के नाम डायरेक्ट काटने को लेकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने पांच सौ से अधिक अफसरों की ड्यूटी लगाकर तीस फीसद मतदाताओं का फिजिकल वेरिफिकेशन करने का फरमान जारी किया है, जिसके बाद सोमवार को चार सौ से अधिक अफसरों ने डोर-टू-डोर जाकर मृत, एबसेंट, शिफ्टेड और डबल एंट्री वाले मतदाताओं की जांच कर पंचनामा बनाया। कलेक्टर जब सुभाषनगर पहुंचे तो यहां एक मकान में लड़की से पूछा कि क्या यहां रामबाई रहती हैं? इस पर लड़की ने कहा कि वे और उनके पति उमाशंकर अशोका गार्डन में शिफ्ट हो गए हैं। इसके बाद कलेक्टर ने वोटर का मोबाइल नंबर और पते की जानकारी ली। इसी तरह रामकुमार की जानकारी लेने पर पता चला कि वह 12 साल पहले यहां रहते थे। इस तरह से गायब और शिफ्टेड मतदाताओं की लिस्ट वाले करीब छह सौ मतदाताओं की जानकारी मिली है, जबकि पांच हजार की मैपिंग भी की गई है। सोमवार को 525 अफसरों की टीमें डोर-टू-डोर सर्वे के लिए उतरीं। मंगलवार शाम तक करीब 2 लाख मतदाताओं की जांच पूरी की जानी है।

### जनशिक्षकों समेत कंप्यूटर ऑपरेटर्स भी उतरे



खाद्य आपूर्ति अधिकारी चंद्रभान सिंह जादौन 153 विधानसभा के पोलिंग बूथ 148 पर जांच करने पहुंचे। प्राचार्य डॉ अजय अग्रवाल भी इसी विधानसभा के 109 पोलिंग बूथ पर जाकर जांच की। उनकी तरह ही दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, स्कूलों के शिक्षक, नगर निगम के जोन प्रभारी, जन शिक्षक, श्रम निरीक्षक, विभिन्न विभागों के कम्प्यूटर ऑपरेटर्स की ड्यूटी वोटर वेरिफिकेशन के लिए लगाई गई।

### एक लाख 23 हजार मतदाताओं का नोटिस

जिले में साढ़े चार लाख मतदाताओं के नाम काटने के साथ एक लाख 23 हजार 861 मतदाताओं को नोटिस दिए जाएंगे। जिसके तहत इन मतदाताओं को दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे। ऐसे में इन मतदाताओं की लगातार जांच की जा रही है, जिससे इस केटगरी के आंकड़ा कम किया जा सके।

### आरिफ सउदी, विक्की दूसरी जगह हुए शिफ्ट

साढ़े चार लाख मतदाताओं के नाम काटने के पहले कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने एक-एक मतदाता के घर जाकर उसकी जानकारी जुटाने की हिदायत दी है। जिसके तहत उन्होंने खुद 92 में से 20 मतदाताओं के घर जाकर खुद वेरिफिकेशन किया। इस दौरान आरिफ खान के सऊदी अरब स्थानांतरित होने, रमेश कुमार के निधन और विनोद पाल के अन्य स्थान पर शिफ्ट होने की जानकारी मिली।

### एक लाख 40 हजार की जांच

जिले के 554 मतदान केंद्रों पर 2 लाख 7 हजार 378 मतदाताओं का फिजिकल वेरिफिकेशन किया जाना है। जिसके लिए 525 अधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंगलवार तक 2 लाख से अधिक वोटर की जांच की जाएगी।

### ऑनलाइन दिए जा रहे लाइसेंस, दुरुपयोग पर होगी कार्रवाई

## न्यू ईयर पर रात 12 बजे तक खुलेंगे बार होटल-रेस्टोरेंट पर पुलिस की रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में इस बार भी नए साल के जश्न में शराब की पार्टी करने के लिए लाइसेंस और लाउड स्पीकर के नियमों का पालन करना पड़ेगा, जिसके तहत रात 12 बजे तक ही बार खोले जा सकेंगे। होटल या रेस्टोरेंट में शराब नहीं परोसी जाएगी। इसके लिए आबकारी विभाग की टीमें नजर रखेंगी। आम लोग भी नंबर- 0755-2730395 कर शिकायत कर सकेंगे।

आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि नए साल पर अस्थाई लाइसेंस दे रहे हैं। यह लाइसेंस ऑनलाइन दिए जा रहे हैं। 31 दिसंबर की रात में होटल, बार और रेस्टोरेंट की जांच करने के लिए टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें पूरे शहर में घूमेंगी और नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई करेगी। बार रात 12 बजे तक खोले जा सकेंगे। वहीं, होटल-रेस्टोरेंट में शराब परोसने पर पाबंदी रहेगी।



प्रतीकात्मक चित्र।

### नहीं बजेगा डीजे, टीमें रखेंगी नजर

नए साल का जश्न मनाने तेज आवाज में लाउड स्पीकर बजाए जाने पर पाबंदी रहेगी। डीजे बजाने पर भी पूरी तरह से रोक रहेगी। इसके लिए भोपाल में साउंड लीमिट तय की गई है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के तहत पहले से ही आदेश जारी कर दिया था। एडीएम प्रकाश नायक ने बताया कि निर्धारित आवाज में साउंड सिस्टम बजाना अनिवार्य है। इसके लिए टीमें नजर रखेंगी।




हरिभूमि

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सद्दू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति ह्रदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण**- 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण**- 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**- 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## प्रदेश भर के नगरीय निकायों में प्रतिनियुक्ति पर आएंगे लगभग 20 अधिकारी

**भोपाल।** प्रदेशभर के नगरीय निकायों में जल्द ही 20 अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर आएंगे। संचालनालय नगरीय विकास एवं आवास ने इसकी तैयारी कर ली है। बढते तकनीकी कामों को देखते हुए प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों को नगरीय निकायों में पदस्थ किया जा रहा है। इनमें 5 अधीक्षण यंत्री, 5 कार्यपालन यंत्री, 10 सहायक यंत्री और 20 उप यंत्री सिविल और मैकेनिकल शामिल हैं।

### 13 को रहस्यमय तरीके से हुए लापता

## नवोदय विद्यालय से नवमीं कक्षा के दो छात्र हुए लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित नवोदय विद्यालय के हॉस्टल से नवीं कक्षा के दो छात्र रहस्यमय तरीके से लापता हो गए। नवोदय विद्यालय के शिक्षक की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी और अज्ञात आरोपी पर अपहरण का मामला दर्ज कर नाबालिगों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बैरसिया इलाके में रहने वाले सोलह और साढ़े साल के दो किशोर नवोदय विद्यालय में पढ़ते थे और वहीं हॉस्टल में रहते थे। गत 12 दिसंबर की रात विद्यालय के शिक्षक ने उन्हें सिगरेट पीते हुए देख लिया था। शिक्षक ने कहा था कि अभी सो जाओ सुबह परिजन को तुम्हारी हरकतों के बारे में बताते हैं। अगले ही दिन 13 दिसंबर की सुबह पता चला कि दोनों छात्र स्कूल से लापता हो गए। नवोदय विद्यालय प्रबंधन ने बैरसिया में रहने वाले परिजन से बात की। इस दौरान पता चला कि वह घर नहीं पहुंचे हैं।

### बड़े तालाब में मछली पालन को मंजूरी नहीं

### महापौर और निगम आयुक्त बैठक में हुई शामिल

## मेयर-इन-कौंसिल की बैठक में दो दर्जन से अधिक मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर परिषद की बैठक महापौर और निगमायुक्त की मौजूदगी में संपन्न हुई। इसमें कई मुददों पर चर्चा हुई। कुछ को छोड़कर अधिकांश को मंजूरी मिली। ननि के पार्किंग स्थल ठेके पर दिए जाने को मंजूरी दी गई तो वहीं बड़े तालाब में मछली पालन के मामले पर सदस्यों ने अपनी सहमति नहीं दी। बैठक में मानस भवन के पास बनीं 27 झुग्गियों को मालीखेड़ी में विस्थापित किए जाने को मंजूरी दी गई। यहां रह रहे परिवारों को ईडब्ल्यूएस स्लम श्रेणी के आवास आरक्षित किए जाएंगे। इस मामले को लेकर पिछली परिषद की बैठक में कांग्रेस पार्षद दल ने खासा हंगामा किया था। इसी तरह वर्ष 2025-26 सर्दी के मौसम में लगने वाली अस्थाई दुकानों व पार्किंग स्थलों को ठेके पर दिए जाने के मामले को मंजूरी दी गई। बैठक में महापौर मालती राय, निगम आयुक्त संस्कृति जैन, निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर के अलावा अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### इन मुद्दों पर हुई चर्चा, मिली मंजूरी

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत गंगानगर नॉन स्लम ईडब्ल्यूएस परियोजना में आवासों के रजिस्ट्रेशन के बाद 46 हितग्राहियों की स्वीकृति। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत भौंरी नॉन स्लम ईडब्ल्यूएस परियोजना में आवासों के रजिस्ट्रेशन के बाद 19 हितग्राहियों की स्वीकृति। अमृत 2.0 परियोजना के अंतर्गत अंशदान की राशि ग्रीन म्युनिसिपल बांड के माध्यम से जुटाने के लिए प्रस्ताव। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत वाजपेयी नगर टीन शेड में निवासरत 157 परिवारों के सर्वे सत्यापन हितग्राही चयन को मंजूरी। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के क्रियान्वयन के लिए दीपड़ी, राजेंद्र नगर, कलखेड़ा फेस-2 के संबंध में मंजूरी दी गई।

### इन मामलों को नहीं मिली मंजूरी

बड़े तालाब को मत्स्याखेट के लिए पट्टे पर दिए जाने को मंजूरी नहीं मिली, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्लाट नंबर-47 और 49 आवासीय सह व्यवसायिक प्रोजेक्ट के हाईराइज भवन के लिए प्राप्त निविदा को लेकर चर्चा की गई। राजेंद्र नगर आवासीय परियोजना के लिए स्वीकृति संबंधित प्रस्ताव पर भी सहमति नहीं मिली।

### बसों के संचालन को लेकर पेमेंट सिक्योरिटी मैकेनिज्म पर चर्चा

पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत 195 इलेक्ट्रिक बसों के जीसीसी आधार पर संचालन और प्रति किमी-बस के मान से प्रदाय की जाने वाली राशि के लिए पेमेंट सिक्योरिटी मैकेनिज्म पर भी चर्चा की गई।

### आवास योजना के तहत मिलेंगे आवास

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के अंतर्गत आने वाली चिन्हित झुग्गी बस्ती (सेवनिया गोंड, बरखेड़ी खुर्द एवं सिंहपुर) के 59 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास प्रदान किए जाने को महापौर परिषद ने मंजूरी दी।

दिगंबर जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन का तीसरा और अंतिम दिन

# देश-विदेश से आए युवाओं ने बेबाकी से दिया अपना जीवन परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिगंबर जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन के तीसरे और अंतिम दिन सम्मेलन में देश-विदेश से आए प्रत्याशियों ने बेबाकी के साथ अपना-अपना परिचय दिया। बहुत से युवक-युवती ने बिना किसी संकोच से मंच से अपना परिचय दिया और आत्मविश्वास से भरे नजर आए और प्रकाशित स्मारिका के माध्यम से अभिभावकों ने जानकारी ली। सम्मेलन के दौरान युवक-युवती एवं परिवारजनों का मिलन का सिलसिला जारी रहा। इस सम्मेलन के अंतिम दिन भीड़ देखने का मिली। समिति के मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता सुनील जैनविन ने बताया कि आज लगभग 300 से अधिक प्रत्याशियों ने आज अपना परिचय दिया।

- अखिल भारतीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन के अंतिम दिन 300 प्रत्याशियों ने दिया परिचय

सम्मेलन के महामंत्री इंजीनियर विनोद जैन ने बताया कि इस परिचय सम्मेलन में जैन समाज के उच्च शिक्षित, सामान्य शिक्षित, प्रोफेशनल, व्यवसायी, सरकारी सेवारत युवक - युवती एवं उनके अभिभावकगण परस्पर परिचय एवं संवाद द्वारा योग्य जीवन साथी की तलाश मिलन स्मारिका से करेंगे। समिति के मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता सुनील जैनविन ने बताया कि सम्मेलन में देश के अलग-अलग स्थानों से तो परिवार पहुंचे ही थे, विदेश से भी संस्कार लोगों को यहां खींच लाए। बताया कि पिछले 25 वर्ष से इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यही है कि जैन समाज के अपने ही समाज में रिश्ते हो जाएं।


परिचय देती युवती।

## किसी को संस्कारवान बहु की तलाश तो किसी को बेटे व बेटी के लिए रिश्ते की आस

इंदौर से आई अलका जैन अपनी बेटी व बेटे के लिए रिश्ता देख रहीं थी। बातचीत में उन्होंने कहा कि उनके परिवार की इच्छा है कि घर से उनकी बेटी जाए तो दूसरी बेटी घर में आ जाए। दिल्ली से अपने परिवार को लेकर पहुंचे संदीप जैन सम्मेलन को लेकर बेहद उत्साहित दिखे। उन्होंने बताया कि उनका बेटा आस्ट्रेलिया में है जो खास इस परिचय सम्मेलन के लिए भारत आया है।

वह संस्कारवान बहू ढूंढ रहे हैं जो जैन समाज में और केवल भारत में ही मिल सकती है। रूड़की हरिद्वार की पंखुड़ी जैन अपने लिए देवरानी ढूंढने आईं थीं। उन्होंने कहा कि परिचय सम्मेलन में बहुत अच्छे अच्छे रिश्ते आए हैं। उनको व उनके परिवार को ऐसी बहू की जरूरत है जो पूरे घर को अच्छे से संभाल ले। संस्कारी हो और पूरे परिवार को जोड़कर रखे। सम्मेलन में अध्यक्ष मनोहरलाल टोंग्या, महामंत्री इंजीनियर विनोद जैन, पीसी सेठी, अशोक जैन, नरेन्द्र टोंग्या, प्रमोद हिमांशु, रवीन्द्र जैन, विजय जैन, राकेश जैन विजय बोहरा, अनिल जैन, अतुल जैन, शिखरचंद्र जैन, आलोक जैन, शैलेन्द्र माया, डॉ.पीके जैन, प्रशांत जैन, संजय जैन पंकज इंजीनियर, विजय मोदी, चंद्रकुमार जैन, राजीव जैन, राजीव जैन, वीरेन्द्र जैन, दिनेश राजवंश, सुनील पटेल, सुबोध जैन पधाधिकारीगण एवं समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।


जैन समाज का परिचय सम्मेलन।

## खबर संक्षेप

### डेढ करोड़ से होंगे वार्ड-47 में सड़कों, अस्पताल सहित अन्य विकास कार्य

**भोपाल।** नगर निगम के वार्ड-47 में आने वाले पंचशील नगर में 1 करोड़ 41 लाख रुपए की लागत से सड़कें, अस्पताल और सामुदायिक भवन का निर्माण होगा। इस काम के लिए निर्माण कार्यों का भूमिपूजन सोमवार को महापौर मालती राय व विधायक भगवानदास सबनानी ने किया। इस अवसर पर पार्षद गिरजा खटीक के अलावा पूर्व पार्षद राजेश खटीक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

### आरआईई का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम होगा आज

**भोपाल।** राजधानी स्थित पीएम श्री डेमॉन्स्ट्रेशन मल्टीपरपज़ स्कूल, (आरआईई) के 58 वें वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 16 दिसंबर को किया जाएगा। निनाद सभागार, रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ एजुकेशन परिसर, श्यामला हिल्स में आयोजित कार्यक्रम में सेकेंडरी सेक्शन का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधान सभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर शामिल होंगे। वहीं 17 दिसंबर को प्राइमरी सेक्शनका वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मंत्री विश्वास कैलाश सारंग शामिल होंगे।

- विधान सभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

पौष माह के कृष्ण पक्ष की सफला एकदशी पर मंदिरों एवं घरों में की गई भगवान की आराधना

# सफला एकादशी पर दीप जलाकर की गई भगवान विष्णु और बांके बिहारी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पौष माह के कृष्ण पक्ष की सफला एकादशी सोमवार को राजधानी के बिड़ला मंदिर,श्रीजी मंदिर व बांके बिहारी लाल मार्कण्डेय मंदिर में विशेष-पूजा-पाठ की गई। भक्तों ने सौभाग्य व घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। बांके बिहारी लाल मार्कण्डेय मंदिर में महिलाओं ने दीप जलाकर भगवान बांके बिहारी और विष्णु जी की पूजा-पाठ की। मां चामुंडा दरबार के पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि पौष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को सफला एकादशी कहा जाता है। मान्यता है कि इस एकादशी का व्रत करने से सर्वत्र सफलता प्राप्त होती है। हिंदू धर्म में एकादशी की तिथि भगवान श्रीहरि को समर्पित की गई है। यही कारण है कि इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। इस दिन किए गए उपायों से व्यक्ति का सौभाग्य जागता है और उसके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं।


इतवारा स्थित राधा वल्लभ मंदिर का दृश्य।

### एकादशी पर हुआ विशेष श्रृंगार, ठाकुर जी ने किया मुकुट धारण

पुत्रदा एकादशी के अवसर पर इतवारा स्थित श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में ठाकुर श्री राधावल्लभ लाल का विशेष श्रृंगार एवं मुकुट धारण संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर भक्तों ने ठाकुर जी के दिव्य दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। शीत ऋतु में ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार किया जाता है, जिसके अंतर्गत फूलों की माला की जगह उन्हें कपड़े से बनी माला धारण कराई जाती है। साथ ही, ठाकुर जी के हाथों एवं पैरों में मोजे पहनाए जाते हैं, जिससे उन्हें शीत ऋतु में गरमाहट का अनुभव हो। पुत्रदा एकादशी के दिन ठाकुर जी ने विशेष मुकुट धारण कर भक्तों को मनोहारी दर्शन दिए। राधावल्लभ परंपरा के अनुसार मंदिर में दिन की शुरूआत प्रातः मंगला आरती से हुई। इसके पश्चात धूप, श्रृंगार एवं राजभोग आरती संपन्न हुई। सायंकाल पट खुलने के बाद धूप, संध्या एवं शयन आरती के उपरांत ठाकुर जी का शयन कराया गया।

### बाबा खाटू श्याम का किया विशेष श्रृंगार

मां वैष्णो धाम आदर्श नोदुर्गा मंदिर प्लेटिनम प्लाजा पर एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद भगवान खाटू श्याम को छप्पन भोग अर्पित किए गया। इसके बाद भजन संध्या की गई । बाबा की ज्योत प्रज्वलित की गई।


खाटू श्याम मंदिर

### खरमास आज से शुरू, नहीं होंगे मांगलिक कार्यक्रम

**भोपाल।** आज से 14 जनवरी तक खरमास लग जाएगा, जिसके बाद मुहूर्त सीधे 4 फरवरी से शुरू होंगे, जो जुलाई तक चलेंगे, जिसमें मांगलिक कार्य नहीं होंगे। मां चामुंडा दरबार के पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 15 दिसबर से सूर्यदेव धनु राशि में संक्रमण कर लिया है। इसके चलते 16 दिसंबर से खरमास लग जाएगा। खरमास की वजह से 16 दिसंबर से विवाह, मुंडन व उपनयन संस्कार पर एक माह के लिए विराम लग जाएगा। 16 दिसंबर से 14 जनवरी तक विवाह नहीं होंगे। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 15 दिसंबर से 2 फरवरी तक शुक्र का तारा अस्त होने से मुहूर्त नहीं है। 15 दिसंबर से 14 जनवरी तक धनुर्मास रहेगा। 14 मार्च से 14 अप्रैल तक मीन मलमास होने से शादियां नहीं होंगी। 17 मई से 15 जून तक ज्येष्ठ अधिकमास होने से मुहूर्त नहीं हैं। 16 जुलाई से 8 अगस्त तक गुरु का तारा अस्त रहेगा। 25 जुलाई से 20 नवंबर तक देवशयन काल रहेगा। जुलाई में विवाह के दो, फरवरी एवं जून माह में जहां 6 दिन, मार्च, मई, नवंबर और दिसंबर में चार, अप्रैल में तीन दिन ही शादियां होंगी।

सीएम करेंगे शहीदों के परिवार का सम्मान

# एक दिन शहीदों के नाम के तहत लगेगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर, मध्य प्रदेश इकाई द्वारा 16 दिसंबर सुबह 11 बजे रवीन्द्र भवन में देश के शहीदों को याद करते हुए उनके परिवार का सम्मान समारोह रखा गया है। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। अध्यक्षता अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक यादव करेंगे।

अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर प्रदेश अध्यक्ष कमलेश यादव ने बताया कि आज हम सुकून से घरों में सुरक्षित है क्योंकि सीमा पर पहरा देने वाले जवान अपनी जान पर खेल कर हमारी रक्षा करता है। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष शिशुपाल यादव ने कहा कि इस आयोजन में मध्यप्रदेश के सभी जिलों से युवा बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति देने वाले हैं, कार्यक्रम शुरू होने के पहले युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। कार्य समितियों का गठन किया गया है। इसके साथ ही समिति के पदाधिकारियों ने मंत्री कृष्णा गौर से भेंट की। मंत्री कृष्णा गौर ने कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर समिति के सदस्यों से चर्चा भी की। इस अवसर पर रामगोपाल यादव, रामराज यादव, हरीश यादव, शिवनारायण यादव, शैलेन्द्र यादव, घनश्याम यादव, शैलेश वासुदेव यादव सहित समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे।


मंत्री गौर से मुलाकात का दृश्य।

रहवासी बोले- बगैर प्लानिंग के हो रहा कार्य

# चित्रगुप्त नगर में जीरा गिट्टी, मुरम के बिना बिछ रही सीवेज लाइन

जिम्मेदार बोले- ड्राइंग और डिजाइन के अनुसार हो रहा काम, आरोप निराधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के जोन-8 और वार्ड-27 में आने वाले चित्रगुप्त नगर में अमृत 2.0 योजना के तहत नई सीवेज लाइन बिछाई जा रही है। रहवासियों का आरोप है कि उक्त लाइन को बिछाने के दौरान जीरा गिट्टी और मुरम डाले बिना ही लाइनें आनन-फानन में बिछाई जा रही हैं। ऐसे में पाइप में आए दिन टूट-फूट होने की आशंका रहेगी। इस काम को भविष्य में दिक्कतें न आएं इसका ध्यान नहीं रखा जा रहा है जबकि जिम्मेदारों का कहना है कि ड्राइंग और डिजाइन के अनुसार सीवेज लाइन बिछाई जा रही है। गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

रहवासी प्रदीप खंडेलवाल ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने के पहले जीरा गिट्टी और मुरम की परत बिछाई जाना चाहिए। चित्रगुप्त नगर में ऐसा नहीं हो रहा है। भविष्य में सीवेज के दबाव का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। इसकी शिकायत भी नगर निगम प्रशासन को करेंगे।

इधर जोन-8 के सहायक यंत्री गौरव परमार का कहना है कि ड्राइंग और डिजाइन के अनुसार की सीवेज लाइन बिछाई जा रही है। इस काम में किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं हो रही है। गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। कॉलोनी में सीवेज लाइन 25 साल से ज्यादा पुरानी थी। नई लाइन के बिछने से एक बडी समस्या लोगों की दूर होगी।

अतिक्रमण अमले ने प्रदान किया सहयोग

# बिना भवन अनुज्ञा शाखा की अनुमति के बने दो कमरे ढहाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के करोंद स्थित पंचवटी कॉलोनी में सोमवार भवन अनुज्ञा शाखा की बिना अनुमति ने बने दो कमरों को तोड़ने की कार्रवाई की गई। जेसीबी से निर्माण को अतिक्रमण अमले ने ढहा दिया। भवन अनुज्ञा शाखा को यहां अवैध रूप से बने निर्माण की शिकायत मिली थी। इसकी पहले जांच की गई। इस दौरान निर्माण कार्य अवैध पाया गया। इस पर कार्रवाई की गई। कोलार नहर के पास प्रियंका नगर में अवैध रूप से बने पांच छप्पर भी हटाए गए। निगम के अतिक्रमण दस्ते के सोमवार को सीएम हेल्पलाइन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से मिली शिकायतों पर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई की।



### भारतीय मजदूर संघ की कार्यशाला आयोजित

**भोपाल।** भारतीय मजदूर संघ मप्र द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या, अखिल भारतीय उपाध्यक्ष केपी सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री मप्र-छग सुनील किरवई, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यप्रांत के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया, क्षेत्र संगठन मंत्री स्वदेशी जागरण मंच के केशव दुबोलिया सहित अन्य उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मध्यप्रदेश के 55 जिलो से संयोजकों सहित 86 कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।

एनईपी-2020 के अनुसार तैयार किए जाएंगे प्रश्न-पत्र

# बरकतउल्ला विविः बीओएस की बैठक में कई निर्णय, अब परीक्षा का पैटर्न बदलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विवि में नवगठित बोर्ड ऑफ स्टडीज की पहली बैठक हुई। इस बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई, जिनमें से कई निर्णय लिए गए हैं। बैठक में सबसे अहम फैसला अब परीक्षा के पैटर्न में बदलाव को लेकर लिया गया है। एनईपी 2020 के अनुसार अब जिन विषयों में बदलाव किया गया है। संबंधित पाठ्यक्रमों के उन विषयों की परीक्षाएं भी अब नए कोर्स के आधार पर तैयार किए गए प्रश्न पत्रों से ही आयोजित की जाएंगी। बैठक में बीयू के कुलगुरू प्रो एसके जैन, विवि के विभिन्न विभागों के डीन, आईटी सेल, वित्त नियंत्रक और बीओएस चेयरपर्सन डॉ अपर्णा अनिल, सरोजनी नायडू शासकीय कन्या महाविद्यालय भोपाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं।


फाइल फोटो।

### अब थ्योरी और प्रेक्टीकल में दोनों में पास होना होगा

बैठक में लिए गए अहम निर्णय के तहत अब नए पैटर्न के अनुसार अब 69 अंकों की थ्योरी का पेपर होगा, जबकि 40 अंकों का प्रैक्टीकल एग्जाम होगा। इन दोनों में अलग अलग पास होना होगा। पहले थ्योरी का पेपर 40 और प्रैक्टीकल 30 अंकों का होता था, जिसमें अब बदलाव करते हुए 60 अंकों की थ्योरी परीक्षा और 40 अंकों का प्रैक्टीकल होगा।

अब नहीं लगेगा इलाके में जाम

# 4 दुकानदारों ने सहमति से मस्जिद से दुकानें हटाईं, बनेगी पार्किंग


मौके का दृश्य।

संकरा रास्ता होने के कारण लग रहा था जाम, पार्किंग को लेकर हो रही थी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के जिंसी इलाके में एक मस्जिद में चार दुकानें दुकानदारों ने मस्जिद कमेटी के बीच आपसी सहमति से सोमवार को कमेटी को वापस कर दीं। दरअसल, जिंसी मस्जिद घनी आबादी वाले और संकरे रोड पर है। यहां दुकानों के कारण यातायात बाधित हो रहा था। मस्जिद के दायरे में चार दुकानें लंबे समय से संचालित हो रही थीं, लेकिन वर्तमान में यहां पार्किंग की जरूरत पड़ रही थी, लेकिन जगह नहीं होने के कारण दिक्कत हो रही थी। मस्जिद कमेटी, क्षेत्रीय पार्षद और आम लोगों की सहमति से दुकानों को हटाने पर विचार किया गया। चारों दुकानदारों ने इस बात पर अपनी सहमति दी। मस्जिद कमेटी ने तत्काल दुकानों को तुडवाने की कार्रवाई की ताकि यहां पार्किंग बनाई जा सके। क्षेत्रीय पार्षद अजीजउद्दीन ने बताया कि मस्जिद से दुकानें हटाने का काम सभी की सहमति से हुआ है। यह अच्छी पहल है। यह भी सहमति बनी है कि अगर भविष्य में कभी दुकानों का निर्माण होता है तो जो दुकानदार यहां से स्वेच्छा से हटे हैं उन्हें दुकानें दी जाएंगी। दुकानों के हटने से यातायात भी व्यवस्थित होगा।

मेले में बढ़ती कारोबारी गतिविधियों से व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे

# खरीदारों से भोपाल उत्सव मेला गुलजार, उमड़ रही भीड़

गर्म कपड़ों, रोजमर्रा के सामानों की खरीदी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर दशहरा मैदान में लगा भोपाल उत्सव मेला में आज कारोबार से गुलजार होने लगा है। मेला मैदान में लोगों की खूब भीड़ उमड़ी। दिन भर लोगों ने मेले में पहुंचकर गर्म कपड़ों और अन्य सामान की खरीदारी की। मेले में बढ़ती कारोबार गतिविधियों से व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे हैं। मेले में आए लोगों ने गर्म कपड़े, घरों में इस्तेमाल होने वाली आवश्यक सामग्रीं की जमकर खरीदारी की। मेला मैदान में लोगों का तांता लगा रहा। छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग खासी संख्या में मेला मैदान पहुंचे। छोटे बच्चों ने झूले सहित अन्य मनोरंजन साधनों का जमकर लुत्फ उठाया। शुरूआती दौर में जहां मेले के दौरान कारोबार मंदा रहा और व्यापारियों में भी निराशा छाई रही, लेकिन अब कारोबार में भी उछाल आने लगा है। दूर-दूर से लोग मेले में खरीदारी करने पहुंचे।

मेला समिति महामंत्री सुनील जैनाविन और कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि आज दोपहर से ही लोग जुटने शुरू हुए और दिनभर मेला मैदान में काफी ज्यादा भीड़ उमड़ी। मेला मैदान में लगे झूले बच्चों और युवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। विभिन्न स्टॉलों पर भी लोगों का भारी जमावड़ा देखा गया। देर शाम लोगों ने मेला मैदान पर सजी दुकानों से जमकर खरीदी की।


मेले में खरीदारी करती युवतियां।



भोपाल उत्सव मेले का दृश्य।

### ठंडी हवाओं के बीच झूले खींच रहे लोगों को

मेला अब पूरे रंग में है। ठंडी हवाओं के बीच झूले-चकरी, जगमगाती लाइटें और फूड स्टॉल्स लोगों को अपनी ओर खींच रहे हैं। कड़ाही से उतरते गरमागरम गराड़ू, जलेबी और तवे पर सिंकती कुरकुरी टिकिया का स्वाद मेले का असली आकर्षण बना हुआ है। रात में जगमगाती रोशनी के बीच, मेले में उमड़ रही भीड़ ने माहौल को और खास बना दिया है। मेले मे लगी गराड़ू दुकानों पर ग्राहको की आवाजाही भी बनी हुई है।मेले में इन दिनों एक दुकान पर खासी भीड़ देखी जा रही है।मेले में कई दुकानें लगी इस दुकान पर वैसे तो खाने-पीने के काफी सामग्री हैं, लेकिन यहां सर्वाधिक रूप से लोग गराड़ू की मांग कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य शिविर में 300 मरीजों ने कराई जांच

**मंडीदीप।** वार्ड 5 में पहली बार अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसमें 300 लोगों ने जांच कराई। अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री सलमान अली ने बताया कि शिविर में 30 अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने त्वचा रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, कान रोग, हड्डी रोग विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। एस दौरान एमएस ग्रुप परिवार, पूर्व पार्षद अख्तर अली, इकबाल अली, मंडल अध्यक्ष नफीस अली, जिला हॉकी संघ उपाध्यक्ष रिजवान अली, ओमप्रकाश चौकसे, राजेश मालवीय और प्रमोद लोधी आदि का सहयोग रहा।

### हरगोविंद और कोठारी का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** विधायक कार्यालय में सरपंच संघ अध्यक्ष, मंडल उपाध्यक्ष हरगोविंद एवं मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी का संयुक्त रूप से जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पंकज कोठारी ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर, बरखेड़ा, मुख्य चौराहे सहित अन्य जगहों पर मीडिया प्रभारी एवं व्यापार महासंघ के सामान्य सदस्य पंकज कोठारी के जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान केक काटा और बच्चों ने कोठारी को जन्मदिन की बधाई दी। नारी शक्ति की अध्यक्ष आरती यादव, माखन सेन, वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, अरुण भावसार, पदम चौहान, पुरुषोत्तम शर्मा आदि ने बधाई दी।

### जितेश के नेत्रों से दो लोग देखेंगे दुनिया



**संतनगर।** विजय नगर, लालघाटी निवासी जितेश चंचलानी का देहावसान रविवार को हो गया। दिवंगत के छोटे भाई हेमन्त चंचलानी ने अपने बड़े भाई जितेश चंचलानी की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं। अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे।

### रामप्यारी बाई का निधन, दी श्रद्धांजलि



**औबेदुल्लागंज।** स्व. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामकिशन अग्रवाल कि पत्नी रामप्यारी बाई 97 वर्ष की उम्र में सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार औबेदुल्लागंज श्मशान घाट पर किया गया। माताजी प्रोविजन स्टोर समिति के अध्यक्ष मनोहर अग्रवाल की माता एवं व्यापार महासंघ के वरिष्ठ दिलीप मित्तल कि सास थी उनके निधन पर व्यापार महासंघ के संरक्षक अशोक मित्तल, विद्या अग्रवाल, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, राजकुमारी मित्तल, अनीता अग्रवाल, अनुराधा विजयवर्गीय, मानसी मित्तल, विजय जैन आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2705 | | |
| दिन: | 349 | 64 | 248 |
| रात: | 240 | 61 | 344 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 149 | 40 | 460 |
| रात: | 334 | 03 | 689 |

पांच आरोपी गिरफ्तार, दो कार, चार बेस बैंड, चोरी में उपयोग किए गए कटर समेत 50 लाख रुपए की सामग्री जब्त

# मोबाइल टॉवर से 5-जी राउटर चुराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ 4 लाख के उपकरण महज 10-10 हजार में बेच देते थे बदमाश

भोपाल से चोरी के बाद दिल्ली में ले जाकर औने-पौने दाम पर सामान बेच रहा था गिरोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद पुलिस ने मोबाइल टॉवर से 5-जी राउटर (बेस बैंड युनिट) चुराने वाले गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह से 4 बेस बैंड यूनिट (बीबीयू) मिलें। गिरोह ने अब तक सात वारदातें कबूली हैं। पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ कि एक बेस बैंड की कीमत करीब साढ़े तीन से चार लाख रुपए के बीच होती है, लेकिन गिरोह दिल्ली में कबाड़ा कारोबारियों को लाखों रुपए के बेस बैंड महज 10-10 हजार रुपए में बेच देते थे। चोरी का यही माल बीबीयू सप्लायर कबाड़ी से खरीदकर दोबारा दूरसंचार कंपनियों को खपा देता है। पुलिस गिरोह के सदस्यों से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है।



चोरी के सामान के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस के अनुसार कटारा हिल्स कस्तूरी निवासी प्रेमचन्द्र पटेल मैगनम कंपनी में टेक्नीशियन है। उनकी कंपनी मोबाइल टॉवर की तकनीकी कार्य करती है। उन्होंने पुलिस को बताया था कि 14 जून को समरधा मरघट के पास मोबाइल टॉवर से अलार्म संकेत आने पर वे टॉवर पर पहुंचे। इस दौरान देखा कि टॉवर में लगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बेस बैंड (5216 मॉडल) टॉवर के कैबिनेट से चोरी हो चुका है। पुलिस ने प्रेमचंद की पटेल की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

### टॉवर लोकेशन से पकड़ाए आरोपी

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज, टॉवर लोकशन, सीडीआर संकलन किया। इस दौरान दूर संचार कंपनी ने घटना के समय एक्टिव मोबाइल धारकों का डाटा पुलिस को उपलब्ध कराया था। इसी के जरिए पुलिस ने गिरोह को ट्रेस किया। पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से पुलिस ने दो कार, चार बेस बैंड, चोरी में उपयोग किए गए कटर समेत अन्य सामग्री जब्त की है। पुलिस ने दावा किया कि बरामद किए गए माल की कीमत करीब 50 लाख रुपए है।

### गिरोह में है यह सभी आरोपी


पुलिस ने उक्त मामले में शैलू त्यागी पिता भगवान त्यागी (35) मंगरोल, दतिया, वर्तमान पता-त्रिलंगा कालोनी शाहपुरा। विनीत त्यागी पिता रमेशचन्द्र त्यागी (28) दतिया, हालपता-त्रिलंगा कॉलोनी शाहपुरा। रामकुमार शर्मा पिता रामदत्त शर्मा, (32) दतिया, वर्तमान पता- त्रिलंगा कालोनी शाहपुरा, प्रदीप यादव पिता वासुदेव यादव (32) दतिया और आकाश अहिरवार पिता श्रीप्रकाश अहिरवार, (27) होमगार्ड कॉलानी दिनारा रोड दतिया को गिरफ्तार किया है।

## कोलार थाना क्षेत्र स्थित ललिता नगर में हुआ हादसा

# कॉलोनी से आ रही कार ने मुख्य सड़क पर कार को मारी टक्कर, डिवाइडर पर चढ़ी

वीआईपी रोड पर एकाएक ब्रेक लगाने से आधा दर्जन गाड़ी आपस में टकराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल






कोलार थाना क्षेत्र स्थित ललिता नगर में मुख्य सड़क पर हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हालत में दोनों कारें।

कोलार थाना क्षेत्र स्थित ललिता नगर में मुख्य सड़क पर चल रही कार को कॉलोनी से आ रही कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के बोनट के परखच्चे उड़ गए। कार को टक्कर मारने वाली कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई थी। इधर, वीआईपी रोड पर एकाएक ब्रेक लगाने के कारण पीछे से आ रही कार भी एक दूसरे से टकराई है।

पुलिस के अनुसार विजय गुर्जर (25) ग्राम भूरा खेड़ी ,पोस्ट गुलाउता थाना सारंगपुर, जिला राजगढ़ के रहने वाले हैं। वे सारंगपुर में सावरिया आटोडील का संचालन करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया उनके पड़ोस में राधेश्याम सोनी रहते हैं। राधेश्याम सोनी की बेटी की कोलार में पुलिस आरक्षक की परीक्षा थी। रविवार को वह सोनी के परिवार के साथ बेटी को परीक्षा दिलाने वह भोपाल आए थे। ललिता नगर में सुबह गोकुल स्वीट के सामने पहुंचते ही कॉलोनी की तरफ से आ रही कार के चालक ने मुख्य सड़क पर आ रही उनकी कार को देखे बिना रोड पर कार पास कर दी। जिससे उनकी कार में आगे के हिस्से में टक्कर लग गई और अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। कार में जोरदार टक्कर लगने से मेरी कार में वैठे राधेश्याम सोनी के हाथ, पैरों में और राधेश्याम सोनी की पत्नी बाएं घुटने में चोट आई है। हादसे में अनुश्री सोनी को कमर और अश्विन सोनी को जबड़े में चोट आई है। हादसे के बाद सभी को आटो से अस्पताल इलाज के लिए भेज गया था। विजय को सीने में स्टेयरिंग लगी है।

### वीआईपी रोड पर एक साथ आधा दर्जन कारें आपस में टकराई




इधर वीआईपी रोड पर सोमवार को एक कार चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। ब्रेक लगाने से पीछे चल रही कारें आपस में टकरा गई। हादसे में करीब आधा दर्जन कारों के अगला और पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद विवाद की स्थिति बन गई थी, हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाइश दी, इसके बाद मामला शांत हो सका। पुलिस ने उक्त मामले में कोई भी एफआईआर दर्ज नहीं की है।

## पुलिस को मृतक के पास से नहीं मिला सुसाइड नोट, मर्ग कायम

# भाई को कॉल कर बाइक ले जाने को कहा और स्टेडियम में लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव बर्रई छीर खेड़ा में रविवार रात एक युवक ने स्टेडियम की रेलिंग में फांसी लगा ली। फांसी लगाने से पहले उसने अपने भाई को कॉल कर कहा था कि बर्रई स्टेडियम से बाइक ले जाने को कहा था। बाइक लेने पहुंचे भाई महेंद्र ने स्टेडियम की रेलिंग पर लक्ष्मण को फांसी के फंदे पर लटका देखा। वह अपने साथी के साथ लक्ष्मण को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार लक्ष्मण उर्फ राज कुशवाह पिता घनश्याम कुशवाह (24) गांव छपरिया, तहसील बैरसिया में रहता था और फुलकी का ठेला लगाता था। उसके छोटे बड़े भाई महेंद्र ने बताया कि शाम को भाई बैरसिया मार्केट आलू और प्याज खरीदने गया था। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### पत्नी के मायके जाने से दुखी पति ने लगाई फांसी

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित महुआखेड़ा में खेत पर काम करने वाले हाली (मजदूर) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दरअसल, पत्नी से उसकी कहासुनी हुई थी और सोमवार सुबह पत्नी दोनों बच्चों को लेकर मायके चली गई। अनुमान है कि पत्नी के मायके जाने से दुखी होकर उसने यह कदम उठाया है। हालांकि उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार गब्बर सिंह पिता करण सिंह (25) गांव खाकाडोल, रातीबड़ का रहने वाला था। करीब चार महीने से रामनारायण कुशवाह के महुआखेड़ा स्थित खेत पर रह रहा था और खेत में ही हाली का काम करता था। उसके साथ उसकी पत्नी और दो मासूम बच्चे रहते थे। खेत मालिक ने गब्बर को पुराना मकान रहने के लिए दिया था। पत्नी से अनबन होने के कारण सोमवार सुबह ही पत्नी दोनों बच्चों को लेकर मायके चली गई। गब्बर घर पर अकेला था।

## 11वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित गांव पिपलिया बाज खां में 11वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार परी पिता संजय धाकड़ (17) मूलतः शमशाबाद जिला विदिशा की रहने वाली थी। करीब पंद्रह साल से उसका परिवार पिपलिया बाज खां में रह रहा है। पिता संजय धाकड़ किसान हैं और शमशाबाद में उनकी खेती है, लेकिन वह ट्रांस्पोर्ट की गाड़ी चलाते हैं और यहीं परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि रविवार शाम वह पत्नी और छोटे बेटे के साथ मार्केट गए थे। घर पर परि अकेली थी। वे शाम करीब साढ़े छह बजे घर लौटे तो चेनल गेट लॉक था और अंदर चाबी रखी थी। उन्होंने बेटे को अंदर भेजा और चाबी निकलवाई। चेनल गेट खोलकर अंदर पहुंचे। इस दौरान परी फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। वे उसे फंदे से उतारकर तत्काल भानपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर परी को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि अभी परिजन के विस्तृत बयान नहीं हो सके हैं।

## वार्ड 14 में 18 से 24 जनवरी तक आयोजित होगा यज्ञ

# सतलापुर में 11वें श्री महारुद्र महायज्ञ के लिए निकली भव्य ध्वजारोहण यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

वार्ड 14 स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर सतलापुर में 18 से 24 जनवरी तक आयोजित होने वाले श्री महारुद्र महायज्ञ एवं श्री राम कथा की तैयारियां पूरे जोरों पर हैं। सोमवार को यज्ञ के लिए भव्य ध्वजारोहण यात्रा निकाली, जो मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंची और वहां वापस पिपलेश्वर महादेव मंदिर पर संपन्न हुई। यात्रा में शामिल इंद्रध्वज को यज्ञस्थल पर विधि-विधान से पूजा कर रोपित किया गया।



गौरतलब है कि यह महारुद्र महायज्ञ निरंतर 11वें वर्ष आयोजित हो रहा है। यह आयोजन श्री श्री 1008 श्री लाल बाबा जी के सानिध्य में होता है, जिसमें प्रतिदिन शाम को नगर भंडारे का भी आयोजन किया जाता है। पूरा कार्यक्रम आदर्श पिपलेश्वर सेवा समिति तथा समस्त नगरवासियों के सहयोग से संपन्न होता है। यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष उषा विपिन भार्गव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष महेंद्र मैथिल, वार्ड नंबर 14 की पार्षद रीना शेरसिंह चौहान, वार्ड 17 के पार्षद प्रतिनिधि राकेश लोवंशी सहित अरविंद चौहान, रंजीत सिंह राजपूत, , मनोज गोस्वामी, शुभम खटीक, हरगोविंद मालवीय, मयंक शर्मा, लक्ष्मण राय, संदीप साहू, गब्बर गुर्जर, रामगोपाल राय, गोकुल सूर्यवंशी, अंकित चौरे, अंशुल साहू, भूपेंद्र रघुवंशी, जसवंत दामने, अनिल साहू आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### जांच शिविर में 13 मरीज़ों का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया

**संतनगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा श्यामपुर के पास बराड़ी कलां में निःशुल्क दृष्टि दोष, नेत्र रोग जांच और मोतियाबिंद आपरेशन शविर लगाया। यह शिविर स्व. मालती देवी और स्व. मदनलाल उपाध्याय एवं बराड़ी वाले उपाध्याय परिवार के पूर्वजों की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित करवाया गया। शिविर में कुल 132 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। जांच के बाद 13 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराकर ऑपरेशन किए गए।

## रामकथा में केवट और शबरी प्रसंग पर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**संतनगर।** संत हिरदाराम नगर के समीप कैलाश नगर स्थित साईं बाबा मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय श्री राम कथा का सोमवार को समापन हूआ। कथावाचक डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री, श्री वृंदावन धाम ने अपने प्रवचन में वन गमन केवट प्रसंग, शबरी चरित्र, हनुमान मिलन माता सीता अन्वेषण की कथा सुनाई इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा सहित बड़ी संख्या में संत महात्मा एव कथा वाचक मौजूद थे।



कैलाश नगर में चल रही संगीतमय श्री राम कथा के समापन अवसर पर सोमवार को बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु आरती करते हुए।

## कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर डॉ. नागर का स्वागत

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यकर्ता ने फूल माला से स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष गजेंद्र नागर, हरगोविंद वर्मा, विधानसभा मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी,मंडल मंत्री कोमल सिंह चौहान, जनपद सदस्य रूपेश चौहान कार्यालय मंत्री देवेंद्र यादव, इंग्लिश यादव, अतर सिंह, सुरजीत सिंह चौहान, महेंद्र यादव, पुरुषोत्तम शर्मा, पार्षद मनोज चौरसिया आदि उपस्थित रहे।



भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

## पंचायतों में किए गए कार्यों की जनपद सदस्य कर रहे निष्पक्ष जांच की मांग

# ग्राम पंचायतें पोर्टल पर अपलोड कर रहीं धुंधले और भद्दे बिल वित्तीय अनियमिताओं का अंदेशा... अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

जिला जनपद सदस्यों की अध्यक्ष सुलेखा चौहान तामोट ने बताया सदस्यों को नहीं मिलता सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

जनपद उपाध्यक्ष सरदार सिंह, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, अरुणा शर्मा, सज्जन सिंह नागर, ज्योति, अनूप कुमार, रूपेश चौहान आदि ने बताया कि जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतें अपनी वित्तीय जानकारी सही से पोर्टल पर अपलोड नहीं कर रहीं हैं। डिजिटल क्रांति के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए एप के माध्यम से गांव के विकास की हर योजना ग्राम वासियों तक पहुंचाने का एक बड़ा कदम उठाया था, लेकिन जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज में आने वाली पंचायतें मैंदुआ, आशापुरी, अंबाई हरई, बड़बाई, इकलबाड़ा, तामोट, बमनई, इमलिया, गोंडी, बरखेड़ा, टिगरिया, बिनेका, बोरपानी, दीवाटिया, धामधूसर, बगासपुर, सेमरीकला, पारखेड़ी, नूरगंज, राजमऊ आदि पंचायतों में ऑनलाइन कंप्यूटर सेंटरों से कार्य के बिल कंप्यूटरकृत रोजगार सहायक होने के बाद भी पोर्टल पर धुंधले और भद्दे बिलों को अपलोड किया जा रहा है।

पंचायतों में अपने रिश्तेदारों को वेंडर बनाया, कमीशन पर प्राप्ति के बिलों का उपयोग किया




उच्च अधिकारियों की अनदेखी का फायदा उठाते हुए बड़ी वित्तीय अनियमिताएं की जा रही है। पंचायतों में अपने रिश्तेदारों को वेंडर बनाकर अथवा कमीशन पर प्राप्ति के बिलों का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण व अन्य कार्यों की राशि का प्रतिमाह आहरण जरूर किया जा रहा है, परंतु वास्तविकता मैं इन पंचायतों द्वारा बिल अपलोड ही नहीं किया जाता और यदि बिल अपलोड किए जाते हैं तो वो भी अस्पष्ट एवं धुंधले बिल वाउचर अपलोड किए जा रहे हैं। इससे कहीं न कहीं पंचायतों द्वारा किए गए कार्यों पर सवाल खड़ा करते हैं। जिला जनपद सदस्यों की अध्यक्ष सुलेखा चौहान तामोट ने बताया कि जनपद सदस्यों को चुनाव ही नहीं लड़ना चाहिए, क्योंकि जनपद सदस्यों को कोई सम्मान नहीं मिलता। न तो जनपद सदस्यों को पंचायतों की बैठक में बुलाते हैं न ही कार्यों की कोई जानकारी देते हैं।

### पंचायतों में करोड़ों का भ्रष्टाचार!

जनपद सदस्यों ने बताया कि पंचायतों में कमीशन बाजी के कारण करोड़ों का भ्रष्टाचार हुआ है, जिसमें फर्जी ठेकेदारों के नाम के लेटर हेड लगे हैं। प्रत्येक पंचायत में न दुकान का पता, न फॉर्म का पता है, मगर लोहा, सीमेंट, रेट, गिट्टी, ईंट, टाइल्स, बिजली फिटिंग का सामान आदि फर्जी फॉर्म और फर्जी दुकानों के नाम के बिल वाउचर बनाकर लगे हैं। वेंडर फर्जी मजदूरों के नाम पर पंचायत में मौजूद हैं। पंचायतों का केस रजिस्टर, भुगतान रजिस्टर, पंचायत की एमबी एवं पंचायत में हुई फर्जी ऑडिट रिपोर्ट जब्त कर जांच हो तो सच्चाई सामने आ जाएगी।

### जनपद सदस्य में रोष

जनपद उपाध्यक्ष भाजपा नेता सरदार सिंह, भाजपा नेता एवं जिला जनपद सदस्यों की अध्यक्ष सुलेखा चौहान, अरुणा शर्मा, सज्जन सिंह नागर, जनपद सदस्य आदि ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद सदस्य 15 वित्त आयोग कहां पर है। सीईओ से साढ़े तीन साल से जनपद सदस्य मांग करते आ रहे हैं कि बजट कहां गया? जनपद सदस्यों में बनी शिक्षा समिति, महिला बाल विकास समिति, निर्माण समिति सहित अन्य समितियों की बैठक कब होती है और कहां होती है? जनपद सदस्यों को लॉलीपॉप दी जा रही है। जनपद सदस्यों को दो-चार महीना में जनपद सीईओ के कार्यालय में चाय-पानी पिलाकर रवाना कर देते हैं।



### कर्म श्री कप क्रिकेट टूर्नामेंट में 32 टीमें लेंगी भाग

**संतनगर।** रॉकी क्रिकेट क्लब अकादमी के तत्वावधान में आयोजित कर्म श्री कप लेदर बॉल ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट 25 दिसंबर से प्रारंभ होगी। इसके लिए आज स्थल का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा व संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल हैं। टूर्नामेंट के अध्यक्ष सूरज यादव ने बताया कि यह टूर्नामेंट संभाग स्तरीय टूर्नामेंट है इसमें 32 टीम में भाग लेगी और प्रत्येक मैच 20-20 ओवर का खेला जाएगा। विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की जाएंगे।

## जैकेट का शेष...

### 70% तक स्मार्ट...

दस्तावेजी जांच के उपरांत ही यह सम्मान प्रदान किया जाता है। मियाना स्टेशन ने एलईडी आधारित आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, ऊर्जा-सक्षम बीएलसीडी पंखों, तथा 30 से 70 प्रतिशत स्मार्ट लाइटिंग सर्किट संचालन प्रणाली को प्रभावी ढंग से अपनाकर 10,000 यूनिट से अधिक वार्षिक विद्युत ऊर्जा की बचत सुनिश्चित की है। यह पहल न केवल ऊर्जा संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित हुई है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

### नेतृत्व और टीमवर्क...

किया। साथ ही, मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के दूरदर्शी नेतृत्व, नीतिगत समर्थन एवं नवाचार को प्रोत्साहन ने भोपाल मंडल को ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान दिलाई।

### एक तरफ प्रधानमंत्री ...

इस समर्पित कार्यकर्ता को सम्मानित किया है, और ऐसा सिर्फ भाजपा में ही संभव है। पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने इस पर कहा कि हम सभी खुश हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी का अनुभव है, तो दूसरी तरफ युवा अध्यक्ष की ऊर्जा। इन दोनों के बल पर हम एक नए भारत को देखेंगे। भारत हर दिशा में प्रगति कर रहा है... इस अध्यक्ष के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार सत्ता से बेदखल हो जाएगी।

### दरभंगा से विधायक ...

चुनाव जीतते आ रहे हैं। इससे पहले वह बिहार सरकार में मंत्री रह चुके हैं। संजय सरावगी ने 2025 में पहला विधानसभा चुनाव लड़ा था। इसके बाद से वह लगातार इस सीट से चुनते आ रहे हैं।

### रेत माफिया का...

यादव इस हमले में बाल-बाल बच गए। भिंड जिले में बीते एक साल के भीतर यह तीसरा बड़ा हमला है, जिसमें रेत माफिया ने सीधे प्रशासनिक अधिकारियों को निशाना बनाया। इससे पहले खनिज विभाग की टीम और खनिज इंस्पेक्टर पर भी हमले हो चुके हैं।

### घात लगाकर...

हो गया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन एसडीएम सुरक्षित बाहर निकल आए। पुलिस ने मौके से रेत से भरी दो ट्रॉलियां जब्त की हैं।

### भारत पहली बार स्क्वॉश...

इसके बाद अभय सिंह ने एलेक्स लाउ को 3-0 से मात दी। निर्णायक मुकाबले में 17 साल की अनाहत सिंह ने टोमेटो हो को 3-0 से हराकर भारत की ऐतिहासिक जीत पक्की कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्क्वॉश वर्ल्ड कप जीत पर भारतीय टीम को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि एसडीएटी स्क्वॉश वर्ल्ड कप 2025 में पहली बार खिताब जीतकर भारतीय टीम ने इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि यह जीत देश के युवाओं में स्क्वैश की लोकप्रियता बढ़ाएगी।

### मप्र विधानसभा...

गठित हो चुकी हैं। वर्तमान में 16 वीं विधानसभा कार्यरत है। प्रथम विधानसभा से अब तक विधानसभा के 19 अध्यक्ष आसंदी पर रहे हैं। 17 दिसंबर को आहूत एक दिवसीय विशेष सत्र में मध्य प्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने पर चर्चा होगी। 17 दिसंबर को प्रातः 10 बजे राज्यपाल मंगु भाई पटेल विधानसभा परिसर में विधानसभा की 7 दशक की यात्रा पर चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, मंत्रिगण, सदस्यगण, पूर्व विधायक उपस्थित रहेंगे।

### प्रदर्शनी में 136...

आधार कार्ड/ विद्यालय/ महाविद्यालय का परिचय पत्र भी लाना आवश्यक रहेगा। इस प्रदर्शनी के साथ मध्यप्रदेश सरकार के विकास कार्यों के भी छाया चित्र लगाए गए है, जिसमें प्रदेश सरकार के 2 वर्ष के कामकाज का लेखाजोखा रखा गया है

### आरोपी ने परिजनों....

उसे रतलाम रेफर कर दिया गया था। खाचरोद एसडीओपी आकांक्षा बिछोटे ने कहा- डॉक्टर से बात करने पर पता चला कि बच्ची के शरीर पर गिरने के निशान नहीं है। उसे किसी हार्ड चीज से मारा गया है। इस पर पुलिस ने डॉग स्क्वाड और फोरेंसिक टीम को भेजकर रियाज के घर से सबूत इकट्ठा किए। रियाज खान से सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गया। उसने बताया कि घर में कोई नहीं था। बच्ची घर में आई तो उसे अकेला पाकर गलत काम करने का प्रयास किया। वो चिल्लाने लगी। हाथ-पैर पटकने लगी। गुस्से में आकर रियाज ने उसे धक्का दे दिया। वो जमीन पर गिरकर बेसुध हो गई। इसके बाद रियाज ने उसे बोरी में डालकर मोगरी से पीटा। बच्ची की सांस चल रही थी। रियाज बच्ची को उसकी नानी के पास ले गया। इस घटना से क्षेत्र में जन आक्रोश फैल गया है।

### वैदिक काल से...

कहा कि तानसेन संगीत समारोह प्रदेश का प्रतिष्ठित समारोह है। संगीत सम्राट तानसेन की सुर और तान ने ग्वालियर को दुनिया में अलग पहचान दिलवाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में देश के सर्वाधिक प्रतिष्ठित महोत्सव तानसेन संगीत समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि तानसेन भारतीय शास्त्रीय संगीत के शिखर पुरुष थे। संगीत सम्राट तानसेन ने गुरु स्वामी हरिदास के सानिध्य में संगीत की बारीकियां सीखकर नए आयाम दिए हैं। उनकी तान सुनकर लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे। तानसेन की ख्याति ऐसी थी कि अकबर ने उन्हें अपने नवरत्नों में शामिल किया है। वैदिक काल से शास्त्रीय संगीत हमारे जीवन और संस्कृति का हिस्सा है और सामवेद इसका साक्षी है। इसके पहले अपर मुख्य सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शिव शेखर शुक्ला ने तानसेन समारोह के महत्व को बताते हुए रूपरेखा की जानकारी दी। ग्वालियर में 15 से 19 दिसंबर तक तानसेन समारोह आयोजित हो रहा है। ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम में संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र लोधी, विधायक मोहन ठाकुर, विधायक सुरेश राजे, महापौर श्रीमती शोभा सिकरवार, सहित बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित थे।

**मुख्य समारोह में 10 संगीत सभाएं होंगी:** समारोह में इस साल 10 संगीत सभाएं होंगी। पहली सभा सोमवार को सायंकाल को तानसेन समाधि परिसर में बनाए गए भव्य मंच पर सजी। हर दिन यहीं पर सुबह एवं सायंकालीन सभाएं होंगी। समारोह के तहत 18 दिसंबर को प्रातः काल 10 बजे से दो संगीत सभाएं समानांतर रूप से सजेंगी। आखिरी दिन 19 दिसंबर को सुबह की सभा संगीत शिरोमणि तानसेन की जन्मस्थली बेहट में अंतिम संगीत सभा सायंकाल गूजरी महल परिसर में सजेगी।

### सभी सम्मानित...

गया। इसी तरह मंडलेश्वर की साधना परमार्थिक संस्थान समिति को वर्ष 2024 एवं ग्वालियर की रागायन संगीत समिति को वर्ष 2025 का राजा मानसिंह तोमर सम्मान से अलंकृत किया गया है।

## पेज एक का शेष...

### प्रदेश में पहले ....

जिले शामिल हैं। तीन दिन दर्जनभर जिलों में अति घने से घना और मध्यम कोहरा रहेगा। दृश्यता शून्य तक रह सकती है। भोपाल में शनिवार-रविवार रात शीतलहर से राहत के बाद सोमवार को फिर से पारा 1.2 डिग्री गिरकर 5.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से 5.1 डिग्री कम है। यहां फिर से कोल्ड वेव लौटी है। मौसम केंद्र के अनुसार तीन दिन कई जिलों में कोहरे का असर बढ़ा रहेगा। सोमवार को 7 जिलों में रात का पारा 7 डिग्री तक रहा। सबसे कम राजगढ़, पचमढ़ी 5.4, कल्याणपुर (शहडोल) और भोपाल 5.8, इंदौर 6.6, उमरिया 7 और अनूपपुर में रात का पारा 7.4 डिग्री रहा है।

### आज यहां अति ....

को ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में अति घना कोहरा रहेगा। यहां दृश्यता 50 मीटर या इससे कम यानि शून्य तक रह सकती है। भोपाल, विदशा, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर, मैहर में कुछ जगह मध्यम से घना कोहरा रहने का अलर्ट है।

### प्रियंका-क्यों हटा....

है? यह सब क्यों किया जा रहा है? महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है? तृणमूल के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि सरकार का यह कदम महात्मा गांधी का अपमान है। वे महात्मा गांधी का अपमान करना चाहते हैं और उन्हें इतिहास से मिटा देना चाहते हैं। सीपीआईएम महासचिव एमए बेबी ने इसे तथ्य को छिपाने का प्रयास बताया। उन्होंने दावा किया, मनरेगा के पूर्ण पुनर्गठन को लेकर केंद्र सरकार दिखावा कर रही है। तथ्य को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। जिस बुनियादी अधिकार-आधारित ढांचे के तहत मनरेगा की योजना संचालित होती थी, उसे खत्म किया जा रहा है। केंद्र सरकार फंड में भी कटौती कर रही है। जिम्मेदारी राज्यों पर डाली जा रही है।

### 2005 का मनरेगा ....

विधेयक के अनुसार इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का एक नया ढांचा तैयार करना है। प्रस्तावित विधेयक के तहत हर ग्रामीण परिवार को, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल श्रम करने के लिए तैयार हों, प्रत्येक वित्त वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी आधारित रोजगार की कानूनी गारंटी दी जाएगी। यह विधेयक संसद में पेश किए जाने के लिए लोकसभा की पूरक कार्यसूची में शामिल किया गया है। विधेयक के लागू होने की स्थिति में 2005 का मनरेगा कानून समाप्त हो जाएगा और ग्रामीण रोजगार व आजीविका से जुड़े प्रावधान नए कानून के तहत संचालित किए जाएंगे। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रस्तावित विधेयक के उद्देश्य और कारणों के बयान में कहा है कि मनरेगा ने पिछले 20 वर्षों में ग्रामीण परिवारों को सुनिश्चित मजदूरी आधारित रोजगार उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि अब इसमें और मजबूती लाने की जरूरत महसूस की जा रही है। बीते वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े सामाजिक-आर्थिक बदलाव हुए हैं। व्यापक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार और सरकार की प्रमुख योजनाओं के संतृप्ति-आधारित क्रियान्वयन के चलते ग्रामीण परिदृश्य में बदलाव आया है, जिसके अनुरूप रोजगार से जुड़ा नया और सशक्त ढांचा आवश्यक हो गया है।

### विकसित भारत 'जी ....

में बांटा जाएगा- जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका अवसंरचना और आपदा प्रबंधन।

### उज्जैन में लैंड...

में निर्णय लिया गया कि लैंडपूलिंग योजना वापस ली जाती है। इसके बाद भी किसान संघ ने एक उत्सव रैली का उज्जैन में आयोजन किया था, जिसमें मैं स्वयं भी शामिल हुआ। प्रशासन, प्रेस एवं किसान संघ के माध्यम से यह ध्यान में आया कि लैंडपूलिंग योजना यथावत है। इस कारण से किसान संघ ने 14 दिसंबर की अपनी बैठक में पुनः 26 दिसंबर को लैंडपूलिंग योजना के विरोध में आंदोलन किए जाने का निर्णय किया है। इस आंदोलन मैं स्वयं किसानों के सम्मान में एवं किसानों के हित में जो आंदोलन किसान संघ द्वारा लैंडपूलिंग एवं सिंहस्थ के संबंध में प्रस्तावित हैं। इस आंदोलन में सम्मिलित होने हेतु मैं भी विवश रहूंगा।

### बदमाशों ने गल्ला ....

होने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार, गल्ला व्यापारी पंकज केशरवानी की पंकज ट्रेडर्स के नाम से मंडी में दुकान है। वे अनाज खरीदने का काम करते हैं। सोमवार को उनका मुनीम सुधीर दीक्षित बैंक पैसे निकालने गया था। बैंक से पैसे निकालने के बाद वह वापस मंडी लौट रहे थे। तभी मंडी से कुछ ही दूरी पर बाइक और आटो सवार चार बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। आंखों पर मिर्ची पाउडर मारा और डंडे से हमला कर दिया। इसी दौरान बदमाश रुपयों से भरा बैग छीनकर भाग निकले। वारदात देख लोगों ने बदमाशों का पीछा किया। इसी दौरान एक बदमाश को बाइक समेत लोगों ने धरदबोचा। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बदमाश को हिरासत में लिया और थाने ले आई। घटना के संबंध में वारदात में घायल मुनीम से पुलिस जानकारी ले रही है।

**व्यापारियों का फूटा गुस्सा, किया चक्काजाम:** वारदात सामने आते ही मंडी परिसर में मौजूद व्यापारियों ने विरोध शुरू किया। उन्होंने सागर-खुरई रोड पर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की सूचना पर मोतीनगर, कैंट और कोतवाली थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। व्यापारियों को समझाइश देकर शांत कराया। व्यापारी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। मौके पर मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह वारदात को लेकर जानकारी जुटा रहे हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वारदात के दौरान एक बदमाश को पकड़ा गया है। जिसे पुलिस थाने लाकर पूछताछ की जा रही है।

### केमिकल से भरे ...

अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। मानपुर और महू की फायर ब्रिगेड ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान पुलिस ने जाम में फंसे वाहनों को हटाकर यातायात व्यवस्था बहाल कराई। आग लगते ही मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैल गई। बाद में दमकल कर्मियों की मदद से स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सका।

**इंदौर की लोहा मंडी जा रहा था ट्रक:** ट्रक चालक राकेश ने बताया कि वह मुंबई के भिवंडी इलाके से इंदौर की लोहा मंडी के लिए केमिकल के डिब्बे लेकर जा रहा था। मानपुर में चाय पीने के लिए रुका था। थोड़ी देर बाद ढाबे के एक कर्मचारी ने बाहर खड़े ट्रक में आग लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंचते ही देखा कि आग विकराल रूप ले चुकी थी। चालक के मुताबिक, ट्रक में माल कल ही भरा गया था। मानपुर थाना प्रभारी लोकेंद्र हीहोर ने बताया कि फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### श्री राम मंदिर....

में अहम योगदान रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ के गुरु अवैद्यनाथ स्वामी परमहंस के साथ-साथ रामविलास दास वेदांती 90 के दशक में मंदिर आंदोलन के अग्रणी थे। वह 1996 व 1998 में दो बार सांसद भी रहे हैं। वेदांती 12 साल की उम्र में अपना घर छोड़कर अयोध्या आ गए थे और संत से सियासत तक का सफर तय किया। उनका पार्थिव शरीर देर शाम तक अयोध्या लाया गया। मंगलवार की सुबह 10:00 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। अंतिम यात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी शामिल होने की संभावना है। डॉ.वेदांती के निधन पर सीएम योगी ने श्रद्धांजलि दी है। एक्स पर उन्होंने लिखा-श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख स्तंभ, पूर्व सांसद एवं श्री अयोध्या धाम स्थित वशिष्ठ आश्रम के पूज्य संत डॉ. रामविलास वेदांती महाराज का गोलोकगमन आध्यात्मिक जगत और सनातन संस्कृति के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका जाना एक युग का अवसान है। धर्म, समाज व राष्ट्र की सेवा को समर्पित उनका त्यागमय जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है।

### देश भर में ....

अभिराम दास के शिष्य बन गए थे। संस्कृत के प्रकांड विद्वान माने जाने वाले वेदांती सरयू किनारे स्थित हिंदू धाम पर रहते थे, उनका खुद का वशिष्ठ भवन एक आश्रम भी है। सीएम योगी आदित्यनाथ के गुरु अवैद्यनाथ स्वामी परमहंस के साथ-साथ अस्सी के दशक में डा. रामविलास दास वेदांती राम मंदिर मंदिर आंदोलन से जुड़े गए. लालकृष्ण आडवाणी, मुरलीमनोहर जोशी, उमा भारती, कल्याण सिंह और विनय कटियार के साथ रामविलास वेदांती भी राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख चेहरा हुआ करते थे। देश और प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में रामविलास वेदांती जाकर राम मंदिर आंदोलन की अलख जगाई, जिसके चलते उन्हें एक मजबूत पहचान मिली थी। राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय भूमिका के चलते उन्हें राम मंदिर जन्मभूमि न्यास का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था।

### संत से सियासत ....

बाद 1998 में प्रतापगढ़ सीट चुनाव लड़े और फिर एक बार जीतने में सफर रही। इस तरह 1996 और 1998 में दो बार सांसद रहे।

**NAME CHANGE**

I, Sonu S/O Matadeen R/O Gram Nihona , Nihona, Gwalior, Madhya Pradesh-475001, have change the name of my minor son Baby of Usha alias Aryan Jatav aged 8 years and he shall hereafter be known as Aryan Jatav.

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 04/12/25 to 17/01/26

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

**CHANGE OF NAME**

I. No. 17007285Y Rank NK Name P NAVEEN KUMAR GOUD Unit - HQ COY, 3 EME CENTRE, Bhopal , I have changed my father's name from P VENKATESWARA GOUD to EEDIGA VENKATESHWARA GOWD, due to erroneously mentioned name as P VENKATESWARA GOUD in service of my document. That both names P VENKATESWARA GOUD and EEDIGA VENKATESHWARA GOWD pertain to one and the same person.AFFIDAVIT BF 345481

**CHANGE OF NAME**

I. No. 17007285Y Rank NK Name P NAVEEN KUMAR GOUD Unit-HQ COY, 3EME CENTRE, Bhopal , I have changed my wife's name from P PAVANI to EDIGA PAVANI due to erroneously mentioned name as P PAVANI in service of my document.
That both names P PAVANI and EDIGA PAVANI pertain to one and the same person.
AFFIDAVIT BF 345480

**CHANGE OF NAME**

I, No. 17007285Y Rank NK Name P. NAVEEN KUMAR GOUD Unit-HQ COY, 3 EME CENTRE, Bhopal, I have changed my mother's name from P SHASHIKALA to EEDIGA SHASHIKALA, due to erroneously mentioned name as P SHASHIKALA in service of my document. That both names P SHASHIKALA and EEDIGA SHASHIKALA pertain to one and the same person,AFFIDAVIT BF 345482

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9407279644 , फोन नं. 0755-4049924

M : 9009231973, 9424467620
HÄFELE Sleek Godrej Hettich
NSK NEW SUPER KITCHENS
Customised & Affordable
• इटालियन किचन • जर्मन किचन • स्टेनलेस स्टील किचन
• बेड सोफा • पी.ओ.पी. सिलिंग • यू.पी.वी.सी. फर्निचर
• रिनोवेशन वर्क • वाटर प्रूफिंग • घर और ऑफिस के लिये फर्निचर
Plot number 157 Fortune Building,MP Nagar, Zone 1, Near Havells Gallery, Bhopal

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

भोपाल की सबसे कम कीमत में सबसे ज्यादा सुविधा के साथ
क्लासेस रात्रि 10 बजे तक उपलब्ध है!
DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर ...
FREE GYM+CPCT +LIBRARY एक साल तक फ्री
और साथ में Free DCA, PGDCA की All Subject की Books, Q Bank Notes आदि भी फ्री उपलब्ध है!
ONLY LIBRARY 299/- Rs. PER MONTH
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी (अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)
Plot No. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA, ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M. 86027-11111

## शब्द पहेली - 6079



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 6078 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6089

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6088 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## राशिफल

**मेष** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** – रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** – नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** – कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** – लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** – मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** – किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** – नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ** – स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** – कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

## वायदा बाजार में सोना-चांदी की ऊंची छलांग, सोना 1,37,500 तो चांदी 2 लाख 2 हजार रु. के पार

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

वायदा बाजार में सोना-चांदी की ऊंची छलांग जारी है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोना 4,350 डॉलर के स्तर पर पहुंचा । यानी सोने की कीमतों में 4,000 रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 1,37,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

जबकि चांदी 65 डालर प्रति औंस पर पहुंच गई यानी वायदा बाजार में चांदी 2 लाख 2 हजार रुपए प्रति किलो के पार बोली गई है। जबकि स्थानीय सराफा बाजार में सोना-चांदी वायदा बाजार की अपेक्षा प्रीमियम डिस्काउंट के भाव पर बोली गई। सराफा व्यापारी नवनीत अग्रवाल ने बताया कि थोक सराफा बाजार में चांदी 17 हजार रुपए के प्रीमियम डिस्काउंट भाव 185000 रुपए प्रति किलो बोली गई। वहीं सोना 5 हजार रुपए प्रीमियम डिस्काउंट भाव 132500 रुपए प्रति दस ग्राम रहा। बाजार जानकारों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय हाजिर सोने की कीमत 4,350 अमेरिकी डॉलर के स्तर की ओर बढ़ने से घरेलू बाजार में जोरदार तेजी आई और सोने की कीमतों में और भी उछाल आया। उन्होंने आगे कहा कि पीले धातु ने वैश्विक मजबूती को दर्शाते हुए तीव्र वृद्धि दर्ज की और अपने जीवनकाल के नए उच्चतम स्तर को छू लिया। चालू कैलेंडर वर्ष के दौरान सोने की कीमतों में 31 दिसंबर 2024 को 78,950 रुपए प्रति 10 ग्राम की तुलना में 58,650 रुपए या 74.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# भोपाल सराफा बाजार में वायदा बाजार से चांदी 15 हजार रुपए और सोना 5 हजार रुपए के डिस्काउंट पर

## इस साल अब तक चांदी में 122.41 फीसदी की भारी वृद्धि हुई



दोनों बहुमूल्य धातु , सोना-चांदी

इस साल अब तक चांदी की कीमतों में 1,09,800 रुपए या 122.41 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है, जबकि 31 दिसंबर, 2024 को यह 89,700 रुपए प्रति किलोग्राम थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोने की कीमत में लगातार पांचवें सत्र में तेजी आई और यह 49.83 अमेरिकी डॉलर या 1.16 प्रतिशत बढ़कर 4,350.06 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई।

### स्पॉट गोल्ड ट्रेडिंग में सकारात्मक रुझान देखने को मिल रहा

सराफा व्यापारी आनंद सोनी ने कहाकि पिछले पांच सत्रों में पीले धातु की कीमत में 159.32 अमेरिकी डॉलर या 3.80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 8 दिसंबर को दर्ज किए गए 4,190.74 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से अधिक है। स्पॉट गोल्ड ट्रेडिंग में सकारात्मक रुझान देखने को मिल रहा है क्योंकि फेडरल रिजर्व ने न केवल उच्च मुद्रास्फीति के बीच ब्याज दर में कटौती की है, बल्कि ट्रेजरी बिल खरीदकर सिस्टम में तरलता भी बढ़ाई है।

### सीआईआई राष्ट्रीय एफएमसीजी शिखर सम्मेलन में विश्लेषक बोले

# कर सुधार: जीएसटी 2.0 एफएमसीजी क्षेत्र को कर सकता है दीर्घकालिक विकास की गति प्रदान

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने 16वें एफएमसीजी राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का आयोजन किय। सम्मेलन में उद्योग जगत के लोगों ने इस बात का विश्लेषण किया कि जीएसटी 2.0 किस प्रकार भारत के एफएमसीजी क्षेत्र में उपभोग में सुधार और दीर्घकालिक विकास के अगले चरण को गति प्रदान कर सकता है, जिसमें ग्रामीण और छोटे शहरों से आने वाली मांग एक प्रमुख कारक के रूप में उभर रही है।

सीआईआई की राष्ट्रीय एफएमसी समिति के अध्यक्ष और गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुधीर सीतापति ने कहाकि यह 16वां सीआईआई एफएमसी सम्मेलन है और इसमें जीएसटी 2.0 के उपभोग पर पड़ने वाले प्रभाव पर चर्चा हो रही है। हममें से बहुत से लोग मानते हैं कि जीएसटी 2.0 भारतीय एफएमसी उद्योग के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। जीएसटी के कारण औपचारिकीकरण और बढ़ी हुई व्यय योग्य आय से सभी क्षेत्रों, विशेष रूप से खाद्य पदार्थों में, सामर्थ्य में सुधार हो सकता है।




बाएं से दाएं- रवि स्वरूप पार्टनर, उपभोक्ता उत्पाद प्रैक्टिस हेड, बेन एंड कंपनी, कुमार वेंकटसुब्रमणियन सीईओ और प्रबंध निदेशक, पी एंड जी इंडिया, सुधांशु वत्स, सह-अध्यक्ष, सीआईआई राष्ट्रीय एफएमसीजी समिति और प्रबंध निदेशक, सौगता गुप्ता प्रबंध निदेशक और सीईओ, मैरिको

### बाजार को संगठित और असंगठित में बांटने का युग समाप्त : सुधांशु

सीआईआई की राष्ट्रीय एफएमसी समिति के सह-अध्यक्ष और पिडिलाइट इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक सुधांशु वत्स ने कहा कि बाजार को संगठित और असंगठित में बांटने का युग समाप्त हो गया है। आज भारत में स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी समान अवसर पर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। विकास के अपार अवसर हैं, लेकिन इसे मैराथन की तरह लेना होगा, न कि स्प्रिंट की तरह। सफलता भारत के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए अनुसंधान एवं विकास और नवाचार पर निर्भर करेगी, क्योंकि अधिकांश वैश्विक समाधान यहां सीधे तौर पर काम नहीं करते हैं। कंपनियों को विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों, संस्कृतियों और आय वर्गों में फैले संपूर्ण उपभोक्ता वर्ग से जुड़ने की आवश्यकता है, जो तेजी से विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में घोषित कर उपायों के साथ-साथ हालिया जीएसटी सुधारों से एफएमसीजी क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिला है। इनसे विवेकाधीन खर्च के लिए तत्काल गुंजाइश बनी है इससे मांग में वृद्धि होगी, प्रीमियम उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा और छोटे शहरों और ग्रामीण भारत में खपत में दीर्घकालिक वृद्धि को गति मिलेगी।

### खपत और निरंतर प्रीमियमकरण से आएगी वृद्धि : रवि

रवि स्वरूप ने कहाकि हम एफएमसीजी की खपत में शुरुआती दौर में जबरदस्त सुधार देख रहे हैं, न केवल जीएसटी में छूट वाली श्रेणियों में बल्कि सभी श्रेणियों में, जिसे कर युक्तिकरण, घटती मुद्रास्फीति और बढ़ते उपभोक्ता विश्वास का समर्थन प्राप्त है। वृद्धि उच्च पैठ, अधिक बार खपत और निरंतर प्रीमियमकरण से आएगी।

### जीएसटी में कटौती से टिकाऊ वस्तुओं और ऑटोमोबाइल जैसी श्रेणियों को तत्काल लाभ मिला: गुप्ता

मैरिको के प्रबंध निदेशक और सीईओ सौगता गुप्ता ने कहाकि जीएसटी में कटौती से टिकाऊ वस्तुओं और ऑटोमोबाइल जैसी श्रेणियों को तत्काल लाभ मिला है, जहां दरें 28 फीसदी से घटकर 18 फीसदी हो गई हैं। एफएमसीजी के लिए लाभ धीरे-धीरे सामने आएंगे। दीर्घकालिक रूप से, इस क्षेत्र की वृद्धि सामर्थ्य और उपलब्धता के साथ-साथ बिना ब्रांड वाले उत्पादों से ब्रांडेड उत्पादों की ओर बढ़ते रुझान पर आधारित है। खाद्य पदार्थों को दीर्घकालिक रूप से सबसे अधिक लाभ मिलने की संभावना है, क्योंकि पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की पहुंच कम है, विकास की अपार संभावनाएं हैं और सुविधाजनक, स्वच्छतापूर्वक पैक किए गए खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ रही है।

पीएंडजी इंडिया के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर कुमार वेंकटसुब्रमणियन ने बताया कि डायपर जैसी श्रेणी को देखें तो भारत में अपार संभावनाएं हैं। ग्रामीण खपत को शहरी स्तर के करीब लाने से भी पैठ बनाने का जबरदस्त अवसर मिलता है। जीएसटी एक बड़ा सहायक रहा है दरों में बदलाव से एंट्री पैक अधिक किफायती हो गए हैं, और हम बेहतर मूल्य निर्धारण और मौसमी कारकों से पहले से ही सकारात्मक परिणाम देख रहे हैं।

### डीजल वैरिएंट वर्ष 2026 में होगा पेश

# एमजी मोटर ने लांच की ऑल-न्यू हेक्टर, कीमत 11.99 लाख से शुरू




बाएं से दाएं-अमित रंजन (हेड डीलर डेवलपमेंट, एमजीआई) , रूना अहलावत (हेड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, एमजीआई), राहुल हसीजा (वीपी ग्रुप लैंडमार्क), आयुष जैन (एरिया मैनेजर, एमजीआई)

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

राजधानी के होशंगाबाद रोड़ , आदर्श नगर बागमुगालिया स्थित एमजी मोटर शोरूम पर सोमवार को जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने ऑल-न्यू एमजी हेक्टर के लांच की यह एसयूवी सेगमेंट में बोल्ड डिजाइन, बेजोड़ आराम, अग्रणी तकनीक और डायनामिक ड्राइविंग अनुभव के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है। ऑल-न्यू हेक्टर में नया फ्रंट और रियर बंपर डिजाइन है। साथ ही बिल्कुल नया ग्रिल, नए अलॉय व्हील्स और दो नए रंग सेलेडॉन ब्लू और पर्ल व्हाइट शामिल हैं। ऑल-न्यू एमजी हेक्टर रेंज की शुरुआती कीमत 11.99 लाख रुपए है।

ऑल-न्यू एमजी हेक्टर के लांचिंग पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर, अनुराग मेहरोत्रा ने कहाकि हेक्टर हमारा पहला नेमप्लेट था और जल्द ही यह एमजी ब्रांड का पर्याय बन गया। आज तक 1.5 लाख से अधिक ग्राहकों ने इसे पसंद किया है। ऑल-न्यू एमजी हेक्टर के साथ हम इसके डिजाइन, कम्फर्ट और टेक्नोलॉजी को और ऊंचे स्तर पर ले जा रहे हैं। हमारा मानना है कि उन्नत मोबिलिटी कुछ लोगों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। ऑल-न्यू हेक्टर टेक्नोलॉजी को और अधिक लोकप्रिय बनाते हुए प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट में नए मानक स्थापित करेगा।

कंपनी की (हेड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, एमजीआई रूना अहलावत ने बताया कि इसके इंटीरियर्स में 5-सीटर वेरिएंट के लिए ड्यूल टोन आइस ग्रे थीम और 6 व 7-सीटर वेरिएंट्स के लिए ड्यूल टोन अर्बन टैन थीम दी गई है। यह केबिन को और अधिक प्रीमियम व आकर्षक बनाती है।

उन्होंने बताया कि ऑल-न्यू एमजी हेक्टर में नया औरा हेक्स ग्रिल दिया गया है, जो मजबूती और सटीकता का प्रतीक है। इसके साथ फ्रंट और रियर में नए औरा स्कल्प्ट बंपर्स हैं, जो हर एंगल से एक मस्क्युलर और आत्मविश्वासी स्टांस देते हैं। औरा बोल्ट अलॉय व्हील्स को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वे खड़े-खड़े भी ताकत और स्टाइल का एहसास कराएं। नए एक्सटीरियर रंग सेलेडॉन ब्लू और पर्ल व्हाइट इसके आधुनिक और प्रीमियम लुक को और निखारते हैं। इसमें पहली बार आई स्वाइप टच जेस्चर कंट्रोल दिया गया है, जिससे दो और तीन उंगलियों के स्वाइप से एसी, म्यूजिक और नेविगेशन जैसे फीचर्स को कंट्रोल किया जा सकता है। डिजिटल ब्लूटूथ की और की शेयरिंग, प्रीडिक्टिव मेंटेनेंस अलर्ट्स (सेगमेंट में पहली बार), रिमोट एसी कंट्रोल जैसी सुविधाएं स्मार्टफोन जैसा सहज अनुभव देती हैं। इसके अलावा 17.78 सेमी की फुल डिजिटल क्लस्टर एलसीडी स्क्रीन ड्राइवर को एक आधुनिक और सहज इंटरफेस प्रदान करती है।

### 5जी, ओटीटी और एआई का अनुभव एक साथ

# रिलायंस जियो ने लांच किए हैप्पी न्यू ईयर 2026 ऑफर्स

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रिलायंस जियो ने नए साल 2026 के मौके पर अपने हैप्पी न्यू ईयर 2026 ऑफर्स की घोषणा की है। इन ऑफर्स के ज़रिए जियो ने एक बार फिर किफायती दामों पर उन्नत डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। हैप्पी न्यू ईयर 2026 ऑफर्स के माध्यम से जियो ने कनेक्टिविटी, एंटरटेनमेंट और एआई को एक साथ जोड़ते हुए एक समग्र डिजिटल इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

### 3599 रुपए का हीरो एनुअल रिचार्ज

पूरे साल निर्बाध - हैप्पी न्यू ईयर 2026 ऑफर्स के तहत जियो ने 3599 का हीरो एनुअल रिचार्ज पेश किया है। इस प्लान में 365 दिनों की वैधता के साथ अनलिमिटेड 5जी, 2.5 जीबी प्रतिदिन हाई-स्पीड डेटा, अनलिमिटेड वॉयस कॉल और 100 एसएमएस प्रतिदिन मिलते हैं। इसके साथ गूगल जेमिनी का 18 महीने का प्रो प्लान भी दिया जा रहा है, जिसकी अनुमानित कीमत 35,100 बताई गई है।

### 500 रुपए का सुपर सेलिब्रेशन मंथली प्लान

जियो का 500 रुपएसुपर सेलिब्रेशन मंथली प्लान 28 दिनों की वैधता के साथ अनलिमिटेड 5जी, 2 जीबी प्रतिदिन डेटा,कॉलिंग सुविधाएं देता है। इस प्लान की खास बात यह है कि इसमें यूट्यूब प्रीमियम, जियो हॉटस्टार, अमेज़न प्राइम समेत 15 से अधिक लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का एक्सेस शामिल है।

### सरकारी विभागों के साथ अमेजन ने की साझेदारी

**नई दिल्ली।** भारत में पारंपरिक कारीगरों, महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों, उभरते स्टार्टअप और भारत के लॉजिस्टिक्स परितंत्र में अनुसंधान आधारित नवोन्मेष का समर्थन करने के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित कई संस्थानों के साथ अमेज़न इंडिया ने गठजोड़ की घोषणा की।

कंपनी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय , उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग और रेल मंत्रालय के तहत आने वाले गति शक्ति विश्वविद्यालय के साथ हुई इन साझेदारियों के जरिए बाज़ार पहुंच के विस्तार, में सार्थक योगदान देना चाहती है। अमेज़न इंडिया के कंट्री मैनेजर, समीर कुमार ने इन साझेदारियों के संबंध में कहाकि लॉजिस्टिक्स परितंत्र का समर्थन करने के लिए भारत सरकार के इन संस्थानों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# एसईपीसी को 3,300 करोड़ के खनन कंसोर्टियम परियोजना में प्रवेश मिला

**चेन्नई।** एसईपीसी लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के सोहागपुर क्षेत्र में स्थित रामपुर बटुरा ओपनकास्ट कोयला खनन परियोजना के संबंध में जेएआरपीएल -एटी कंसोर्टियम के साथ अपनी सहभागिता की घोषणा की है। कंपनी ने मे. जय अंबे रोडलाइंस प्राइवेट लिमिटेड और मे. अविनाश ट्रांसपोर्ट के साथ समझौते किए हैं, जो मिलकर जेएआरपीएल-एटी कंसोर्टियम का गठन करते हैं। यह खनन परियोजना साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा प्रदान की गई है। विभिन्न अनुबंधों के अंतर्गत कुल अनुबंध मूल्य लगभग 3,299.51 करोड़ रुपए है, जबकि परियोजना की अनुमानित अवधि लगभग 10 वर्ष है।

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर समूह के आयुर्वेदिक महाविद्यालयों में दीक्षांरभ जारी




**भोपाल ।** मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तीनों आयुर्वेद महाविद्यालयों, मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन और फैकल्टी ऑफ आयुर्वेदा, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी में जारी दीक्षांरभ 2025 में कवि, मोटिवेशनल स्पीकर सहित आयुष मंत्रालय से आए विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का आयोजन हिनोतिया आलम स्थित मानसरोवर प्रांगण में किया गया, जिसमें नवप्रवेशित भावी वैद्यों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र का शुभारंभ मोटिवेशनल स्पीकर और कवि संदीप द्विवेदी ने विद्यार्थियों को सक्सेस टिप्स देते हुए किया। वहीं द्वितीय सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंचार्ज डिप्टी डायरेक्टर, डायरेक्टरेट ऑफ आयुर्वेदा डॉ. पंकज गुप्ता, इंचार्ज जॉइंट डायरेक्टर, डायरेक्टरेट आयुष डॉ. राजेंद्र कुमार गुप्ता और मुख्य अतिथि एडीशनल मैनेजिंग डायरेक्टर, वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन डॉ. बृजेश सक्सेना द्वारा किया गया। इसी क्रम में डॉ. बृजेश गुप्ता ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद सहित अन्य क्षेत्रों में भी आयुर्वेद के विद्यार्थियों के लिए अवसर के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आयुर्वेद में शोध सहित यूपीएससी और एमपीपीएससीस के क्षेत्र में भी असीम संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. राजेंद्र कुमार गुप्ता ,डॉ. पंकज गुप्ता, एग्रीकल्चर डीन डॉ. देवेश पाण्डेय ,श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन की प्राचार्या डॉ. मनीषा राठी , प्रकाश सिंह, डॉ. मनीष लधवे, डॉ. पवन शर्मा आदि प्राध्यापक गण और बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

### एनसीपीए ने सिटी बैंक के सहयोग से की 2026-28 छात्रवृत्ति की घोषणा

**मुंबई ।** नेशनल सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) ने एनसीपीए सिटी स्कॉलरशिप फॉर यंग म्यूज़ीशियंस 2026–28 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह पहल हिंदुस्तानी संगीत में उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है। कार्यक्रम में ख्याल और ध्रुपद जैसी गायन परंपराओं के साथ-साथ बांसुरी, हारमोनियम, वायलिन, सितार, सरोद और अन्य कई वाद्ययंत्रों में उन्नत प्रशिक्षण का समर्थन किया जाएगा। चयनित विद्वानों को अप्रैल 2026 से मार्च 2028 तक दो वर्षों की अवधि के लिए प्रति माह10,000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। उभरते हुए संगीतकार संगीत शिक्षा का विवरण देते हुए अपना बायोडाटा 20 दिसंबर 2025 तक ईमेल के माध्यम से indianmusicscholar ships @ncpa-mumbai.com पर भेजें।

**लोकायुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश लोकायुक्त भवन भोपाल**

क्रमांक / 1882/स्टोर/2025 भोपाल, दिनांक : 05/12/25

**कम्प्यूटर एवं लैपटॉप प्रदाय संबंधी ई-निविदा सूचना**

लोकायुक्त संगठन, म.प्र., भोपाल हेतु 15 नग डेस्कटॉप (All in One PC) एवं 20 नग लैपटॉप प्रदाय कार्य के संबंध में ई-निविदा https://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

ऑनलाईन निविदा प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिये निम्नानुसार तिथियाँ निर्धारित की गई हैं:-

1. ऑनलाईन निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक 16.12.2025 समय सुबह 10:00 से दिनांक 05.01.2026 समय सुबह 10:00 बजे तक।
2. ऑनलाईन प्राप्त निविदाओं में सर्वप्रथम तकनीकी निविदाएं दिनांक 06.01.2026 समय दोपहर 12:00 बजे अथवा उसके उपरांत लोकायुक्त कार्यालय परिसर, भोपाल में खोली जावेगी, तत्पश्चात् तकनीकी निविदाओं में पात्र पाये गये निविदादाताओं की वित्तीय निविदायें दिनांक 12.01.2026 समय दोपहर 03:00 बजे अथवा उसके उपरांत खोली जावेगी।
3. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सचिव, लोकायुक्त कार्यालय, म.प्र. भोपाल का होगा, इस हेतु पृथक से कोई पत्राचार नहीं किया जावेगा।

निविदा संबंधी शेष शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गई है।

(विनोद मालवीय)
उप संचालक (वित्त)
लोकायुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश
भोपाल फोन-2545572

जी -22767/25 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) नगरीय इंदौर (म.प्र.)**

क्रमांक/पु.उ./इं/मुख्या./रनि./7598/A/2025 दिनांक-12/12/2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

1. पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) नगरीय इंदौर के नगरीय इंदौर के स्वीकृत कुल 11 विभिन्न शासकीय आवासो के भवनो मे बाह्य मरम्मत कार्य हेतु वित्तिय वर्ष 2025-26 में मांग संख्या 003-2216-आवास-05-053-9999-9545 विभागीय परिसम्पतियो का संधारण 33-001 अनुरक्षण मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यो को मय सामग्री लेबर चार्ज सहित कराने के लिये मय सामग्री लेबर चार्ज सहित कराने के लिये आवश्यक जानकारी एवं टेण्डर फार्म इच्छुक निविदाकारो के लिये निविदा शुल्क रुपये 1000/- (एक हजार रुपये मात्र) अधोहस्ताक्षर के पक्ष मे ऑनलाईन जमा कर विज्ञापन जारी होने के दिनांक से 16/12/2025 समय 15.00 बजे से प्राप्त किया जा सकता है।
2. निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर भी उपलब्ध है।
3. निविदा प्रकाशन दिनांक- 16/12/2025 के समय 10.00 बजे से है।
3. ऑनलाईन निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि 16/12/2025 के 15.00 बजे से है।
4. ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 29/12/2025 के 17.00 बजे तक है।
5. निविदा खोलने की दिनांक 30/12/2025 को समय 17.00 बजे से कार्यालय रक्षित निरीक्षक, रक्षित केन्द्र डीआरपी लाईन नगरीय इंदौर में खोली जावेगी। निविदाये खोलने के अवसर पर निविदाकार अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे, इसी दिन टेक्नीकल कमेठी फर्मो से प्राप्त दस्तावेजो का भी परीक्षण करेगी।

प्रकाश परिहार (भा.पु.से.)
पुलिस उपायुक्त
(मुख्या.) नगरीय इंदौर

जी -22773/25 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक रायसेन जिला रायसेन (म.प्र.)**

क्र./पु.अ./रायसेन/र.नि./ ई.नि./3022-9/2025 दिनांक - 11/12/2025

// ई-खुली निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति //

जिला रायसेन में वित्तीय वर्ष 2025-26 विभागीय परिसंपत्तियों को संधारण के अन्तर्गत निम्न आवासीय मरम्मत कार्य अंतर्गत पुलिस लाईन स्थित 48 आवासीय आरक्षक क्वटरो में पानी की टंकी बदलवाना एवं पुलिस लाईन स्थित आवासीय आरक्षक क्वटरो में मरम्मत कार्य कराये जाने की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। निम्न मरम्मत कार्य पंजीकृत ठेकेदारों से कराया जाना है।

उल्लेखनीय है कि मरम्मत कार्य हेतु ऑन-लाईन खुली निविदायें समय सारणी अनुसार www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई, इच्छुक निविदाकर्ता मरम्मत कार्य का प्राक्कलन रक्षित निरीक्षक कार्यालय, रायसेन से प्राप्त कर सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 20/12/2025 के 12.00 PM बजे तक रक्षित निरीक्षक कार्यालय, रायसेन में कय समिति के समक्ष खोली जावेगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | प्रस्तावित कार्य का नाम | स्वीकृत राशि | धरोहर राशि | कार्य की अवधि (कार्यादेश जारी होने की दिनांक से) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस लाईन स्थित 48 आवासीय आरक्षक क्वटरो में पानी की टंकी बदलवाना | 4,95,257/- | 14,858/- | 30 दिवस |
| 2 | पुलिस लाईन स्थित आवासीय आरक्षक क्वटरों में मरम्मत कार्य | 4,94,120/- | 14,824/- | |
| | योग | 9,89,377/- | 29,682/- | |

समय सारणी

| क्र. | विवरण | दिनांक / समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 12/12/2025 |
| 2 | निविदा जमा करने का प्रारंभ दिनांक | 13/12/2025 |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 19/12/2025 समय 05.30 PM |
| 4 | निविदा खोलने का दिनांक | 20/12/2025 समय 12.00 PM |

पुलिस अधीक्षक
जिला रायसेन

G-22790/25 " स्वच्छता ही सेवा "

**कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**

AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर, (म.प्र.) पिन-482001

Phone No. 0761-2621541
E-mail:- cepwdcentral@mp.nic.in

निविदा सूचना क्रमांक-14/सा/2025-26 जबलपुर, दिनांक 09.12.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला /लो. नि.वि. संभाग | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमनित राशि रू. (लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 2025_ PWDRB_ 461893_1 | नरसिंहपुर | गोटेगांव उपसंभाग के अंतर्गत बेदू से जमुनिया कछवा दौन लं. 5.80 कि.मी. का निर्माण, विद्युतीकरण कार्य सहित । | द्वितीय | 516.63 लाख | 5,16,700/- | 20,000/- | 10 माह वर्षाऋतु सहित |

टीपः- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 26.12.2025 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य अभियंता, लो.नि.वि
जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

जी - 22781/25 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# ग्रामीण विकास के लिए 'जी राम जी' की तैयारी

कई क्षेत्रों, योजनाओं, पीएम नरेंद्र मोदी आवास और राजभवनों के नाम बदलने वाली केंद्र सरकार अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) योजना का नाम बदलने जा रही है। अब इसका नाम पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना (विकसित भारत-जी राम जी) हो सकता है। मनरेगा को निरस्त करने और इस संबंध में एक नया कानून बनाने के लिए लोकसभा में जल्द विधेयक लाया जा सकता है। इस नए विधेयक का नाम 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025' होगा। विधेयक की प्रतियां लोकसभा सदस्यों को बांट दी गई हैं। इस कदम के पीछे मानना है कि सरकार इसे सिर्फ एक रोजगार गारंटी योजना न मानकर ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण, विकास और एक समृद्ध भविष्य (विकसित भारत 2047) की दिशा में बड़े मिशन के रूप में देख रही है, जिसका मकसद सिर्फ 100 दिन का काम देना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, जिसमें अब अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आने वाले हर ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को हर वित्तवर्ष में 125 दिन के रोजगार की वैधानिक गारंटी दी जाएगी। सरकार का कहना है कि मनरेगा में जहां आजीविका सुरक्षा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित था, वहीं 'जी राम जी' में समृद्ध और लचीले ग्रामीण भारत के लिए सशक्तीकरण, विकास, तालमेल और संतृप्ति को बढ़ावा और विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक पर जोर देना है, खेतिहर मजदूरों की उपलब्धता को आसान बनाना है। प्रस्तावित विधेयक के तहत मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक या कार्य पूरा होने के 15 दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि आवेदन के 15 दिनों के भीतर काम उपलब्ध नहीं कराया गया तो बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी किया गया है। कार्यों को चार प्रमुख क्षेत्रों, जल सुरक्षा, मुख्य ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका से जुड़ी अवसंरचना और आपदा-रोधी ढांचे में विभाजित किया गया है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, जियो-टैगिंग, डिजिटल एमआईएस डैशबोर्ड, साप्ताहिक सार्वजनिक खुलासे और सामाजिक अंकेक्षण को अनिवार्य किया है। शिकायत निवारण के लिए बहु-स्तरीय व्यवस्था और जिला स्तर पर लोकपाल की नियुक्ति का भी प्रावधान है। योजना पर अनुमानित वार्षिक व्यय 1.51 लाख करोड़ बताया गया है, जिसमें केंद्र का हिस्सा लगभग 95,692 करोड़ रुपये होगा। बढ़े हुए रोजगार और परिसंपत्तियों के निर्माण से ग्रामीण आय बढ़ेगी, पलायन घटेगा और महिलाएं भी कार्यबल में शामिल होंगी, जिससे ग्रामीण बुनियादी ढांचा और अधिक मजबूत होगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और श्रमिकों की आय पर सकारात्मक असर पड़ेगा, जिससे उनका भविष्य सुधर सकता है। संक्षेप में कहें तो यह बदलाव मनरेगा को एक सतत ग्रामीण विकास और सशक्तिकरण के मिशन में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो ग्रामीण भारत के भविष्य के लिए है, लेकिन नाम बदलना सिर्फ प्रतीकात्मक है, असली बदलाव क्रियान्वयन और पारदर्शिता में ही होगा। ग्रामीण विकास के बाद ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा।



नरेंद्र सिंह तोमर
अध्यक्ष, मप्र विधानसभा

# विधानसभा की सात दशक तक की यात्रा में लोकतांत्रिक मूल्यों का हुआ सशक्तिकरण

**मध्यप्रदेश विधानसभा के गठन की 69वीं वर्षगांठ पर 17 दिसंबर को मध्यप्रदेश विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आहूत किया गया है। यह, वह दिन होगा जब हम अपने अतीत का स्मरण कर उससे सीखेंगे और भविष्य के लिए नए संकल्प लेंगे। इस एक दिवसीय सत्र में मध्यप्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने पर चर्चा होगी।**

भारत को संपूर्ण विश्व में 'लोकतंत्र की जननी' के रूप में मान्यता है। भारत ने ही दुनिया को सबसे पहले लोकतंत्र का बीज दिया है। वैदिक काल से ही सभा, समिति और संसद जैसे शब्द हमारी शासन शैली में रहे हैं और सत्ता के निर्णयों में जनता का हस्तक्षेप रहा है। उपनिषद का वाक्य 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः' यह स्थापित करता है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुख, आरोग्य और कल्याण को पहुंचाना सदैव ही हमारा ध्येय वाक्य रहा है।

स्वतंत्रता उपरांत संवैधानिक व्यवस्था में एक सुदृढ़ संघीय किंतु विकेंद्रीकृत लोकतांत्रिक व्यवस्था में केंद्र एवं राज्यों की अपनी-अपनी सुस्पष्ट भूमिका है। हमारे संविधान निर्माताओं ने यह गंभीरता से सोचा कि राज्यों की विधान भवन केवल सत्ता के कर्मकांड का केंद्र बनकर न रह जाएं, वे जनता के कल्याण और प्रदेश के विकास के संवाहक बनें और गांव, गरीब, किसान, युवा और वंचित वर्ग की चिंता विधानसभाओं में होने वाली चर्चा का मूल तत्व हो।

मध्यप्रदेश में विधानसभा ने संसदीय प्रक्रियाओं, नियमों, परंपराओं एवं सदन संचालन के माध्यम से प्रदेश को एक सुशासित, जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी राज्य बनाने में अपनी महति भूमिका का निर्वहन किया है। यह सदन गवाह रहा है विगत 7 दशकों तक में प्रदेश की विकास यात्रा में बढ़ाए गए एक-एक कदम का। 1 नवंबर 1956 को मध्यप्रदेश के पुनर्गठन के साथ ही प्रदेश की विधानसभा अस्तित्व में आई और इसका पहला अधिवेशन 17 दिसंबर 1956 को प्रारंभ हुआ था। आगामी 17 दिसंबर को मध्यप्रदेश विधानसभा गठन के 69 वर्ष पूर्ण हो कर हम 70 वें वर्ष में प्रवेश कर हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा के गठन की 69वीं वर्षगांठ पर 17 दिसंबर को मध्यप्रदेश विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आहूत किया गया है। यह, वह दिन होगा जब हम अपने अतीत का स्मरण कर उससे सीखेंगे और भविष्य के लिए नए संकल्प लेंगे। इस एक दिवसीय सत्र में मध्यप्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने पर चर्चा होगी। विधानसभा की वर्षगांठ पर प्रदेश के विकास का नया रोडमैप तैयार हो इसके लिए सदन के सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और विचार अपेक्षित हैं।

मध्यप्रदेश विधान सभा ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक जन आकांक्षाओं की पूर्ति में एक सशक्त भूमिका निभाई है। इन सात दशकों में मध्यप्रदेश की विधानसभा ने भारत के संसदीय इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों से अंकित किया है। यहां बहस, हंगामे पर सदैव भारी रही है। परस्पर संवाद का रास्ता सदैव खुला रहा और पक्ष-विपक्ष ने सदैव उस जनता की चिंता की



जिसने उसे चुनकर यहां अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए प्रतिनिधि के रूप में भेजा है।

16 वीं विधानसभा जो कि वर्तमान में अस्तित्व में है, अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण कर रही है। इस दौरान 7 सत्र आयोजित किए जिसमें 51 विधेयक पारित किए गए। 16 हजार से अधिक तारांकित और अतारांकित प्रश्नों के माध्यम से जनता से जुड़े मुद्दों के जवाब सरकार की ओर आए हैं। 66 ध्यानाकर्षणों पर चर्चा हुई और 84 पटल पर रखे गए। सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि शून्यकाल की समस्या को जीवंत बनाया गया ताकि आम जनता से जुड़े विषयों को सदन में रखने के लिए सदस्यों को अधिक से अधिक समय प्राप्त हो सके।

सदन के नए सदस्यों और महिला सदस्यों को बोलने एवं अपने विचार व्यक्त करने के लिए सत्र के दौरान उन्हें ज्यादा से ज्यादा समय देने का प्रावधान किया गया है। पहले यह व्यवस्था थी कि सत्र समाप्त होने के साथ ही उसके अनुत्तरित प्रश्न स्वतः समाप्त हो जाते थे। इससे कई महत्वपूर्ण विषयों पर सरकार का जवाब आने से रह जाता था और वे दब कर रह जाते थे। 16 वीं विधानसभा में ' अध्यक्ष के स्थाई आदेश के अध्याय 3 ' प्रश्न और अल्प सूचना प्रश्न' के अंतर्गत कण्डिका 13-क के पश्चात अंतः स्थापित नवीन कण्डिका 13-ख को विलोपित करने का निर्णय किया गया। इससे विधानसभा के विघटन के पूर्व सत्र तक लंबित प्रश्नों के उत्तर व्यपगत नहीं होंगे बल्कि इसके संबंध में परीक्षण करके प्रश्न एवं संदर्भ समिति द्वारा कार्यवाही की जाएगी एवं अनुशंसा सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

16 वीं विधानसभा में सभी सदस्यो ने समवेत स्वर में कार्य प्रथम और अनुशासन प्रथम के मंत्र को स्वीकार किया है। इसी का परिणाम है कि इन दो वर्षो में 11 बैठकें ऐसी भी हुई जिनमें भोजन अवकाश हुआ ही नहीं। सदस्यों ने लंच को छोड़ कर सदन की कार्यवाही को प्राथमिकता दी।

सदन में कार्यवाही के दौरान लिए गए निर्णय परिणाम मूलक हों, इसमें विधानसभा की समितियों की महत्वर्पूण भूमिका होती है। इन्हें सदन का लघुरूप माना जाता है। संसदीय समितियां सदन की आंख और कान का कार्य करती हैं और उन्ही के माध्यम से सदन सत्र में न रहते हुये भी निरन्तर कार्य करता रहता है । 16 वीं विधानसभा के विगत 2 वर्षों में विधानसभा समितियों के गठन, सक्तिकरण, स्वायत्ता, अनुशंसाओं पर प्रभावी क्रियान्वयन की दृष्टि से उल्लेखनीय कार्य हुआ है। 16 वीं विधानसभा में 22 समितियां कार्यरत हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड के प्रतिकूल समय में 'आत्मनिर्भर भारत' का संकल्प हम सभी को दिलाया था। हम पूर्ण निष्ठा से इस ओर अग्रसर हैं और कोविड काल में ही इसके परिणाम पूरे विश्व में परिलक्षित हुए हैं। 15 अगस्त 2022 को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री ने वर्ष 2027 तक 'विकसित भारत' के निर्माण का लक्ष्य भी हम सभी को दिया है। मध्यप्रदेश भी विकसित और आत्म निर्भर भारत के निर्माण में तीव्र गति से अग्रसर है। राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयत्नों के परिणाम दृष्टिगोचर हो रहे हैं। विकसित मध्यप्रदेश के महान लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी नागरिकों में सहकार के साथ ही विधायिका का अविस्मरणीय योगदान हो इस निमित्त 17 दिसंबर को रखे गए विशेष सत्र का बड़ा महत्व है। मुझे विश्वास है कि यह सत्र परिणामकारी और यशस्वी होगा।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विरासत
योगेंद्र माथुर



# दीपावली विश्व विरासत घोषित होना सनातन मूल्यों का सम्मान

दीपावली को यूनेस्को द्वारा सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया जाना न केवल भारत बल्कि दुनिया भर में फैले अप्रवासी भारतीयों के लिए भी गौरव का विषय है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) विश्वभर में मानवता के लिए असाधारण महत्व की मानी जाने वाली सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों की पहचान, संरक्षण और संवर्धन को प्रोत्साहित करने का प्रयास करता है। यूनेस्को की परिभाषा के अनुसार सांस्कृतिक विरासत में वे प्रथाएं, ज्ञान, अभिव्यक्तियां, वस्तुएं और स्थान शामिल हैं, जिन्हें समुदाय अपनी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा मानते हैं। इस दृष्टि से दीपावली दुनिया के बड़े वर्ग की आस्था व विश्वास की अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण पर्व है। सनातन धर्म परम्परा में दीपावली पर्व मनाए जाने के अनेक प्रसंग हैं, लेकिन मूलतः दो प्रसंग महत्वपूर्ण हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम वनवास के दौरान लंका विजय कर जब अयोध्या लौटे तो अयोध्यावासियों में हर्ष और उल्लास का वातावरण था। उन्होंने अपनी इस भावना का प्रकटन प्रकाश से किया था। घर-घर दीप प्रज्ज्वलित कर प्रकाश और मंगलगान किया गया। दूसरा प्रसंग है समुद्र मंथन से उत्पन्न लक्ष्मी के आवाहन का। इसी लक्ष्मी के अपने घर आवाहन का पर्व है दीपावली। किसी कवि ने लिखा है, रात भर दिए ने अंधेरे से संघर्ष किया, सुबह उठकर लोगों ने उगते सूरज को ही सलाम किया। तब भी यह दीप जलता है आत्म कुंठा के अंधकार को भगाने के लिए। यह जलता है त्याग का प्रकाश फैलाने के लिए। यह दीप जलता है दुख-दारिद्र्य का अंधियारा मिटाने के लिए। यह दीप जलता है सुख-समृद्धि का उजियारा फैलाने के लिए। यह दीप जलता है परोपकार व सदाचार का पथ आलोकित करने के लिए। दीपक का यह संघर्ष ही तो मानवता का संघर्ष है। संघर्ष अन्याय, अत्याचार व अनाचार के विरुद्ध। भगवान श्री राम ने भी तो यही किया था। दीपावली पर्व संदेश देता है अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का, असत्य पर सत्य की जीत का और मृत्यु से अमृत अर्थात अमरता की ओर बढ़ने का। यूनेस्को का यह महत्वपूर्ण आयोजन दिल्ली के लाल किले में चल रहा है, जिसमें दुनिया के 194 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों और यूनेस्को के वैश्विक प्रतिनिधियों की उपस्थिति है। भारत इस आयोजन की पहली बार मेजबानी कर रहा है। अब तक भारत की 15 प्राचीन परंपराएं, कलाएं व सांस्कृतिक आयोजन यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल हैं।

इस सूची में कुंभ मेला, रामलीला, योग, नवरोज ( पारसी समुदाय का त्योहार, मुंबई, गुजरात, अंतराष्ट्रीय स्तर पर ईरान व मध्य एशिया), कुदियाकट्टम, ( केरल ), कालबेलिया नृत्य, चौह छऊ नृत्य (सरायकेला-झारखंड, पुरुलिया-पश्चिम बंगाल, मयूरभंज-उड़ीसा), बौद्ध चैत्य नृत्य, वैद्यकीय परंपराएं-आयुर्वेदिक ज्ञान ( केरल, कर्नाटक, उत्तराखंड, बनारस-उत्तरप्रदेश), रंजीतगढ़ ढोल ( पंजाब विशेषकर रंजीतगढ़ ), गरबा साइंत लोक नाट्य परंपरा ( उत्तरप्रदेश ), मुद्दियेत्तू ( केरल ) छऊ मुखौटा कला (पश्चिम बंगाल, झारखंड, उड़ीसा की मुखौटा निर्माण परंपरा), दुर्गा पूजा उत्सव ( कोलकाता ) शामिल हैं। दीपावली सहित अब यह संख्या 16 हो गई है। हालांकि भारत की प्राचीनता, ऐतिहासिकता व समृद्ध धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं की दृष्टि से मात्र 16 परम्पराओं व सांस्कृतिक आयोजनों का यूनेस्को की सूची में शामिल होना ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। किसी भी सांस्कृतिक धरोहर के यूनेस्को की सूची में आने का मतलब उसे वैश्विक पहचान मिलना और लोकप्रियता में वृद्धि होना होता है। इससे दुनियाभर के पर्यटक उसकी तरफ आकर्षित होते हैं, संबंधित देशों में पर्यटन बढ़ता है, संबंधित स्थानीय कलाकारों को नया कार्य मिलता है और इन देशों के अर्थ तंत्र को खासा लाभ पहुंचता है। यूनेस्को सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने, दस्तावेज तैयार करने और आगे की पीढ़ियों तक पहुंचाने में सहायता या सहयोग करता है। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर यूनेस्को आर्थिक व तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराता है। वर्ष 2024 में वैश्विक सर्वेक्षण एजेंसियों के अनुमान के अनुसार इटली में लगभग 7 करोड़ विदेशी पर्यटक पहुंचे थे, जबकि भारत में यह आंकड़ा 1 करोड़ के आसपास ही रहा। तुलनात्मक दृष्टि से हम अत्यधिक पिछड़े हुए हैं। भारत के लिए यह चिंता व चिंतन का विषय होना चाहिए और भारत की अन्य धरोहरों को इस सूची में शामिल कराए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं



संकलित
**दर्शन**

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम् की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

# भक्ति का मतलब ये नहीं कि जीवन में दुःख नहीं होंगे



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सके। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में लगातार दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

## सटाका




## आज की पाती

### आपत्तिजनक कंटेंट नहीं देख पाएंगे किशोर

डिजिटल युग में सोशल मीडिया आज जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं किशोर, जिनकी सोच, मनोवृत्ति और व्यवहार अभी विकसित हो ही रहे हैं। सोशल मीडिया की चकाचौंध में खोए किशोरों के लिए यह प्लेटफॉर्म कभी-कभी सीख का माध्यम तो बनता है, परंतु कई बार यह मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक असंतुलन का कारण भी बन जाता है। इन्हीं चिंताओं को देखते हुए इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा ने एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने घोषणा की है कि अब 18 वर्ष से कम आयु के किशोर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आपत्तिजनक या अनुचित कंटेंट नहीं देख पाएंगे। यह फैसला केवल तकनीकी नहीं बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

*- संकेत वर्मा, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# भारत ने श्रीलंका में फील्ड अस्पताल संचालन किया बंद

चक्रवात से प्रभावित श्रीलंका में भारत द्वारा स्थापित फील्ड अस्पताल ने अपना मिशन सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद अपना संचालन बंद कर दिया है। यहां स्थित भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी दी। मिशन की तरफ से रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि ऑपरेशन 'सागर बंधु' के तहत भारतीय सेना की शत्रुजीत ब्रिगेड के 78 सदस्यीय एकीकृत टास्क फोर्स के साथ एक पूर्ण विकसित पैरा फील्ड अस्पताल दो दिसंबर को श्रीलंका के लिए एयरलिफ्ट किया गया और कैंडी के पास महियांगनाया में तैनात किया गया ताकि तत्काल चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।




इसमें कहा गया है कि इस सुविधा में प्रतिदिन लगभग 1,000 से 1,200 रोगियों की देखभाल की गयी और अस्पताल आघात प्रबंधन सर्जरी सहित महत्वपूर्ण जीवन रक्षक चिकित्सा देखभाल प्रदान कर रहा था। विज्ञप्ति में कहा गया, "संचालन के दौरान, अस्पताल ने उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए, कुल 7,176 रोगियों का इलाज किया, 513 छोटी शल्य प्रक्रियाओं को अंजाम दिया और 14 बड़ी सर्जरी की गयीं, जिससे सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक में रोगियों को राहत और आराम मिला।"

## ऑफ बीट

# प्रति दिन मांस खाने से कोलोरेक्टल कैंसर

प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में



खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है। पूर्ण जोखिम किसी विशेष उपचार या जोखिम कारक (उदाहरण के लिए, बेकन सैंडविच खाने या न खाने) के संपर्क में आने या न आने वाले लोगों का अनुपात है, जिनसे किसी दिए गए परिणाम (उदाहरण के लिए, कैंसर) के विकसित होने की आशंका होती है। प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' विकसित होने का पूर्ण जीवनकालिक जोखिम पांच से छह प्रतिशत तक बढ़ जाता है। तो यह सच है कि प्रतिदिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने वालों के लिए सापेक्ष जोखिम 20 प्रतिशत बढ़ जाता है, लेकिन पूर्ण जोखिम केवल एक प्रतिशत बढ़ता है।


## ट्रेंड

### पटेल को हार्दिक श्रद्धांजलि



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी 75वीं पुण्यतिथि पर हार्दिक श्रद्धांजलि। उन्होंने अपना जीवन देश को एकजुट करने में समर्पित कर दिया।' 'कृतज्ञ राष्ट्र एक अविभाजित और सशक्त भारतवर्ष के निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को कभी नहीं भूल सकता।' **-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### पुण्यतिथि पर नमन



राष्ट्रीय एकता के प्रतीक, मजबूत भारत के शिल्पकार लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करता हूं।' 'सरदार पटेल ने खंड-खंड में बंटे आजाद भारत को तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एकीकृत कर मजबूत राष्ट्र का सुदृढ़ रूप दिया।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### आतंकी हमले की निंदा



ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री सीनेटर वोंग से अभी-अभी बात हुई। बॉण्डी बीच पर हुए आतंकवादी हमले को लेकर गहरी संवेदना व्यक्त की और ऑस्ट्रेलिया को हमारा पूर्ण समर्थन देने की बात की। हम हनुक्का समारोह को निशाना बनाकर किए गए आतंकी हमले की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। **-एस. जयशंकर, विदेश मंत्री**

### यह बड़ी साजिश



यह केवल महात्मा गांधी नरेगा का नाम बदलने की बात नहीं। ये भाजपा-आरएसएस की मनरेगा को ख़त्म करने की साज़िश है। संघ के सौ साल पर गांधी का नाम मिटाना दिखाता है कि जो मोदी जी विदेशी धरती पर बापू को फूल चढ़ाते हैं, वो कितने खोखले हैं। **-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में समग्र औद्योगिक विकास की ओर बढ़ रहा मप्र

## पीएम मित्र पार्क में 89 परिवारों के पुनर्वास का पहला चरण, 24 परिवारों को सौंपे गए पक्के घर

# औद्योगिक परियोजनाएं सिर्फ निवेश ही नहीं, समाज के समग्र विकास के लिए

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगिक परियोजनाओं को केवल निवेश के रूप में नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास से जोड़कर आगे बढ़ाया जा रहा है।

इसी सोच के साथ धार जिले के ग्राम भैंसोला में विकसित हो रहे देश के पहले पीएम मित्र पार्क में विस्थापित परिवारों के पुनर्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। मित्र पार्क की भूमि पर निवासरत कुल 89 परिवारों के पुनर्वास के लिए एमपीआईडीसी द्वारा समीप ही सुव्यवस्थित आवासीय कॉलोनी विकसित की जा रही है।

इस पुनर्वास योजना के प्रथम चरण में 24 परिवारों को पक्के मकान बनाकर सौंपे गए और विधि-विधान के साथ उनका गृह प्रवेश कराया गया। शेष परिवारों को भी चरणबद्ध रूप से आवास उपलब्ध कराए जाएंगे।



पीएम मित्र पार्क में विस्थापित परिवारों को सौंपे गए पक्के घर।

### 89 पक्के मकान, 140 भूखण्ड और पूर्ण सुविधाएं

पीएम मित्र पार्क के लिए विकसित की जा रही पुनर्वास कॉलोनी में कुल 89 टू बीएचके पक्के मकान तथा 140 विकसित भूखण्ड शामिल हैं। कॉलोनी में बिजली, नल से जल, सड़क, नाली और एसटीपी जैसी सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय, पार्क और सामुदायिक भवन विकसित किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे परिसर को बाउंड्रीवॉल से कवर किया गया है। प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार औद्योगिक विकास करते हुए हर परिवार का ख्याल रखा जाएगा। इसी नीति के तहत पीएम मित्र पार्क के लिए प्रभावित परिवारों को केवल आवास ही नहीं बल्कि बेहतर जीवन उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### 13.48 करोड़ रुपए की पुनर्वास योजना होगी पूर्ण

यह संपूर्ण पुनर्वास परियोजना लगभग 13.48 करोड़ की लागत से विकसित की जा रही है। प्रत्येक मकान की लागत लगभग 6 लाख रुपए है। परियोजना को अप्रैल 2026 तक पूरा कर शेष सभी हितग्राहियों को चरणबद्ध रूप से मकान सौंपे जाएंगे। विकसित किए गए 140 भूखण्ड भविष्य में अन्य विस्थापन कार्यों के लिए उपयोग में लाए जाएंगे। देश के पहले पीएम मित्र पार्क में उद्योग स्थापना और पुनर्वास का यह संतुलित मॉडल यह दर्शाता है कि प्रदेश सरकार के लिए औद्योगिक प्रगति के साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी समान रूप से महत्वपूर्ण है।

◀ प्रदेश में 45 रोड सेफ्टी एण्ड इन्फोर्समेंट प्वाइंट के माध्यम से जांच

## परिवहन विभाग के प्रवर्तन अमले को चालानी कार्रवाई के लिए मिली पीओएस मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिवहन विभाग ने प्रदेश में वाहन चेकिंग की पारदर्शी व्यवस्था लागू करने तथा सुशासन के उद्देश्य से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत राज्य के परिवहन चेकपोस्टों को बंद कर दिया है। इनके स्थान पर 45 रोड सेफ्टी एण्ड इन्फोर्समेंट चेकिंग प्वाइंट जांच का कार्य कर रहे हैं। जांच कार्य के लिए प्रवर्तन बल (इन्फोर्समेंटफोर्स) को बॉडीवॉर्न कैमरे उपलब्ध कराए गए हैं। इन कैमरों की निगरानी में पीओएस मशीन के माध्यम से वाहनों के विरुद्ध ऑनलाइन चालानी कार्रवाई की जा रही है।

राज्य में प्रवेश करने वाले अन्य राज्यों के वाहनों की ओर से ई-चेकपोस्ट मॉडल के माध्यम से ऑनलाइन मोटरयान कर जमा करने की सुविधा दी गई है। प्रवर्तन अमले की ओर से बॉडीवॉर्न कैमरे का उपयोग करने से वाहन चेकिंग के दौरान प्रत्येक कार्रवाई की मॉनीटरिंग वास्तविक समय में कंट्रोल एण्ड कमाण्ड सेंटर के माध्यम से की जा रही है। परिवहन विभाग की इस व्यवस्था से न केवल वाहन चालकों में विश्वास बढ़ा है, बल्कि वाहन चेकिंग के दौरान आने वाली अवैध वसूली की शिकायतें भी काफी कम हो गई हैं। इस व्यवस्था से परिवहन विभाग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इण्डिया के सपने को साकार किया है। परिवहन विभाग के अमले को पीओएस मशीन उपलब्ध कराने से वाहनों के विरुद्ध की जाने वाली चालानी कार्रवाई को ऑनलाइन तथा कैशलेस रूप में किया जा रहा है। प्रदेश में मोटरयान परिवहन से संबंधित प्रावधानों के उल्लंघन पर स्व-चलित पद्धति ई-डिटेक्शन को नवम्बर-2025 से लागू कर दिया गया।

### कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री, स्थानीय जनप्रतिनिधि रहेंगे मौजूद

# आज मुख्यमंत्री करेंगे सिंगल क्लिक से अनुग्रह सहायता योजना के 160 करोड़ का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 16 दिसम्बर को मंत्रालय, भोपाल में संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता के 7 हजार 227 प्रकरणों में राशि रुपए 160 करोड़ सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरित करेंगे। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं विभिन्न स्थानों पर मंत्री एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अनुग्रह सहायता योजना के तहत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपए एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रुपए प्रदान किए जाते हैं। इसी प्रकार स्थाई अपंगता पर 2 लाख रुपए एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रुपए तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं। संबल योजना के तहत जहां एक ओर महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रुपए दिये जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत उच्च शिक्षा में शिक्षा के लिए सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार की ओर से वहन किया जाता है।

### संबल हितग्राहियों को खाद्यान्न पात्रता पर्ची भी

भारत सरकार के नीति आयोग की पहल पर प्रदेश के गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबल योजना के तहत सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन शुरू किया गया है। इन्हें भी संबल योजना के तहत समस्त लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। संबल हितग्राहियों को खाद्यान्न पात्रता पर्ची भी प्राप्त होती है जिससे वे केन्द्र तथा राज्य सरकार की ओर से रियायती दरों पर राशन प्राप्त कर रहे हैं।

### एक करोड़ 83 लाख श्रमिकों का संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन




सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामय योजना के तहत पात्र श्रेणी में चिन्हित किया गया है। अब वे भी 5 लाख रुपए वार्षिक निःशुल्क चिकित्सा प्राप्त कर रहे है। प्रदेश सरकार की ओर से योजना एक अप्रैल 2018 से अब तक एक करोड़ 83 लाख श्रमिकों का संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन किया गया है। पंजीयन प्रक्रिया निरंतरित है। श्रम विभागीय योजनांतर्गत वर्तमान तक 7 लाख 76 हजार से अधिक प्रकरणों में राशि रुपए 7 हजार 383 करोड़ से अधिक के हितलाभ दिए जा चुके हैं।

11वां अंतर्राष्ट्रीय वन मेला 17 से 23 दिसम्बर तक लगेगा लाल परेड मैदान में

## अंतरराष्ट्रीय वन मेला अपने आप में एक अनूठा आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. यादव 17 दिसंबर को करेंगे मेले का शुभारंभ

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय वन मेला अपने आप में एक अनूठा आयोजन है। मेले में लघु वनोपज एवं औषधीय पौधों के क्षेत्र की गतिविधियों, उत्पादों एवं अवसरों को प्रदर्शित करने एवं इससे जुड़े संग्राहकों, प्रशासकों और नीति निर्धारकों के बीच संवाद स्थापित होगा। यह जानकारी वन राज्य मंत्री दिलीप सिंह अहिरवार ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि मेले का शुभारंभ 17 दिसम्बर को मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे। 'समृद्ध वन खुशहाल वन' की थीम पर अंतर्राष्ट्रीय वन मेला 17 से 23 दिसम्बर तक लाल परेड मैदान में लगेगा। मेले में 350 स्टॉल लगाए जा रहे हैं। मेले में प्रदेश के जिला यूनियन, वन, वन धन केन्द्र, जड़ी-बूटी संग्राहक, उत्पादक, आयुर्वेदिक औषधि निर्माता, परम्परागत भोजन सामग्री के निर्माता एवं विक्रेतागण अपने उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय करेंगे।

### फ्री चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया जाएगा

200 आयुर्वेदिक पद्धति के चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों की ओर से मेले में निः शुल्क चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में ऑर्केस्ट्रा, नुक्कड़ नाटक, लोक नृत्य, स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला, फैंसी ड्रेस और गायन के कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा 17 को परम्परागत नृत्य डिण्डोरी, 18 को ऑर्केस्ट्रा अंचल शर्मा ग्रुप की प्रस्तुति, 19 को विरासत सूफी की म्यूजिकल प्रस्तुति, 20 को एक शाम वन विभाग के नाम की ओर से सरगम म्यूजिकल ग्रुप, 21 को ख्याति प्राप्त सिंगर नीरज श्रीधर, बॉम्बे वाइकिंग्स की म्यूजिकल प्रस्तुति, 22को मानसरोवर की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम और 23 को परम्परागत नृत्य, झाबुआ की प्रस्तुति होगी।

### लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना

संबल योजना प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें श्रमिक को जन्म से लेकर मृत्यु तक आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। वास्तविक अर्थों में यह श्रमिकों का संबल है। राज्यों के लिए अनुकरणीय है। प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश के लाखों निर्माण श्रमिकों के लिए भी निर्माण मंडल के माध्यम से कई योजनाएं संचालित की जाती है। इनमें निर्माण श्रमिकों की मृत्यु होने पर अनुग्रह सहायता तथा स्थायी एवं आंशिक अपंगता पर सहायता भी सम्मिलित है।

## लाडली बहनों को धमकी देने का आरोप, महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन और मंत्री शाह का पुतला जलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लाडली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को लेकर कथित धमकी भरे बयान के विरोध में मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस ने सोमवार को भोपाल में प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह का पुतला जलाकर जोरदार प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मंत्री का बयान महिलाओं का अपमान है और इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने कहा कि मंत्री विजय शाह द्वारा अधिकारियों की बैठक में यह कहना कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल न होने वाली लाडली बहनों की जांच कराई जाए, न केवल अनुचित है बल्कि महिलाओं को डराने की कोशिश भी है। उन्होंने कहा कि लाडली बहना योजना के तहत मिलने वाला लाभ महिलाओं का अधिकार है, कोई एहसान नहीं और इस तरह के बयान सरकार की सोच को उजागर करते हैं।

### मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त करने की मांग

रीना बौरासी सेतिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंत्री विजय शाह को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले भी मंत्री द्वारा महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा चुकी हैं। महिला कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में मंत्री विजय शाह के पुतले जलाए जाएंगे और जिला स्तर पर ज्ञापन सौंपकर आंदोलन तेज किया जाएगा। महिला कांग्रेस ने एक सुर में कहा कि महिलाओं के सम्मान से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।




### 'मोहन' के पैकेज से 'बुंदेलखंड' की तरक्की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खजुराहो से इस अंचल के लिए पैकेज का ऐलान किया है। डॉ. यादव ने अपने मंत्रियों और अफसरों के साथ दो दिन तक खजुराहो में डेरा डाल कर बुंदेलखंड पर फोकस बनाया। स्वास्थ्य सेवाओं के लिहाज से मेडिकल कॉलेजों को लेकर घोषणा हुई। दमोह के लिए सिंचाई परियोजना स्वीकृत हुई। सागर से दमोह के बीच फोरलेन सड़क के लिए बजट दिया गया। इससे भी आगे बढ़ कर सागर में औद्योगिक पार्क के लिए 24 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च करने की घोषणा की गई। अर्थात, स्वास्थ्य, सिंचाई, सड़क और उद्योग सहित प्रमुख क्षेत्रों की ओर ध्यान दिया गया। साफ है कि यह पैकेज बुंदेलखंड की तरक्की के द्वार खोल सकता है।

### भाजपा के अंदर गुटबाजी पर अंकुश नहीं

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पार्टी में अनुशासन को लेकर सख्त संदेश दिया था। पर लगता है कि भाजपा के अंदर गुटबाजी पर अंकुश नहीं लग पा रहा। दमोह के हटा और छिंदवाड़ा के ताजा मामले इसके उदाहरण हैं। हटा में भाजपा विधायक उमा देवी खटीक ने पार्टी की एक बैठक में अपनी ही सरकार के दो मंत्रियों पर आरोप लगा दिए। प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार के सामने उन्होंने कहा कि जिले के दो मंत्री लगातार उनके विधानसभा क्षेत्र में हस्तक्षेप कर रहे हैं। अगर मंत्री हटा में हस्तक्षेप बंद नहीं करते तो वे वहां कार्यालय खोल लें, मैं इस्तीफा दे दूंगी। दूसरा, छिंदवाड़ा में जिलाध्यक्ष शेषराव यादव और सांसद बंटी साहू के बीच छत्तीस का आंकड़ा है। एक आयोजन में शहर भर में पार्टी के बैनर-पोस्टर लगे, उनमें सभी नेताओं के नाम फोटो थे, लेकिन सांसद बंटी साहू नदारद थे।

### संतोष पर एक्शन के बाद 'असंतोष' को रोकना चुनौती

अजाक्स के अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा की टिप्पणी के बाद ब्राह्मण संगठन गुस्से में हैं। जैसे ही राज्य सरकार ने उनके खिलाफ कार्रवाई का निर्णय लिया, अजाक्स, आदिवासी और पिछड़ा वर्ग संगठन उनके समर्थन में मोर्चा संभालते दिख रहे हैं। आदिवासियों का संगठन जयस इंदौर में बड़ी पदयात्रा निकाल चुका है। भोपाल में अजाक्स ने प्रदर्शन कर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। छतरपुर में पिछड़ा वर्ग महासभा ने कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर संतोष वर्मा को न्याय देने की मांग की है। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर भी कह चुके हैं कि संतोष के खिलाफ कार्रवाई हुई तो हर घर से एक संतोष पैदा होगा।

### वंदेमातरम पर मसूद की टिप्पणी से कांग्रेस असहज

कांग्रेस के विधायक आरिफ मसूद का यह कहना कि वे वंदेमातरम नहीं गा पाएंगे, पार्टी को असहज करने वाला है। वंदेमातरम न गाने की बात कह कर आरिफ जिन्ना समर्थक मुस्लिमों की कतार में खड़े हो गए। यह ठीक है कि आरिफ को भोपाल मध्य विधानसभा सीट में मुस्लिमों का एकमुश्त वोट मिलता है, लेकिन यदि उन्हें हिंदू समाज वोट न दे तो वे चुनाव नहीं जीत सकते। वंदेमातरम पर ताजा बयान देकर वे हिंदू समाज के कोप का भाजन बन सकते हैं। चुनाव में उन्हें इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### नेता समझें खिलाड़ियों और बच्चों की यह पीड़ा

छतरपुर जिले के चंदला की एक छात्रा खिलाड़ी की हिम्मत को दाद देना होगी। उसने एक झटके में छात्रों व अन्य लोगों की बड़ी पीड़ा और समस्या का ध्यान सभी की ओर खींच दिया। अवसर था चंदला में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का। इसमें खिलाड़ियों और बच्चों को सुबह 9-10 बजे से ही बुला लिया गया था। क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की हैसियत से पहुंचना था, लेकिन वे पहुंचे अपरान्ह लगभग 3 बजे। जब वे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर रहे थे तो एक छात्रा उन पर भड़क गई। उसने कहा कि हम इतनी देर से इंतजार कर रहे हैं, हमारे पास इतना फालतू टाइम है क्या? हमारी परेशानी कौन समझेगा? शर्मा ने मुस्कुराते हुए खिलाड़ी को दुलार कर समझाया और आगे बढ़ गए।

**दिनेश निगम 'त्यागी'**



हाथ में फंसाकर रखा था बैग, नगदी जेवरात सहित था तीन लाख का सामान

# बिलासपुर एक्सप्रेस में महिला यात्री से पर्स छीनकर भागा लुटेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलासपुर इंदौर एक्सप्रेस में पति के साथ अमलई से इंदौर की यात्रा कर रही महिला का पर्स अज्ञात बदमाश छीनकर भाग निकला। पर्स में करीब तीन लाख रुपए का सामान रखा था। इंदौर पहुंचने पर महिला ने जीआरपी इंदौर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया। वहां से प्रकरण जीआरपी थाना रानी कमलापति भेजा गया है। जीआरपी के अनुसार बजरंग चौक थाना सिटी कोतवाली, जिला खंडवा निवासी सीमा गंगराडे पत्नी राजेश गंगराडे (51) विगत 13 दिसंबर को बिलासपुर इंदौर एक्सप्रेस के कोच एक-1 में बर्थ नंबर 43 व 45



प्रतीकात्मक चित्र

पर अपने पति के साथ अमलई से इंदौर की यात्रा कर रही थीं। यात्रा के दौरान वह चादर ओढकर सो गईं। उन्होंने अपना लेडीज पर्स हाथ में डोरी लपेटकर अपने पास ही रखा था। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म से निकलते समय ट्रेन की गति काफी धीमी थी। तभी अचानक आउटर पर अज्ञात बदमाश लेडीज पर्स हाथ से छीनकर ट्रेन से कूद गया। लेडीज पर्स की कीमत 20 हजार तथा उसमें रखे मोबाइल फोन की कीमत 20 हजार, एक डायमंड गोल्ड का ब्रेसलेट कीमत एक लाख रुपए, एक 10 ग्राम गोल्ड क्वाइन व दो पांच ग्राम के गोल्ड क्वाइन, एक तीन ग्राम का गोल्ड क्वाइन कीमती डेढ़ लाख, फॉसिल कंपनी की एक घड़ी कीमती 15 हजार रुपए व नगदी छह हजार समेत करीब तीन लाख 11 हजार का सामान रखा था। फरियादिया ने बताया कि वह और उनके पति यात्रा कम्पलीट कर इंदौर पहुंचे और वहां जीआरपी थाने में जीरो पर झपटमारी का प्रकरण दर्ज करा दिया। इंदौर जीआरपी से प्रकरण जीआरपी रानी कमलापति भेजा गया है।

**गेट पर खड़े सागर के यात्री का मोबाइल झपटा**

जीआरपी ने बताया कि सदर बाजार सागर निवासी दुर्गेश जाटव (19) विगत 13 दिसंबर को विंध्याचल एक्सप्रेस ट्रेन के कोच एस-5 में भोपाल से सागर की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान वह गेट पर खड़े होकर फोन पर बात करने लगा। ट्रेन भोपाल स्टेशन से निकलने के बाद धीमी गति से चल रही थी। तभी एक अज्ञात लडके ने झपट्टा मारकर दुर्गेश का मोबाइल नीचे गिरा लिया और फरार हो गया। जीआरपी थाना भोपाल ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### इटारसी आउटर पर तिरूक्कुल एक्सप्रेस के यात्री का मोबाइल छीना

जीआरपी पुलिस के अनुसार पीपल चौराहा इटारसी जिला नर्मदापुरम निवासी सौरभ मालवीय (32) विगत 13 दिसंबर को ट्रेन तिरूक्कुल एक्सप्रेस ट्रेन के आगे के जनरल कोच में भोपाल से इटारसी की यात्रा कर रहे थे। ट्रेन भोपाल स्टेशन से चलने के बाद सौरभ गेट के पास खड़े होकर मोबाइल चलाने लगे। इटारसी आउटर पर ट्रेन धीमी गति से चल रही थी। तभी किसी अज्ञात बदमाश ने हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। जीआरपी थाना भोपाल ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित वन भवन के पास

# साइकिल चला रहा पंद्रह साल का बच्चा गिरा, हैंडिल पेट में लगने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित वन भवन के पास झुग्गी में रहने वाले पंद्रह साल के किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार शाम वह साइकिल चलाते समय गिर गया था। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान सोमवार दोपहर उसकी मौत हो गई। साइकिल से गिरने के कारण हैंडिल उसके पेट और सीने के बीच लगा था। अनुमान है कि अंदरूनी चोट होने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन शव लेकर रीवा अपने पैतृक गांव चले गए। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार पंद्रह साल का रूद्रप्रताप पिता विश्राम सिंह, स्कूली छात्र था। उसके पिता प्राइवेट काम करते हैं। रूद्रप्रताप रविवार शाम मोहल्ले में साइकिल चला रहा था। इस दौरान खुद ही साइकिल से गिर गया। साइकिल से गिरने के कारण उसे पेट और सीने के बीच गंभीर चोट आई थी। घर पहुंचने के बाद उसने परिजन को साइकिल से गिरने की बात और दर्द होने की बात कही थी। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान सोमवार दोपहर उसकी मौत हो गई।

**क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, 27.23 ग्राम स्मैक बरामद**

## नरसिंहपुर से ड्रग्स बेचने आए दो तस्कर भूत बंगला के पास गिरफ्तार

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच ने नरसिंहपुर जिले के दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार कर उनसे 27.23 ग्राम स्मैक बरामद की है। आरोपी शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित भूत बंगला इलाके में स्मैक बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। आरोपियों के पास तीन मोबाइल जब्त किए हैं। बदामद स्मैक और मोबाइल की कुल कीमत पांच लाख 44 हजार 600 रुपए बताई गई है। क्राइम ब्रांच मोबाइल से डाटा कलेक्ट कर रही है, ताकि ड्रग के बड़े नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। फिलहाल क्राइम ब्रांच ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि भूत बंगले के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग ईदगाह हिल्स में दो लोग अवैध मादक पदार्थ स्मैक रखे हुए हैं और बेचने की फिराक में किसी ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मुखबिर के बताए हुलिए वाले दो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम मुकेश मेहरा (37) निवासी जिला नरसिंहपुर व सुनील मेहरा (22) निवासी जिला नरसिंहपुर का होना बताए। तलाशी लेने पर मुकेश मेहरा से एक पारदर्शी पन्नी में रखी कुल 12.03 ग्राम स्मैक और एक मोबाइल फोन तथा सुनील मेहरा की तलाशी पर उसके कब्जे से पन्नी में रखी कुल 15.20 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक व दो मोबाइल फोन बरामद हुए। इस प्रकार क्राइम ब्रांच पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 25.23 ग्राम स्मैक बरामद हुई। अवैध मादक पदार्थ बरामद होने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिवत रूप से गिरफ्तार एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया।

## *पूजा एक दिन के लिए बनी कमिश्नर, राष्ट्रपति सम्मान के बाद मिला मौका*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर इंदौर की दिव्यांग पैरा एथलीट पूजा गर्ग को श्रेष्ठ दिव्यांगजन सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया था। जिसको देखते हुए आयुक्त दिव्यांगजन अजय खेमरिया ने उन्हें एक दिन के लिए आयुक्त दिव्यांगजन के पद पर आसीन कर सम्मानित किया।

पूजा ने समाज में कैंसर के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 4500 किलोमीटर की यात्रा की थी। उन्होंने प्रदेश में इंदौर से लेकर सिक्किम के नाथुला दर्रे तक यह चुनौतीपूर्ण यात्रा कर न केवल भारत का परचम लहराया, बल्कि एक नया इतिहास भी रचा। पूजा ने बताया कि दिव्यांगों को मिलने वाली पेंशन को बढ़ाया जाना चाहिए, जिससे उनको आर्थिक रूप से राहत मिल सके।

जोन में यह पहला मौका जब इतनी बड़ी राशि हाथ लगी

## किरनापुर के जंगल में माओवादी के डंप से मिले 11 लाख, पुलिस ने बरामद की रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ (एमएमसी) जोन में बालाघाट पुलिस ने किरनापुर के जंगल से एक माओवादी डंप का खुलासा किया है। इस डंप से पुलिस ने करीब 11 लाख रुपये की नकदी बरामद की है। एमएमसी जोन में यह पहला मौका है जब माओवादी संगठन की नगद राशि पुलिस के हाथ लगी है। बालाघाट पुलिस अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।

जानकारी के अनुसार 12 दिसंबर की शाम जंगल में सर्चिंग के दौरान यह डंप मिला, जिसमें नकदी के साथ अन्य सामग्री भी रखी गई थी। पुलिस को यह सफलता आत्मसमर्पित माओवादी एमएमएसी सचिव कबीर और उसके साथियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर मिली है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माओवादी संगठन को जोन को मजबूत करने के लिए सेंट्रल कमेटी से फंड उपलब्ध कराया जाता था। इसके बाद एरिया कमेटी द्वारा इलाके में तेंदूपत्ता ठेकेदारों, सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्यों से जुड़े ठेकेदारों तथा स्थानीय लोगों से जबरन वसूली कर रकम जुटाई जाती थी। इस राशि का एक हिस्सा सेंट्रल कमेटी को भी भेजा जाता था।

किरनापुर के जंगल से मिला यह डंप नकदी की बरामदगी के लिहाज से अब तक का पहला मामला है। इससे इस संभावना को भी बल मिला है कि एमएमसी जोन में बड़ी मात्रा में नकदी और हथियारों के डंप मौजूद हो सकते हैं।

### रानी कमलापति से हरदा खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

**भोपाल।** डीआरएम पंकज त्यागी ने सोमवार को रानी कमलापति से हरदा खंड का पर संरक्षा एवं विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने रानी कमलापति-हरदा सेक्शन पर विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान गाड़ी संचालन से जुड़े सभी संरक्षा मानकों एवं उक्त सेक्शन के ट्रैक, ब्रिजों, ओएचई, समपार फाटको का निरीक्षण किया। साथ ही अमृत भारत योजना के तहत हरदा निमार्णाधीन रेलवे स्टेशन का कार्य प्रगति एवं गुणवत्ता का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान चल रहे पुनर्विकास कार्य एवं उनकी गुणवत्ता को बारीकी से जाँचा एवं उन्होंने संबंधित को पुर्नविकास कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त डीआरएम ने हरदा स्टेशन पर आगामी नान इंटरलाकिंग कार्य के मद्देनजर सभी संरक्षा पहलुओं को परखा एवं यार्ड रिमाडलिंग कार्य से संबंधित सभी मानकों की जानकारी ली। साथ ही गाड़ी संचालन से जुड़े स्टेशन मास्टर पैनल की कार्यप्रणाली की जाँच की।

## स्थानीय खेल समाचार

ओलंपियन तुलिका मान ने लगातार छठा गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा

# साई एनसीओई भोपाल ने सीनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप 2025 में 14 मेडल जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय खेल प्राधिकरण राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र भोपाल के एथलीटों ने सीनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप 2025, जो इम्फाल में आयोजित हुई, में शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 मेडल (6 गोल्ड, 2 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज) अपने नाम किए और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी श्रेष्ठता को दोबारा साबित किया। मुख्य आकर्षण रही ओलंपियन तुलिका मान, जिन्होंने लगातार छठा गोल्ड मेडल जीतकर भारतीय जूडो में अपनी विशेष पहचान बनाई। अन्य गोल्ड मेडल विजेता थे अस्मिता (48 किग्रा), इनुंगानबी (70 किग्रा), रितिका (78 किग्रा), अवतार सिंह (100 किग्रा), और रितिक सिंह (+100 किग्रा), जबकि सिल्वर मेडल रितु (52 किग्रा) और यश घंघास (+100 किग्रा) ने जीते। ब्रॉन्ज मेडल श्रद्धा (52 किग्रा), केंटु लैप (60 किग्रा), आराध्या चोपड़ा (90 किग्रा), श्रुति उनियाल (78 किग्रा), विशाल (100 किग्रा), और कंवरप्रीत कौर (+100 किग्रा) ने जीते।



तूलिका मान



विशाल






रितिका



रितिक



अवतार सिंह।

### क्षेत्रीय निदेशक चौहान ने दी बधाई

क्षेत्रीय निदेशक,एनसीओई भोपाल अभिषेक सिंह चौहान ने एथलीटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अत्यधिक खुशी व्यक्त की और सभी मेडल विजेताओं को बधाई देते हुए उनकी मेहनत, अनुशासन और कोचिंग स्टाफ के निरंतर प्रयासों की सराहना की। यशपाल सोलंकी (एचपीडी – जूडो) ने कहा, “यह हमारे लिए सीनियर नेशनल्स में इस वर्ष जूडो का एक मजबूत परिणाम है। अब हमारे पास संभावित एथलीटों के चेहरे हैं, जो आगामी कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं, और ऐसा लगता है कि जूडो भारत के लिए गेम्स में शीर्ष मेडलिंग डिसिप्लिन में से एक होगा।”

जबलपुर को 66 रनों से पराजित कर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम की

## इंदौर बना राधारमण आरजीपवी राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन



ट्रॉफी के साथ इंदौर की टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधारमण समूह के क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित राधारमण आरजीपीव राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में इंदौर की टीम ने जबलपुर को 66 रनों से पराजित कर टूर्नामेंट की चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम की। इंदौर की टीम ने चार विकेट खोकर 173 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जबलपुर की टीम 12.1 ओवर में 107 रन पर ऑलआउट हो गई। जबलपुर की ओर से प्रशांत कुमार राम ने 46 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। इंदौरके दीपेंद्र ने 3.1 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि दिव्य कृष्ण मित्तल और तनय पाटीदार ने 3–3 विकेट लेकर जीत को सुनिश्चित किया। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए दीपेंद्र को फाइनल का मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में डॉ. संजय भारद्वाज (द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित, गौतम गंभीर के कोच) और डॉ. मोहन सेन (कुलसचिव, आरजीपीवी) विशेष रूप से उपस्थित रहे। राधारमण समूह की ओर से ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पी के लाहिरी सहित समूह के अन्य महाविद्यालयों के डायरेक्टर मौजूद रहे।

एलएनसीटी में वेस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न

## लोक जागृति यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद बनी इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल की विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के तत्वावधान में एलएनसीटी विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, कोलार रोड, भोपाल में आयोजित वेस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में लोक जागृति यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद ने 8 अंकों के साथ ओवरऑल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मणिपाल यूनिवर्सिटी 7 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही, जबकि पारुल यूनिवर्सिटी, वडोदरा ने 4 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। एस.के.डी. यूनिवर्सिटी, हनुमानगढ़ 1 अंक के साथ चतुर्थ स्थान पर रही। पुरस्कार वितरण









समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. अनुपम चौकसे कुलाधिपति, जेएनसीटी, प्रो. डॉ. एन.के. थापक वाइस चांसलर, डॉ. राजेश त्रिपाठी चेयरमैन एआईसीपीई, पंकज कुमार जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी, डॉ. रमेश शुक्ला रजिस्ट्रार एवं आर. के. शर्मा खेल अधिकारी द्वारा विजेता, उपविजेता, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### बेस्ट स्पाइकर का पुरस्कार पटेल को

व्यक्तिगत पुरस्कारों में बेस्ट स्पाइकर का पुरस्कार लोक जागृति यूनिवर्सिटी के अजर पटेल को प्रदान किया गया। बेस्ट सेटर का पुरस्कार मणिपाल यूनिवर्सिटी के उत्कर्ष को तथा बेस्ट लिब्रो का पुरस्कार लोक जागृति यूनिवर्सिटी के आयुष चौधरी को दिया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में रैफरी एवं ऑफिशल्स को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

एम एम जगदाले ट्रॉफी अंडर-15 बॉयज टूर्नामेंट

## जबलपुर डिवीज़न और भोपाल डिवीज़न तीन दिवसीय मैच प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर -15 बॉयज इंटर डिवीज़नल एम. एम.जगदाले ट्रॉफी, (तीन दिवसीय) मल्टी-डे, जबलपुर के नीमखेड़ा एमपीसीए मैदान पर भोपाल और जबलपुर डिवीज़न के मध्य मैच प्रारम्भ हुआ। भोपाल डिवीज़न नें दिन का खेल खत्म होने तक 90 ओवर में 4 विकेट पर 315 रन बना लिए हैं, जिसमें प्रखर सिंह 142 रन पर नाबाद और ग्रंथ प्रजापति 140 रनों पर नाबाद खेल रहे हैं। जबलपुर डिवीजन से गेंदबाजी करते हुए रुद्राक्ष, मानवेन्द्र और आर्यन नें 1-1 विकेट लिए। कल दूसरे दिन का मैच खेला जाएगा।

### परमानंद भाई पटेल अंडर -22 में रीवा ने बनाए 240 रन

परमानंद भाई पटेल अंडर -22 बॉयज मल्टी डे चार दिवसीय मैच भोपाल के फ़ैथ मैदान पर उज्जैन और रीवा डिवीज़न के मध्य प्रारंभ हुआ। रीवा ने दिन का खेल खत्म होने तक 90 ओवर में 6 विकेट पर 240 रन बना लिए हैं, जिसमें अनंत वर्मा नें 95 रन,आयुष्मान द्विवेदी 67 रन, सागर प्रताप और अनंत दुबे 25-25 रन बनाए। उज्जैन डिविजन से गेंदबाजी में दीपेंद्र ठाकुर ने 5 विकेट लिए। कल दूसरे दिन का खेल खेला जाएगा।

मार्च पास्ट के साथ एथलेटिक स्पर्धाओं ने मोहा मन

## आईपीएस में खेल दिवस जेस्ट फेस्ट का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में जेस्ट फेस्ट स्पोर्ट्स डे 2025 का भव्य आयोजन अत्यंत जोश, उत्साह व उमंग के साथ शनिवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम की थीम थी 'हरित लक्ष्य स्वस्थ मन, जिसका उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ उप पुलिस आयुक्त,आईपीएस विवेक सिंह, एवं कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीणा ने ध्वजारोहण और मशाल प्रज्वलित कर किया तथा उन्होंने छात्रों को अनुशासन, मेहनत और खेल भावना





का संदेश दिया। स्कूल के चेयरमैन अशोक नंदा, वाइस चेयरमैन आलोक नंदा, अरुणा नंदा, तथा प्रधानाचार्या दीप्ति सिंह एवं उप प्रधानाचार्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने शानदार मार्च पास्ट, विभिन्न एथलेटिक स्पर्धाएं, एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों देकर सभी का मन मोह लिया।

### छोटे बच्चों ने लिया विभिन्न रेस में हिस्सा

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विभिन्न प्रकार की रेस रहीं। छोटे बच्चों ने उत्साह के साथ यम्मी टम्मी रेस, बज्ज रेस तथा अन्य मजेदार रेस में भाग लिया। मदर चाइल्ड और फादर चाइल्ड रेस में अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ दौड़कर मनोरंजन और सहभागिता का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या दीप्ति सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट में शैक्षिक, सहशैक्षिक तथा खेल-कूद उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

### जीएस पठानिया टूर्नामेंट में वीएस अकादमी और फेथ के बीच मुकाबला

भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन और सेज ग्रुप द्वारा आयोजित स्व. जी.एस.पठानिया सर अंडर -18 बॉयज इंटर क्लब /अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट, ओल्ड कैंपियन मैदान पर वी एस अकादमी और फ़ैथ क्लब के मध्य (दो दिवसीय) मैच प्रारम्भ हुआ, वी एस अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 84 ओवर में 296 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें आभास सिंह नें 75 रन,आदर्श नागर नें 45 रन और हर्ष आर्य 72 रन बनाकर नाबाद रहे। फ़ैथ क्लब से गेंदबाजी करते हुए देव रघुवंशी नें 4 विकेटऔर दिव्यांश तिवारी नें 2 विकेट लिए। जवाब में फ़ैथ क्लब ने बल्लेबाजी करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 5 ओवरों में 2 विकेट पर 32 रन बना लिये हैं, अनुयांश और विषवेश नाबाद खेल रहें हैं। वी एस अकादमी से सनी गुप्ता नें 2 विकेट लिया। कल दूसरे व अंतिम दिन का खेल होगा।

### अरेरा-एस अकादमी की भिड़ंत

बीडीसीए अंडर - 18 बॉयज में कैंप क्रिकेट मैदान पर (दो दिवसीय) अरेरा क्रिकेट अकादमी और एस क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच प्रारम्भ हुआ अरेरा ने 70.4 ओवर में 370 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें आयुष ने 135 रनों की शतकीय पारी खेली।

### अकीरा ने शिवाय को हराया

अंडर- 18 बॉयज शिवाय क्रिकेट अकादमी और अकीरा क्रिकेट अकादमी के मैच के दूसरे दिन शिवाय ने 43.3ओवरों में 137 रन बनाकर टीम ऑल आउट हो गई। जवाब में अकीरा ने 5 विकेट पर 237 रन बनए थे। इस तरह अकीरा ने शिवाय को बढ़त के आधार पर हराया।

# कैनवास पर रंग, प्रकृति और आत्मचिंतन की कहानी

## स्प्रिंकल्स एंड स्प्लैश आर्ट स्टूडियो में रीमा गुप्ता की सोलो पेंटिंग एग्जीबिशन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर स्थित स्प्रिंकल्स एंड स्प्लैश आर्ट स्टूडियो में सोमवार से रंगों, भावनाओं और कल्पना की एक अनूठी यात्रा की शुरुआत हुई। युवा चित्रकार रीमा गुप्ता की सोलो पेंटिंग एग्जीबिशन का शुभारंभ हुआ, जिसमें उनकी पिछले पांच वर्षों की रचनात्मक यात्रा को दर्शाती 60 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। यह प्रदर्शनी 20 दिसंबर तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

**60 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई**


चित्रकार रीमा गुप्ता

### प्रकृति से प्रेरित मल्टीपल मीडियम की कलाकृतियां

प्रदर्शनी में प्रदर्शित सभी चित्र मल्टीपल मीडियम में तैयार किए गए हैं। इनमें लैंडस्केप और प्रकृति से प्रेरित रचनाएं विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र हैं। चित्रों में प्रकृति की शांति, रंगों की सहजता और भावनाओं का सूक्ष्म संयोजन देखने को मिलता है, जो दर्शकों को ठहरकर सोचने और आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करता है।


चित्रकार रीमा गुप्ता की बनाई गई मनमोहक पेंटिंग।

### बचपन से ही रंग और कूची से जुड़ाव रहा

रीमा गुप्ता ने बताया कि उन्हें बचपन से ही रंगों और कूची के प्रति विशेष आकर्षण रहा है। चित्रकला उनके लिए केवल एक शौक नहीं, बल्कि हमेशा से प्रेरणा का स्रोत रही है। इसी गहरे लगाव ने उन्हें इसे अपने कॅरियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया।'माया' कैलेंडर का लोकार्पणप्रदर्शनी के दौरान रीमा की एक विशेष रचना के रूप में 'माया' नामक कैलेंडर का भी लोकार्पण किया गया।


चित्रकार रीमा गुप्ता की बनाई गई पेंटिंग।

### मेडिटेशन से बदली जीवन की दिशा

रीमा ने बताया कि लगभग छह महीने पहले हुए एक एक्सीडेंट के बाद वे कुछ समय तक कार्य करने में असमर्थ रहीं। इस कठिन समय में हीलिंग और मेडिटेशन ने उनकी रिकवरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन्हीं अनुभवों को आधार बनाकर उन्होंने 16 पेज का यह कैलेंडर तैयार किया है, जो आत्मचिंतन, सकारात्मकता और आशा का प्रतीक बनकर सामने आया है। कला प्रेमियों के लिए यह प्रदर्शनी न केवल रंगों और रचनात्मकता का अनुभव है, बल्कि जीवन, संघर्ष और आत्मिक शांति की कहानी भी कहती है। प्रदर्शनी 20 दिसंबर तक स्प्रिंकल्स एंड स्प्लैश आर्ट स्टूडियो, गौतम नगर में देखी जा सकती है।

---

## खबर संक्षेप



### भारत भवन में श्वेता संजय उरणे की एकल चित्र प्रदर्शनी आज

**भोपाल।** बहुकला केन्द्र भारत भवन में आज से रंगों और भावों की एक नई अभिव्यक्ति साकार होने जा रही है। रुपंकर प्रभाग के निर्देशन में आयोजित, इस एकल चित्र प्रदर्शनी में महाराष्ट्र के कोल्हापुर की समकालीन कलाकार श्वेता संजय उरणे की कलाकृतियों को कला प्रेमियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेमशंकर शुक्ल ने बताया कि यह प्रदर्शनी समकालीन कलाकारों की कृतियों की श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी का आयोजन रंगदर्शनी दीर्घा में किया जाएगा, जहां श्वेता उरणे की कलाकृतियां दर्शकों से बात करेंगी। यह एकल चित्र प्रदर्शनी 21 दिसंबर तक चलेगी। साथ ही प्रदर्शनी का शुभारंभ शाम 5 बजे होगा।

### राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत 18 को होगी चित्रकला स्पर्धा

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तत्वावधान 14 दिसंबर से 21 दिसंबर तक पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है और बिजली बचाने को लेकर विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा राजधानी भोपाल में चिनार पार्क में 18 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए ऊर्जा बचत और संरक्षण को लेकर 'स्मार्ट मीटरः बिजली की बचत और नियंत्रण हुआ आसान' थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राएं ऊर्जा बचत और संरक्षण के महत्व को समझेंगे साथ ही चित्रों के माध्यम से अपनी अभिरूचि व्यक्त कर सकेंगे।

### हिंदी भवन में व्याख्यान एवं रचनापाठ का आयोजन कल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी एवं मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद (संस्कृति विभाग) के निर्देशन में ज़िला अदब गोशा, द्वारा 17 दिसंबर को सिलसिला एवं तलाशे जौहर के अंतर्गत व्याख्यान एवं रचनापाठ किया जाएगा। यह कार्यक्रम हिंदी भवन के महादेवी वर्मा हॉल में दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कौसर सिद्दीक़ी होंगी। कार्यक्रम में डॉ. अब्दुल्लाह (अमेरिका) विशेष वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

---

## ग्वालियर में पांच दिनी तानसेन समारोह के 101वें संस्करण का शुभारंभ

# संगीत के सिलसिले का शंखनाद, गान मनीषी की ड्योढ़ी स्वर लहरियों से झंकृत

▶▶ ग्वालियर से मधुरिमा राजपाल

उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा ग्वालियर में आयोजित तानसेन समारोह का 101वां संस्करण तानसेन समाधि स्थल, ग्वालियर में स्वर लहरियों के साथ आरंभ हो गया। ऐतिहासिक ग्वालियर दुर्ग से पूरी दुनिया को शून्य का परिचय करा रहे चतुर्भुज मंदिर की थीम पर बने भव्य मंच की आभा में पांच दिवसीय इस अंतर्राष्ट्रीय संगीत समागम में समारोह की अध्यक्षता संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने की।




शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय, ग्वालियर के विद्यार्थियों एवं शिक्षक प्रस्तुति देते हुए।

### ध्रुपद गायन से हुआ मंगलारंभ

संगीत सभा का मंगलारंभ शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय, ग्वालियर के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत प्रशस्ति गान और ध्रुपद गायन से हुआ। प्रशस्ति के बोल थे ध्रुव कंठ स्वरोद्गार और ध्रुपद के भावपूर्ण बोल थे महादेव देवन पति, राग विहाग के स्वरों में सजी और चौताल में निबद्ध थी।

### तरुण भट्टाचार्य ने किया राग रागेश्री का चयन

इसके पश्चात पंडित तरुण भट्टाचार्य ने प्रस्तुति दी। उन्होंने पसंदीदा राग रागेश्री का चयन किया। माधुर्य से भरे आलाप और जोड़-झाला के बाद उन्होंने दो गतों की प्रस्तुति दी। वहीं अगली प्रस्तुति गायन की रही। डॉ. आभा एवं विभा चौरसिया ने राग कलावती से अपने गायन का आरंभ किया।

### शास्त्रीय अनुशासन और भावों की कोमलता

रात के उत्तरार्द्ध में राष्ट्रीय तानसेन सम्मान वर्ष 2024 से अलंकृत पंडित राजा काले की गायिकी ने सुरों को शब्दों का स्नेह दिया। उन्होंने ग्वालियर घराने की गायिकी को अपने गायन के केंद्र में रखा। उनकी स्वर-यात्रा में शास्त्रीय अनुशासन और भावों की कोमलता का सुंदर संतुलन दिखाई दिया। हर तान, हर ठहराव में एक सौम्य गरिमा थी, जिसने श्रोताओं को देर तक बांधे रखा।

**हरिभूमि चर्चा**

### 5 साल का था, तब मंच पर संतूर वादन किया, तब लोगों ने मुझे गोद में उठा लिया था...

*प्रसिद्ध संतूर वादक तानसेन सम्मान 2025 से सम्मानित तरुण भट्टाचार्य की हरिभूमि से खास बातचीत*

**भोपाल।** जब मैं 5 साल का था, तब मंच पर संतूर वादन किया, तब लोगों ने मुझे गोद में उठा लिया था। मेरे पिता जी एक सितार प्लेयर थे जो कि अब नहीं हैं। मेरे जन्म से पहले ही घर में संगीत का माहौल था, जब पिता जी गाते थे, तो माता जी को पास बिठा लेते थे, जिससे उनकी आवाज उनके कानों में जाए और मुझे सुनाई पड़े, बस यहीं से मेरी संगीत की शुरुआत हुई।



**पारंपरिक गुरुकुल के रूप में संतूर आश्रम की स्थापना**

हावड़ा में मेरा एक संतूर आश्रम है, जो एक पारंपरिक गुरुकुल के रूप में कार्य करता है, जहां मैं बच्चों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की शिक्षा देता हूं, ताकि वे एक बेहतर इंसान बन सकें और शास्त्रीय संगीत की विरासत को आगे बढ़ा सकें। यह आश्रम सिर्फ एक संगीत स्कूल नहीं, बल्कि एक पूर्ण मानव संसाधन विकास संस्थान है जो युवाओं को संगीत के माध्यम से सकारात्मक दिशा देता है।

### संगीत एक साधना है, जिसके लिए एक उम्र भी कम है...

**तानसेन सम्मान 2024 से सम्मानित राजा काले से हरिभूमि की खास बातचीत**

**भोपाल।** तानसेन सम्मान गुरु शिष्य परम्परा का सम्मान है... सभी कलाकारों को अनेकों पुरस्कार मिलता है, लेकिन तानसेन सम्मान की बात ही अलग है। यह कहना है तानसेन सम्मान से सम्मानित राजा कॉले का, हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि मेरे गुरु जी जितेंद्र अभिषेकी एक वर्स्टाइल सिंगर थे, मेरे पिता जी भी गाते थे, उनसे भी मैने सीखा, मेरे लिए संगीत एक साधना है जिसे सीखने के लिए पूरी उम्र भी लग जाए तो कम है।



---

## इंसानों का रिप्लेसमेंट कभी भी मशीन से नहीं हो सकता

*तानसेन समारोह में प्रस्तुति देने आईं जसपिंदर नरूला से हरिभूमि की खास बातचीत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/ग्वालियर



मशीन तो मशीन ही होती हैं, जो हम लोग स्टेज पर गाते हैं वह कभी भी मशीन परफॉर्म नहीं कर सकती। यहां तक कि रिकॉर्डिंग में इंसानों जैसा इनपुट मशीन कभी नहीं दे सकती, क्योंकि अपनी प्रस्तुति में हम अपना दिल, अपनी आत्मा को जोड़ देते हैं, जो मशीन कभी नहीं दे सकती। इसलिए कभी भी इंसानों का रिप्लेसमेंट मशीन से नहीं हो सकता।

यह कहना है प्रसिद्ध गायिका जसपिंदर नरूला का। जो तानसेन समारोह में प्रस्तुति देने आईं और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

**हरिभूमि चर्चा**

### जो असलियत है, खालिस है उसे ही तवज्जो दें..

उन्होंने कहा कि इसीलिए मैं लोगों से रिक्वेस्ट करती हूं कि आप मशीनों पर मत जाइए, इंसान की अहमियत समझें, उसकी कद्र करिए उसे ईश्वर ने बनाया है, जबकि मशीन आदमी ने बनाई है, इसलिए हमेशा कोशिश कीजिए जो असलियत है जो खालिस है उसे ही तवज्जो दें।

### पिता से कहा मुझे सूफियाना काफ़ी पसंद है, जिससे वो हैरान हो गए

उन्होंने कहा कि यदि मेरी ही बात की जाए तो मैं सूफियाना अंदाज में ज्यादा प्रस्तुति देती हूं। जो ईश्वर से कनेक्ट होती है, जब मैं 8 साल की थी तब मेरे पिता ने पूछा तुम्हे कौनसा गायन पसंद है। तब मैंने पिता से कहा कि मुझे सूफ़ियाना काफ़ी पसंद है। तब उन्हें हैरत हुई की इतनी छोटी बच्ची को सूफ़ियाना गीत के इतनी गहराई पसंद है।

---

## लघु फ़िल्म 'ग्वावा-ए मॉब लिंचिंग' कल 11वें खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव में की जाएगी प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'स्वर रंग फ़िल्म्स' के बैनर तले निर्मित और हुल शर्मा (राहुल्य) द्वारा निर्देशित मूक लघु फ़िल्म 'ग्वावा - ए मॉब लिंचिंग को प्रतिष्ठित खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में स्क्रीनिंग के लिए चुना है। 14 मिनट की फिल्म का प्रीमियर 17 दिसंबर को होगा। फ़िल्म का निर्माण और संगीत अंतरराष्ट्रीय सितार वादिका स्मिता नागदेव ने किया है। बिना डायलॉग्स की यह फिल्म, भारत में भीड़ सक्रियता के बढ़ते खतरे पर टिप्पणी है। राग 'मियां की तोड़ी' में रचित इसका बैकग्राउंड म्यूजिक एक अलग ही भाव जगत में ले जाता है। निर्देशक राहुल शर्मा ने कहा, हमने इस फिल्म को भीड़ हिंसा के ख़िलाफ़ एक मूक चीख के रूप में बनाया है।



### ग्रामीणों के लिए विशेष स्क्रीनिंग

फ़िल्म की शूटिंग मप्र के शाहपुर और कोठार गांव (बैरसिया तहसील) में की गई है। ग्रामीणों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद देने के प्रयास में, 'स्वर रंग फ़िल्म्स' ने मंगलवार को कोठार गांव, शाहपुर में फ़िल्म की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की।

---

## रील और सरोकारहीन कंटेंट से जूझ रही है पत्रकारिताः सलमान रावी

# जब दूसरे समाप्त हो जाते हैं, तब आतंक अपनों को भी नहीं छोड़ता : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*विजय दिवस की पूर्व संध्या पर एमसीयू के जनसंचार विभाग के प्रायोगिक पत्र पहल के बांग्लादेश विशेषांक का लोकार्पण*

बांग्लादेश विजय दिवस की पूर्व संध्या पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के प्रायोगिक पत्र पहल के बांग्लादेश विशेषांक का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम में बीबीसी के पूर्व वरिष्ठ पत्रकार सलमान रावी, बंगाली एसोसिएशन कालीबाड़ी के महासचिव सलिल चटर्जी तथा विवि के कुलगुरु प्रो. विजय मनोहर तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कुलगुरु प्रो. तिवारी ने अध्ययनशीलता, प्रयोगधर्मिता और समसामयिक विषयों की गहन पड़ताल पर बल देते हुए कहा कि बांग्लादेश के संदर्भ में यह स्पष्ट होता



है कि जब अन्य विकल्प समाप्त हो जाते हैं, तब आतंकवाद अपनों को भी नहीं छोड़ता। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे पत्रकारिता को केवल सूचना नहीं, बल्कि जिम्मेदार सामाजिक हस्तक्षेप के रूप में देखें। बीबीसी के पूर्व विशेषज्ञ संवाददाता सलमान रावी ने कहा कि आज की पत्रकारिता का सबसे बड़ा संघर्ष रील, मीम और सरोकार-विहीन कंटेंट की बाढ़ से है। उन्होंने कहा कि ऐसे दौर में पत्रकारिता के विद्यार्थियों को शोध, मुद्दों की गहरी समझ और संदर्भ के साथ प्रस्तुति की क्षमता विकसित करनी होगी।

---

## हाल ही में रियल्टी शो तेलुगु बिग बॉस 9 की कंटेस्टेंट रही फ्लोरा सैनी

# बिग बॉस ऐसा शो जो आपको खुद को समझने का देता है मौका

### भोपाल पहुंचीं अभिनेत्री फ्लोरा सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेरे दिल के बहुत करीब है। यहां की शांति, लोग और लोकेशन मुझे हमेशा आकर्षित करते हैं। भोपाल और आसपास की कई खूबसूरत जगहों पर मेरी फिल्मों और वेब सीरीज़ की शूटिंग हो चुकी है, इसलिए यहां आना घर लौटने जैसा लगता है।



### बिग बॉस रियल है, रील नहीं

फ्लोरा सैनी बताया बिग बॉस करना मेरी हमेशा से एक विश रही है और मैंने इस बार तेलुगु बिग बॉस 9 में करके मैंने उसे पूरा कर लिया। यह शो आपको खुद को समझने का मौका देता है। कैमरों के बीच रहकर अपनी असली पर्सनैलिटी सामने लाना आसान नहीं होता, लेकिन मैंने इस अनुभव को पूरी ईमानदारी से जिया और यह शो पूरी तरह से रियल होता है, रील नहीं ।

### फिल्म स्त्री के बाद आपके कॅरियर में बड़ा बदलाव देखने को मिला

फ्लोरा ने बताया स्त्री मेरे कॅरियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुई। इस फिल्म के बाद इंडस्ट्री ने मुझे एक नए नजरिए से देखा। अच्छे और मजबूत किरदार मिलने लगे और दर्शकों से जो प्यार मिला, उसने मुझे और मेहनत करने की प्रेरणा दी।

### मध्यप्रदेश की लोकेशन शूटिंग के लिए बहुत खूबसूरत

फ्लोरा कहती है कि मध्य प्रदेश में यहां की लोकेशन बहुत वर्सेटाइल हैं। चाहे शहर हो या आसपास का नैचुरल बैकग्राउंड, हर तरह की कहानी यहां शूट की जा सकती है। मैं चाहूंगी कि भविष्य में भी यहां ज्यादा से ज्यादा प्रोजेक्ट्स हों।

### लाइनअप है अपकमिंग प्रोजेक्ट

फ्लोरा ने बताया कि कुछ बहुत दिलचस्प फिल्में और वेब सीरीज़ लाइनअप में हैं। मैं चाहती हूं कि दर्शक मुझे अलग-अलग और चुनौतीपूर्ण किरदारों में देखें जो जल्द देखने को मिलेगा ।

---

## मानव संग्रहालय में झारखंड के कलाकारों की सशक्त सहभागिता

# परंपरा और मिथक का संगम 'सोहराई–कोहबर' चित्रांकन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय की मिथक वीथी मुक्ताकाश प्रदर्शनी में झारखंड की पारंपरिक 'सोहराई–कोहबर' लोकचित्र कला से संबंधित नए प्रादर्श सोमवार को पारंपरिक विधि-विधान के साथ किया गया। इस अवसर पर झारखंड के हजारीबाग जिले से आए छह कलाकारों ने सहभागिता की, जिनमें प्रमुख कलाकार रुदन देवी, अनीता देवी, आशा देवी, मोहनी देवी, रीना देवी तथा अमित कुमार शामिल रहे। कलाकारों ने पारंपरिक शैली में चित्रांकन कार्य आरंभ कर दर्शकों को जीवंत लोककला का अनुभव कराया। लोककला की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. पी. अनुराधा, कार्यक्रम समन्वयक द्वारा कलाकारों का औपचारिक परिचय प्रस्तुत किया गया।



### सोहराई गीत और दीप प्रज्जवलन के साथ शुभारंभ

इस अवसर पर एक महिला कलाकार द्वारा सुमधुर सोहराई गीत की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात प्रो. अमिताभ पांडे, निदेशक, डॉ. सूर्य कुमार पांडे, कार्यालयाध्यक्ष, हेमंत बहादुर सिंह परिहार, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी. अनुराधा द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन कर चित्रांकन शिविर का शुभारंभ किया गया। यह संपूर्ण आयोजन सोहराई–कोहबर चित्रकला की अनुष्ठानिक परंपरा को सजीव रूप में प्रस्तुत करता दिखाई दिया।

### सोहराई–कोहबर चित्रकला

एक अनूठी जनजातीय विरासत सोहराई और कोहबर चित्रकला झारखंड की स्थानीय आदिवासी महिलाओं द्वारा निर्मित एक प्राचीन एवं अनुष्ठानिक भित्ति चित्रकला है, जो विशेष रूप से हजारीबाग जिले में प्रचलित है। यह कला विवाह एवं फसल कटाई के अवसर पर बनाई जाती है, जिसमें प्राकृतिक रूप से प्राप्त काली एवं रंगीन मिट्टी का उपयोग किया जाता है। लोक एवं जनजातीय कला को जनसामान्य से जोड़ने का प्रयास संग्रहालय के जनसंपर्क अधिकारी हेमंत बहादुर सिंह परिहार ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोक एवं जनजातीय कला परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत करना तथा मिथकीय कथाओं को दृश्य माध्यम से आमजन तक पहुंचाना है।

भाजपा सांसद ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, पर माफी भी मांगी थी

# कब्र... वाली बात पर भड़के नड्डा-रिजिजू, बोले- सोनिया गांधी-खरगे समेत पूरी कांग्रेस पीएम मोदी से मांगे माफी




## रामलीला मैदान में लगे थे आपत्तिजनक नारे ?

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई कांग्रेस की रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथित अपमान वाले नारे को लेकर राजनीति तेज हो गई है। प्रधानमंत्री के कथित अपमान के इस मामले में पूरा सत्तापक्ष आक्रामक दिखा। लोकसभा के साथ-साथ राज्यसभा में भी सत्ता पक्ष के सांसदों ने पीएम मोदी के कथित अपमान को लेकर जमकर हंगामा हुआ। राज्यसभा में सदन के नेता और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोनिया गांधी से माफी मांगने की मांग की। नड्डा ने कांग्रेस पार्टी की रैली में कही गई बातों को लेकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की रैली में नारे लगे, मोदी तेरी कब्र खुदेगी, आज नहीं तो कल खुदेगी। नड्डा ने कहा कि ऐसे नारे कांग्रेस पार्टी की मानसिकता को दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि ये नामदारों की झुंझलाहट को भी स्पष्ट करता है। उन्होंने कहा कि एक प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी बातें कहना और मृत्यु की कामना करना बहुत निंदनीय है। नड्डा ने कहा कि इस घटना के लिए नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी की नेता सोनिया गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री नड्डा के ऐसा कहने पर सदन में दोनों पक्षों की तरफ से जमकर हंगामा हुआ। हंगामे के बीच नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राजनीति का स्तर इतना गिरा दिया है, जो कल्पना से परे है।

**नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने राजनीति का स्तर गिरा दिया है**


जेपी नड्डा ने उठाया मामला


किरेन रिजिजू ने मांफी मांगने की मांग की

## भाजपा सांसद रहीं निरंजन ज्योति ने मांगी थी माफी

किरेन रिजिजू ने कांग्रेस को याद दिलाया कि जब 2014 में भाजपा सांसद रहीं निरंजन ज्योति ने विपक्ष के एक नेता के लिए गलत शब्द इस्तेमाल किया था, इस पर तुरंत पीएम मोदी ने उनसे संसद में माफी मांगने के लिए कहा था और सांसद ने माफी मांगी थी। रिजिजू ने कहा कि लोकतंत्र में भाषा किस स्तर की हो, यह सभी को समझना चाहिए। भाजपा और एनडीए की तरफ से कभी भी किसी का नाम लेकर माता-पिता या किसी अन्य नेता के लिए 'मौत' शब्द का इस्तेमाल नहीं किया। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि हम एक-दूसरे का कितना भी विरोध करें, फिर भी हम एक-दूसरे का सम्मान करते हुए शुभकामनाएं देते हैं। राजनीतिक लड़ाइयां अलग होती हैं, लोकतंत्र में हर किसी को राजनीति करने का अधिकार है और हम अलग-अलग तरीकों से एक-दूसरे की आलोचना या विरोध करते हैं। लेकिन कोई भी कभी किसी दूसरे व्यक्ति को मारने के बारे में सोचता या बोलता नहीं है। यह किस तरह की मानसिकता है जो खुलेआम किसी विरोधी को मारने के लिए उकसाती है?

### अध्यक्ष को देश से मांगनी चाहिए माफी

रिजिजू ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री को दुनिया और हमारे 1.4 अरब लोगों का देश दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता के तौर पर पहचानता है। यह बहुत दुख की बात है और अफसोसजनक है कि विपक्ष के कुछ सदस्य उनके खिलाफ आपत्तिजनक बात कर रहे हैं। किरेन रिजिजू ने दोहराया कि सिर्फ खंडन करना काफी नहीं है। संसद में कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष नेता को देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्हें संसद में देश के लोगों से खुलेआम माफी मांगने में देरी नहीं करनी चाहिए। तभी हम समझेंगे कि गलती हुई थी और कांग्रेस पार्टी ने इसे मान लिया है।

### कांग्रेस की रैली में लगाए गए थे आपत्तिजनक नारे

इस बीच, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक नारों की आलोचना की है। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। किरेन रिजिजू ने सोमवार को संसद सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि देश की जनता ने सुना कि कांग्रेस पार्टी की रैली में क्या कहा गया। लोकतंत्र में हम सब सहयोगी हैं, दुश्मन नहीं। लेकिन कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाए गए। मेरा मानना है कि लोकतंत्र में ऐसा घटिया और शर्मनाक स्तर पहले कभी नहीं देखा गया। संसद का सत्र चल रहा है, और कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

## परमाणु ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ा 'शांति' विधेयक किया पेश



लोकसभा में सोमवार को परमाणु ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ा विधेयक पेश किया, जिसका उद्देश्य भारत के कुल ऊर्जा जरूरतों में परमाणु ऊर्जा की भागीदारी बढ़ाना है। यह विधेयक परमाणु विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार को प्रोत्साहित करना और इसके उपयोग को गैर विद्युत क्षेत्र तक बढ़ाने के लिए है। इसका उद्देश्य सुरक्षा, रक्षा उपाय और परमाणु दायित्व के प्रति भारत की प्रतियोगिताओं का निरंतर पालन करना भी है। केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने सतत दोहन और भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन एवं अभिवर्धन विधेयक, 2025 या शांति विधेयक (सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट का न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया) पेश किया। इसका उपयोग बिजली उत्पादन, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, शोध, पर्यावरण और नवाचार में किया जाएगा। साथ ही, सुरक्षित उपयोग हेतु सशक्त नियामक ढांचा और जनकल्याण सुनिश्चित किया जाएगा। विधेयक से बनने वाला अधिनियम परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 और परमाणु नुकसान के लिए सिविल दायित्व अधिनियम, 2010 का स्थान लेगा। प्रस्तावित कानून का उद्देश्य सार्वजनिक-निजी भागीदारी और संयुक्त उद्यम के माध्यम से सार्वजनिक और निजी खिलाड़ियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना और बड़े पैमाने पर छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों की तैनाती को बढ़ावा देना है।

■ **सिविल दायित्व अधिनियम, 2010 का स्थान लेगा**

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने हिटलर से की ममता बेनर्जी की तुलना

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की बंगाल यूनिट ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर तंज कसा है। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सीएम ममता को 'तानाशाह' बताया है और उन्हें हिटलर से जोड़ा है। ममता बेनर्जी के चेहरे की फोटो जर्मनी के कुख्यात शासक रहे एडोल्फ हिटलर के साथ फ्रेम में लगाते हुए पोस्ट किया गया है।



### अंकिता और विक्की जैन के ठिकानों पर छापे

**रायपुर।** टीवी स्टार अंकिता लोखंडे और उनके पति, बिज़नेसमैन विक्की जैन के परिवार को हाल ही में एक बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ा। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में उनके परिवार से जुड़े कोयला कारोबार पर स्टेट जीएसटी विभाग ने बड़े स्तर पर छापेमारी की।



### 15 जनवरी को होगा बीएमसी के लिए मतदान

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 महानगरपालिकाओं के चुनावों के शेड्यूल की घोषणा कर दी गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने जानकारी दी है कि बीएमसी समेत सभी 29 महानगरपालिका के चुनाव एक ही चरण में होंगे। 15 जनवरी 2026 को वोटिंग और 16 जनवरी को चुनाव के नतीजे आएंगे।




दिल्ली की जहरीली हवा पर सीजेआई सूर्यकांत ने सख्त लहजे में कहा


# अमीर प्रदूषण फैलाते हैं और गरीब मार झेलते हैं, कल सख्त निर्देश देने के दिए संकेत

भारत में होने वाली सभी मौतों में से 7.2% वायु प्रदूषण से

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नई दिल्ली। बढ़ती ठंड के साथ दिल्ली में प्रदूषण ने एक बार फिर रिकॉर्ड तोड़ना शुरू कर दिया है। राजधानी के ज्यादातर इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 500 के करीब पहुंच गया है। दिल्ली में प्रदूषण के मद्देनजर अब कनाडा, सिंगापुर और यूके सरीखे कई देशों ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण से बुरा हाल हो गया है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बिगड़ते वायु प्रदूषण से जुड़ी याचिकाओं पर कल यानी 17 दिसंबर को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम पामचोली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह की दलीलों पर गौर किया। इस सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कुछ निर्देश जबरन लागू किए जा सकते हैं, लेकिन शहरी महानगरों में लोग गंभीर प्रदूषण के बावजूद अपनी लाइफस्टाइल नहीं बदलना चाहते हैं। इस दौरान एमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने कहा कि जब तक यह अदालत कोई निर्देश नहीं देती, अधिकारी पहले से मौजूद प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते हैं। इस पर सीजेआई ने कहा, यह मामला बुधवार को तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष आएगा और इस पर सुनवाई होगी।चीफ जस्टिस ने कहा, हम समस्या को जानते हैं और हम ऐसे आदेश पारित करेंगे जिनका पालन किया जा सके। कुछ निर्देश ऐसे हैं जिन्हें बलपूर्वक लागू किया जा सकता है। महानगरों में लोगों की अपनी लाइफस्टाइल होती है और वो गंभीर वायु प्रदूषण के बावजूद उसमें बदलाव नहीं लाना चाहते। लेकिन गरीबों का क्या होगा। इस पर एमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने कहा कि गरीब मजदूर सबसे अधिक पीड़ित हैं। इससे पहले पीठ ने कहा था इस समस्या के अल्पकालिक और दीर्घकालिक समाधान खोजने के लिए महीने में दो बार मामले की सुनवाई की जाएगी। बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे से जुड़े एक आवेदन का हवाला देते हुए कोर्ट से कहा गया कि पहले के आदेशों के बावजूद स्कूल बाहरी खेल गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं।

**बच्चों में मृत्यु दर में लगभग 100% तक की वृद्धि दर्ज की गई है**




दिल्ली में चौतरफा धुंध

### 10 शहरों में हर साल 34 हजार लोग प्रदूषण से मरते हैं

मनरेगा के अलावा कांग्रेस ने सरकार को प्रदूषण के मुद्दे पर भी कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा, 9 दिसंबर, 2025 को मोदी सरकार ने राज्यसभा में घोषणा की थी कि देश में ऐसा कोई निर्णायक डाटा उपलब्ध नहीं है जिससे यह साबित हो सके कि मृत्यु/बीमारी का सीधा संबंध वायु प्रदूषण से है। कांग्रेस महासचिव के मुताबिक सरकार ने दूसरी बार चौंकाने वाली असंवेदनशीलता दिखाई है। इससे पहले 29 जुलाई 2024 को भी राज्यसभा में यही दावा किया था। उन्होंने आंकड़ों का उल्लेख करते हुए सरकार को घेरा और कहा, लैंसेट पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि भारत में होने वाली सभी मौतों में से 7.2% वायु प्रदूषण से संबंधित हैं। केवल 10 शहरों में प्रति वर्ष लगभग 34,000 मौतें हो रही हैं। अगस्त 2024 में मुंबई स्थित इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंसेज ने सरकारी आंकड़ों का अध्ययन कर बताया था कि देश के जिन जिलों में वायु प्रदूषण राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएओएस) से अधिक है, वहां वयस्कों की समय से पहले मौत हो रही है।

### सिंगापुर, यूके और कनाडा ने जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली में सिंगापुर उच्चायुक्त ने एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से फ्लाइट का स्टेटस चेक करने की अपील की है। उनका कहना है कि प्रदूषण के कारण फ्लाइट रदद हो सकती हैं। यूनाइटेड किंगडम ने भी गर्भवती महिलाओं, दिल और सांस की बीमारी से जूझने वाले लोगों को भारत की यात्रा करने से पहले डॉक्टर की सलाह लेने की सलाह दी है। यूके ने अपनी एडवाइजरी में लिखा, वायु प्रदूषण स स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता है। कनाडा ने भी ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए कहा, दिल्ली में धुंध के कारण वायु प्रदूषण बेहद खतरनाक हो सकता है। सर्दियों में उत्तर भारत में धूल भरी आंधियां आती हैं।

### कोहरे का कहरः भिड़े 20 वाहन, दो की मौत

कोहरे के कहर चलते सोमवार को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पटाकपुर गांव के समीप फिल्मी अंदाज में 20 से भी ज्यादा वाहन एक साथ टकराने से कार में सवार सीआईएसएफ इंस्पेक्टर हरीश व जयपुर के एक व्यवसायी 45 वर्षीय मोहम्मद खलील की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन लोग इस हादसे में घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सीआईएसएफ इंस्पेक्ट हरीश राजस्थान के बी16 आंबेडकर नगर अलवर का रहने वाला था। जबकि दूसरा मृतक मोहम्मद खलील आदर्श नगर जयपुर का रहने वाला था। अल सुबह हुई इस घटना के बाद डीएमई पर जाम लग गया। जाम के कारण बचाव दल को पहुंचने में भी काफी देर लग गई। स्थानीय गांव के लोगों ने घायलों की मदद की। काफी मशक्कत के बाद घायलों को भिजवाया गया।वहीं सुबह कोहरे के कारण परिवहन विभाग की चंडीगढ जा रही सवारियों से भरी बस घासेड़ा गांव के समीप सड़क बनाने वाले एक वाहन से टकरा गई। जिसमें ड्राइवर शब्बीर अहमद व तीन अन्य सवारियों को मामूली चोटें आई।




दिल्ली हाईकोर्ट हुआ हाइब्रिड !

## वायु प्रदूषण के बीच घर बैठे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में होने के कारण दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को बार के सदस्यों और खुद पेश होने वाली पार्टियों को सलाह दी कि जहां भी सुविधाजनक हो, उनके सामने लिस्टेड मामलों में हाइब्रिड तरीके से पेश हों।रजिस्ट्रार जनरल अरुण भारद्वाज द्वारा जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है, मौजूदा परिस्थिति को देखते हुए यह निर्देश दिया जाता है कि यदि सुविधाजनक हो, तो बार के सदस्य/खुद पेश होने वाली पार्टियां अदालतों के सामने लिस्टेड अपने मामलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा के माध्यम से हाइब्रिड तरीके से पेश हो सकते हैं। यह सलाह ऐसे समय आई है जब दिल्ली की हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' कैटेगरी में बनी रही। सुबह-सुबह ओवरऑल एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 457 तक पहुंच गया और कई इलाकों में 500 के निशान के करीब रिकॉर्ज किया गया। लोग सोमवार को घने कोहरे और कम विजिबिलिटी केबीच अपने दफ्तर जाते दिखे। कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) के स्टेज-4 के तहत सबसे सख्त पाबंदियां लागू कीं है।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया था विकल्प

रविवार को इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने भी इसी तरह की एडवाइजरी जारी की थी, जिसमें वकीलों और मुकदमों से जुड़े लोगों से बिगड़ती हवा की गुणवत्ता के बीच वर्चुअल या हाइब्रिड सुनवाई का विकल्प चुनने का आग्रह किया गया था। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने कहा कि यह एडवाइजरी चीफ जस्टिस सूर्यकांत के निर्देशों पर जारी की गई थी, जिसमें अगर सुविधाजनक हो तो उचित मामलों में वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं का इस्तेमाल करने का आग्रह किया गया था। सोमवार को, सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में वायु प्रदूषण को कंट्रोल करने से जुड़ी एक जनहित याचिका पर तुरंत सुनवाई के लिए सहमत हो गया।

आईसीएमआर की एक पत्रिका में प्रकाशित हुआ शोध

एम्स और आईसीएमआर की रिसर्च में हुआ खुलासा

# कोविड वैक्सीन के कारण युवाओं की हार्ट अटैक से नहीं हुई मौत, वजह अत्याधिक शराब-दिनचर्या

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत में युवाओं में अचानक होने वाली मौतों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के एक संयुक्त शोध अध्ययन ने इस पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है। शोध के प्रारंभिक निष्कर्षों में कहा गया है कि इन मौतों का कोविड-19 टीकाकरण से कोई संबंध नहीं है। एम्स दिल्ली के पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुधीर अरावा ने इस शोध के परिणामों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि अचानक होने वाली मौतों का कोविड-19 वैक्सीनेशन से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने युवाओं में अचानक होने वाली मौतों के कारणों का विश्लेषण किया और पाया कि इसका मुख्य कारण दिल का दौरा था। जब कोरोनरी धमनियां अवरुद्ध हो जाती हैं, तो हृदय का सामान्य कामकाज रुक जाता है, जिसके कारण अचानक मौत हो जाती है। बता दें, यह अध्ययन एक वर्षीय शोध पर आधारित था और इसके परिणाम आईसीएमआर की एक पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोध में यह भी स्पष्ट किया गया कि अब तक भारत में इस तरह की अचानक मौतों का कोई दस्तावेजीकरण नहीं हुआ था, हालांकि, एम्स के शोध में इसे दर्ज किया गया है।डॉ. अरावा ने युवाओं में अचानक मौतों के अन्य संभावित कारणों को समझाते हुए कहा कि जीवनशैली एक बड़ा कारण हो सकता है। आजकल युवाओं में अत्यधिक शराब का सेवन, अनियमित खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी देखी जा रही है, जो दिल के दौरे का कारण बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी जीवनशैली में सुधार लाने की आवश्यकता है। डॉ. अरावा ने आगे यह भी बताया कि आनुवंशिक विश्लेषण पर आधारित शोध भी जारी है ।

» अचानक मौतों का कोई दस्तावेजीकरण नहीं हुआ, लेकिन एम्स ने शोध में इसे दर्ज किया गया। फिर इस पर लंबे समय तक रिसर्च हुई




### वैक्सीनेशन से कोई संबंध नहीं: शोधकर्ता

इस बीच जब शोधकर्ताओं से पूछा गया कि क्या कोविड-19 वैक्सीनेशन और युवाओं की अचानक मौतों के बीच कोई संबंध है, तो डॉ. अरावा ने कहा कि हमने इस संभावना को भी ध्यान में रखा था, लेकिन हमारे शोध से यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि इन मौतों का कोविड-19 वैक्सीनेशन से कोई संबंध नहीं है। इस शोध ने यह साबित कर दिया है कि कोविड-19 टीकाकरण युवाओं में अचानक मौतों का कारण नहीं है।

श्रीबांके बिहारी मंदिर में दर्शन की टाइमिंग पर बोले सीजेआई

# देवता को एक मिनट भी विश्राम नहीं करने देते धनी लोग, मोटी फीस देकर करने लगते हैं पूजा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर में वीआईपी दर्शन-पूजा पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि देवता को विश्राम नहीं करने दिया जा रहा। जब आम श्रद्धालु दर्शन नहीं कर सकते, उस समय मोटी फीस देने वालों के लिए विशेष पूजा का आयोजन होता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचौली की बेंच मंदिर के सेवायतों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिन्होंने कोर्ट की तरफ से नियुक्त कमेटी के निर्देश का विरोध किया है। कमेटी ने आम श्रद्धालुओं के लिए दर्शन का समय बढ़ाने को कहा है। हालांकि, कोर्ट ने सुनवाई के अंत में हाई पावर्ड कमेटी को नोटिस जारी कर दिया। जनवरी में मामले की सुनवाई होगी। याचिका में श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025 को चुनौती दी गई है। मंदिर के सेवाधिकारी का कहना है कि मंदिर का प्रबंधन साल 1939 में बनी एक विशेष योजना के तहत होता आया है और उस पर सरकार का अधिकार नहीं है।


फाइल फोटो

कोर्ट ने श्रद्धालुओं के लिए दर्शन का समय बढ़ाने को कहा

रिपोर्ट के अनुसार याचिकाकर्ता के वकील सीनियर एडवोकेट श्याम दीवान ने कहा कि दर्शन की टाइमिंग में बदलाव किया गया है, जो मंदिर के अनुष्ठानों का अभिन्न हिस्सा है। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने पूछा कि अगर दर्शन की टाइमिंग बढ़ा दी गई तो इसमें परेशानी की क्या बात है। याचिकाकर्ता का कहना है कि अगर दर्शन की टाइमिंग में बदलाव किया जाता है तो उसका मतलब है मंदिर के अंदर अनुष्ठानों में भी बदलाव, जिनमें देवताओं का आराम करना भी शामिल है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, 'दिन में 12 बजे मंदिर बंद होने के बाद ये देवता को एक मिनट के लिए भी विश्राम नहीं करने देते हैं।

## खबर संक्षेप

### चिली के नए राष्ट्रपति बने जोस एंटोनियो कास्ट

**सैंटियागो।** जोस एंटोनियो कास्ट चिली के नए राष्ट्रपति बन गए हैं। चुनाव अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार दक्षिणपंथी रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार कास्ट ने राष्ट्रपति पद के दूसरे चरण के चुनाव में बड़ी जीत हासिल की है। चिली चुनाव आयोग के अनुसार रन-ऑफ में 99.33 फीसदी वोटों की गिनती हुई। कास्ट को 99.33 में से 58.18 फीसदी वोट मिले। वहीं चिली के सत्ताधारी वामपंथी गठबंधन के उम्मीदवार जीनेट जारा को 41.82 फीसदी वोट मिले।




### पाक में ड्रोन के गिरने से 3 बच्चों की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक आवासीय क्षेत्र में ड्रोन के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना खैबर पख्तूनख्वा में बन्नू जिले के मुमंद खेल इलाके में हुई जहां शनिवार देर रात एक ड्रोन घनी आबादी वाले इलाके में गिर गया जिससे बच्चों सहित कई लोग हताहत हुए। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और घायल बच्चे एवं मृतकों के शवों को पास के अस्पताल में पहुंचाया।



### जयशंकर आज से इजराइल के दौरे पर

**यरुशलम।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर मंगलवार को इजराइल पहुंचेंगे, जहां वह देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जयशंकर अपनी संक्षिप्त यात्रा के दौरान राष्ट्रपति आइजेक हर्जोग व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे और अपने समकक्ष गिदोन सार के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार चर्चा द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर केंद्रित होगी।



### हिंसा में 5 की मौत के बाद आपातकाल घोषित

**ग्वाटेमाला।** ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति बर्नार्डो एरेवालो ने पश्चिमी ग्वाटेमाला की दो नगरपालिकाओं में आपातकाल लागू किए जाने की रविवार को घोषणा की। ग्वाटेमाला में सशस्त्र लोगों द्वारा एक सैन्य चौकी एवं एक पुलिस थाने पर हमला किए जाने, सड़कों को अवरुद्ध किए जाने और बसों का अपहरण किए जाने के एक दिन बाद यह घोषणा की गई। इन हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। एरेवालो ने कहा कि आपराधिक गिरोह सुरक्षा बलों को पीछे हटने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं ।



---

विजय दिवस के मौके पर होगी अमर शहीदों को दी जाने वाली सच्ची श्रद्धांजलि

# राष्ट्रपति भवन में बनी 'पीवीसी' विजेताओं की पहली गैलरी का आज उद्घाटन करेंगी राष्ट्रपति

अलग खबर

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

देश के इतिहास में मंगलवार (16 दिसंबर 2025) का दिन स्वर्णाक्षरों में दर्ज होने वाला है। कारण, एक ओर जहां आज पूरा देश 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को दी गई करारी शिकस्त की 54वीं वर्षगांठ का जश्न धूमधाम से मना रहा है। तो दूसरी ओर 1947 में मिली आजादी के बाद से लेकर अब तक देश के सर्वोच्च सैन्य अलंकरण यानी परमवीर चक्र (पीवीसी) से सम्मानित किए गए कुल 21 जांबाज योद्धाओं के सम्मान में राष्ट्रपति भवन में तैयार की गई पहली 'पीवीसी गैलरी' का कोई और नहीं बल्कि सर्वोच्च सेनाओं की शीर्ष कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उद्घाटन करेंगी। यह विजय दिवस के अवसर पर महामहिम की ओर से देश के वीर शहीदों को दी जाने वाली एक सच्ची और भावपूर्ण श्रद्धांजलि होगी।



### पीवीसी पुरस्कार की विशेषता

परमवीर चक्र देश के सैन्यकर्मियों को युद्धकाल में दुश्मनों के सामने प्रदर्शित की जाने वाली उच्च-कोटि की शूरवीरता, त्याग और बलिदान के लिए दिया जाता है। इस सम्मान की स्थापना भारत के गणराज्य घोषित होने की तारीख यानी 26 जनवरी 1950 को की गई थी। लेकिन ये 15 अगस्त 1947 से लागू है। ऐतिहासिक रूप से देखें तो पीवीसी भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न के बाद दिया जाने वाला दूसरा सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित सम्मान है। भारतीय सेनाओं के किसी भी अंग (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) के अधिकारी, कर्मचारी अथवा रिजर्व बल, परंपरागत सेना के कर्मी इस पुरस्कार के असल पात्र होते हैं। पूर्व समय में पीवीसी को आजादी से पहले ब्रिटिश सेना में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैन्य योद्धाओं को प्रदान किए जाने वाले सर्वोच्च सम्मान विक्टोरिया क्रास के बराबर माना जाता था।

### ये हैं भारत के 21 पीवीसी विजेता

भारत में आजादी के बाद से लेकर अब तक कुल 21 परमवीर चक्र विजेता हुए हैं। जिनमें सबसे पहले मेजर सोमनाथ शर्मा का नाम आता है। जिन्हें 1947 में कश्मीर के बडगाम में पाकिस्तानी घुसपैठियों (कबालियों) और उनकी आड़ में भारत पर हमला बोलने वाले दुश्मन देश के सैनिकों के साथ हुई भीषण जंग में दिए गए अपने प्राणों के सर्वोच्च बलिदान के लिए मरणोपरांत पीवीसी से सम्मानित किया गया था। 21 पीवीसी विजेताओं में से अधिकतर रणबांकुरों को इस सम्मान से मरणोपरांत नवाजा गया है। मेजर सोमनाथ शर्मा के अलावा अन्य पीवीसी विजेताओं में लांस नायक करम सिंह (1948, मरणोपरांत), सेकेंड लेफ्टिनेंट राम राघोबा राणे (1948, मरणोपरांत), नायक जदुनाथ सिंह (1948, मरणोपरांत), कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह (1948, मरणोपरांत), कैप्टन हवलदार मेजर पीरू सिंह (1948, मरणोपरांत), कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया (1961, मरणोपरांत), मेजर धन सिंह थापा (1962), सूबेदार जोगिंदर सिंह (1962, मरणोपरांत), मेजर शैतान सिंह (1962, मरणोपरांत), कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद (1965, मरणोपरांत), लेफ्टिनेंट कर्नल अर्देशिर बुर्जोरजी तारापोर (1965, मरणोपरांत), लांस नायक अल्बर्ट एक्का (1971, मरणोपरांत), फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों (1971, मरणोपरांत), सेंकेड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल (1971, मरणोपरांत), मेजर होशियार सिंह (1971), नायब सूबेदार बाना सिंह (1987), मेजर रामास्वामी परमेश्वर (1987, मरणोपरांत), कैप्टन मनोज कुमार पांडेय (1999, मरणोपरांत), ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव (1999), राइफलमैन संजय कुमार (1999) और कैप्टन विक्रम बत्रा (1999, मरणोपरांत) शामिल हैं।

### एक विदेशी महिला ने बनाया डिजाइन

पीवीसी का अर्थ 'परम बहादुर का चक्र' होता है। जिसका डिजाइन स्विट्जरलैंड की रहने वाली एक विदेशी महिला सावित्री बाई खानोलकर (विवाह के बाद बनीं भारतीय) ने बनाया था। यह पदक आकार में एक गोलाकार कांस्य पदक है, जिसका व्यास 3.5 सेमी. है और इसके बीच में देश का राष्ट्रीय प्रतीक अशोक चक्र बना हुआ है। पदक के चारों ओर इंद्र के वज्र के चार प्रतीक बने हुए हैं। जबकि इसके पीछे कमल के फूलों से अलग किए हुए दो खंडों में हिंदी और अंग्रेजी में परमवीर चक्र लिखा हुआ होता है। पदक को बैंगनी रंग के एक रिबन ने जोड़ा जाता है।

### एनडब्ल्यूएम में दी जाती है श्रद्धांजलि

गौरतलब है कि राजधानी स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम) में भी पीवीसी विजेताओं के लिए अलग से परम योद्धा स्थल नामक एक उद्यान बनाया गया है। जिसमें सभी 21 परमवीर चक्र विजेताओं की कांस्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। आजादी के बाद लड़े गए विभिन्न युद्धों, सैन्य अभियानों में शहादत देने वाले और अपने पराक्रम से दुश्मन को चारों खाने चित्त कर देने वाले वीर शहीदों की याद में उनके नाम की पट्टिकाएं भी स्मारक में सम्मानपूर्वक लगाई गई हैं। युद्धों, सैन्य अभियानों की वर्षगांठ के मौके पर यहां हर साल प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री मंत्री से लेकर तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी आकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। जबकि विशेष अवसरों पर विदेशी राष्ट्राध्यक्ष भी स्मारक में आकर देश के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। एनडब्ल्यूएम के पूर्व में केंद्र सरकार ने पीवीसी विजेताओं के सम्मान में उनके नाम पर अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण भी किया है।

---

जॉर्डन के सैन्य बलों ने भारतीय प्रधानमंत्री के सम्मान में दिया विशेष गार्ड ऑफ ऑनर

# जॉर्डन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हुआ रेड कार्पेट वेलकम, पीएम हसन ने की अगवानी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अपनी तीन देशों (जॉर्डन, इथोपिया और ओमान) की आधिकारिक विदेश यात्रा के पहले पड़ाव यानी जॉर्डन पहुंचे। जहां क्वीन एलिया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उन्हें रेड कार्पेट वेलकम दिया गया, जॉर्डन के प्रधानमंत्री डॉ. जाफर हसन ने भारत के प्रधानमंत्री का जोरदार अंदाज में स्वागत करते हुए उनकी अगवानी की।

इस दौरान बड़ी तादाद में मौजूद जॉर्डन के सैन्य-बलों ने पीएम के सम्मान में उन्हें पारंपरिक गार्ड ऑफ आर्नर दिया। भारतीय समुदाय से भी पीएम मोदी की मुलाकात हुई। इसके अलावा जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला से भी प्रधानमंत्री की एक अहम बैठक हुई है। जिसमें दोनों देशों के साझा संबंधों के अलावा गाजा और आतंकवाद के मुद्दे पर भी चर्चा की गई है। यहां बता दें कि जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला-द्वितीय बिन अल हुसैन के विशेष निमंत्रण पर पीएम की यह दो दिवसीय यात्रा हो रही है।

भारतीय समुदाय से हुई पीएम की मुलाकात, हाथों में तिरंगा लिए पूरे जोश में नजर आए देश के लोग

जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला के साथ हुई प्रधानमंत्री की द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक

### गाजा में शांति-स्थिरता के पक्ष में भारत-जॉर्डन



पीएम मोदी एवं जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला-द्वितीय बिन अल हुसैन

अम्मान स्थित हुसैनिया महल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला के साथ द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों के साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर शीर्ष नेताओं ने व्यापक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया है। बैठक में दिए अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की हमारी यह बैठक दोनों देशों के संबंधों में गति और गहराई एक नया रूप धारण करेगी। हम व्यापार, उर्वरक, डिजिटल तकनीक, इंफ्रास्ट्रक्चर और लोगों के बीच संबंधों जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक आगे बढ़ाएंगे। वैश्विक स्तर पर भी हम करीबी संपर्क में रहे हैं। गाजा के मामले पर शुरुआत से ही आपकी सक्रिय भूमिका रही है। हम सभी की आशा है कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। आतंकवाद को लेकर भी हमारा साझा स्पष्ट रुख रहा है।

#### पीएम की पहली पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन की यह पहली पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा है। इसके पूर्व में वह 2018 में फिलिस्तीन जाते वक्त एक पड़ाव के रूप में जॉर्डन में कुछ देर के लिए रूके थे। वर्तमान में किसी भारतीय पीएम की यह जॉर्डन यात्रा लगभग 37 वर्षों के बाद हो रही है।

#### सभ्यतागत संबंधों को दर्शाती यह यात्रा

तीन देशों की इस यात्रा पर रवाना होने से पहले दिए गए अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि जॉर्डन, इथोपिया और ओमान तीनों ऐसे देश हैं। जिनके साथ भारत के व्यापक समकालीन द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ पुराने सभ्यतागत संबंध भी हैं।

#### इथोपिया, ओमान यात्रा की विशेषता

पीएम ने अपने बयान में कहा कि इथोपिया के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर मेरी ये यात्रा होगी। जहां अदीस अबाबा में मैं प्रधानमंत्री डॉ. अबी अहमद अली से विस्तार से बातचीत करूंगा। मुझे वहां रहने वाले भारतीय समुदाय से भी मिलने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा मुझे इथोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने का भी सौभाग्य मिलेगा। जहां मैं लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की यात्रा और भारत-इथोपिया साझेदारी वैश्विक दक्षिण के लिए क्या मूल्य ला सकती है? इस पर अपने विचार साझा करने के लिए उत्सुक हूं। अपनी इस विदेश यात्रा के अंतिम पड़ाव के रूप में, मैं ओमान जाऊंगा। जो कि दोनों देशों के राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने का प्रतीक होगी। मस्कट में, मैं ओमान के महामहिम सुल्तान के साथ अपनी बातचीत का इंतजार कर रहा हूं और हमारी रणनीतिक साझेदारी के साथ-साथ हमारे मजबूत वाणिज्यिक व आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद करता हूं।

#### सुदृढ़ संबंधों की अहम कड़ी प्रवासी भारतीय

*हाथों में तिरंगा लिए प्रधानमंत्री के स्वागत में खड़े भारतीय समुदाय से हुई शानदार मुलाकात से पीएम मोदी अभिभूत नजर आए और उन्होंने अपनी एक्स पोस्ट इसका उल्लेख करते हुए कहा कि अम्मान में भारतीय समुदाय द्वारा दिए गए हार्दिक स्वागत से मैं अत्यंत प्रभावित हुआ हूं। उनका स्नेह, देश की प्रगति पर गर्व, मजबूत सांस्कृतिक बंधन भारत और प्रवासी भारतीयों के बीच अटूट संबंध को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि भारत और जॉर्डन संबंधों को सुदृढ़ बनाने में प्रवासी भारतीयों की निरंतर भूमिका के लिए भी मैं आभारी हूं।*

---

दोनों पक्षों ने की चौथे दौर की बातचीत

## भारत और न्यूजीलैंड में एफटीए पर बातचीत जल्द पूरी होने की संभावना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत जल्द पूरी होने की उम्मीद है।

दोनों पक्षों ने चौथे दौर की बातचीत खत्म होने के बाद हाल में आधिकारिक और मंत्री स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये और आमने-सामने बैठकर बैठकें की हैं। पिछले हफ्ते, न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैकक्ले वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बातचीत की प्रगति की समीक्षा करने के लिए यहां आए थे। अग्रवाल ने कहा कि हम अब तक लगभग 14 दौर की बातचीत कर चुके हैं। ईयू की टीम दिसंबर में पूरे एक सप्ताह तक यहां थी और दोनों पक्षों ने कई मुद्दों पर गहन चर्चा की। उन्होंने बताया कि करीब आने पर मतभेद सामने आते हैं। इसलिए, अब हम उन्हें कम करने की कोशिश कर रहे हैं। दोनों पक्ष कई मुद्दों पर सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।



वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल

### अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता पर कहा- हम बहुत करीब

सचिव ने अमेरिका के साथ चल रहे व्यापार वार्ता पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) टीम की हालिया यात्रा महत्वपूर्ण थी क्योंकि इससे हमारे व्यापारिक संबंधों का जायजा लेने में मदद मिली। हम रूपरेखा तैयार करने में बहुत करीब हैं। इसे संभवतः थोड़े समय में पूरा कर लिया जाएगा। मैं बातचीत समाप्त होने तक की कोई समयावधि नहीं बताऊंगा।

### भारत और ओमान समझौते पर हस्ताक्षर करने को तैयार

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और ओमान मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं। इस समझ्र उद्देश्य दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17-18 दिसंबर को ओमान के दौरे पर हैं। इस समझौते को पिछले सप्ताह केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, ₹भारत और ओमान जल्द ही समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं।

---

भारत पर भी होगा इस जांच का बड़ा असर

## सोशल मीडिया पर बस एक पोस्ट और नहीं मिलेगा अमेरिका का एच1बी वीजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते वक्त में अवैध प्रवासियों या एच1बी वीजा को लेकर दिखाई गई अमेरिका के राष्ट्रपति की सख्ती में फिलहाल नरमी के कोई संकेत मिलते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। पहले डोनाल्ड ट्रंप ने इस वीजा की फीस कई गुना बढ़ाकर 1 लाख डॉलर कर दी थी। तो वहीं सोमवार (15 दिसंबर) से शुरू की गई वीजा आवेदनों की जांच में अमेरिकी प्रशासन ने ऑनलाइन उपस्थिति के साथ-साथ सोशल मीडिया प्रोफाइल की स्क्रीनिंग के एक और बड़े कदम की शुरुआत कर दी है।

आने वाले दिनों में इसके प्रभाव की असल तस्वीर सामने आएगी। एच1बी वीजा के साथ एच-4 वीजा आवेदन और उन पर आश्रित लोग भी इसके दायरे में आएंगे। मतलब साफ है कि अगर आपको दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्क की यात्रा करने के लिए एच1बी वीजा चाहिए तो खबरदार हो जाइये। क्योंकि आपकी सोशल मीडिया पर की गई महज एक पोस्ट आपको इससे वंचित कर सकती है। 2025 में भारतीयों द्वारा एच1बी वीजा के लिए किए गए कुल आवेदनों की संख्या तो मौजूद नहीं है।




---

नाइटक्लब में आग से 25 लोगों की हुई थी मौत

## थाईलैंड की अदालत में लूथरा बंधुओं के मामले पर सुनवाई की संभावना

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

गोवा के जिस नाइटक्लब में छह दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हुई थी, उसके सह-मालिकों गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा से जुड़े मामले की थाईलैंड की अदालत में सुनवाई होने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार, मामले में आगे की कार्रवाई को लेकर बैंकॉक की एक अदालत द्वारा फैसला किए जाने की संभावना है। उत्तर गोवा के अरपोरा में स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के सह-मालिक लूथरा बंधु आग लगने की घटना के तुरंत बाद थाईलैंड के फुकेट चले गए थे। उनके खिलाफ इंटरपोलका ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप के बाद थाईलैंड के प्राधिकारियों ने 11 दिसंबर को फुकेट में लूथरा बंधुओं को हिरासत में लिया। भारतीय मिशन इस मामले में थाईलैंड सरकार के लगातार संपर्क में है। दोनों भाइयों से जुड़े सभी प्रासंगिक दस्तावेज आधिकारिक कानूनी माध्यमों से हस्तांतरित कर दिए गए हैं। कानूनी घटनाक्रम से संकेत मिलता है कि इस मामले की सुनवाई बैंकॉक की एक अदालत में होने की संभावना है।



सौरव और गौरव लूथरा

---

## नौसेना के उप प्रमुख से मुलाकात



मालदीव के माले में मालदीव के रक्षा बल प्रमुख मेजर जनरल इब्राहिम हिलमी के साथ बैठक के दौरान भारतीय नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती (दाएं) दिखाई दे रहे हैं।

---

भारत के विदेश मंत्री ने हमले के बारे में प्रकट की अपनी संवेदनाएं

## बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले के मामले पर जयशंकर ने की पेनी वॉन्ग से बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले के मामले को लेकर सोमवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वॉन्ग के साथ फोन पर बातचीत की है।

अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए जयशंकर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आज मैंने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वॉन्ग के साथ बातचीत की है। जिसमें मैंने बॉन्डी बीच पर हुए आतंकवादी हमले के बारे अपनी ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की है और आतंकवाद के खिलाफ भारत की ओर से पूरा समर्थन देने की पुष्टि की है। बीते रविवार को जयशंकर ने अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था कि ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हुए आतंकवादी हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिजनों के साथ हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आतंकी हमले की इस घटना को लेकर दुख जताते हुए आतंकवाद के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती के साथ दोहराया था। पीएम ने यह भी कहा था कि दुख की इस घड़ी में हम ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

भारत आतंकवाद के खिलाफ बिल्कुल भी सहनशीलता नहीं रखता है। साथ ही आतंकवाद और इसके सभी रूपों, अभिव्यक्तियों के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करता है।



पेनी वॉन्ग | एस. जयशंकर

#### ■ आतंकवाद के खिलाफ दिया भारत की ओर से पूर्ण समर्थन

---

पहलगाम आतंकी हमलाः लश्कर आतंकी साजिद जट्ट पहलगाम अटैक का मास्टरमाइंड

# एनआईए ने दाखिल की 1597 पन्नों की चार्जशीट

एजेंसी ▶▶ नयी दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के मामले में सात आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' (एलईटीटी)/द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के सदस्य भी शामिल हैं। आरोपपत्र में पाकिस्तान की साजिश, आरोपियों की भूमिका और मामले से जुड़े सहायक सबूतों का विस्तृत विवरण दिया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की चार्जशीट में प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा'/टीआरएफ को पहलगाम हमले की योजना बनाने, उसमें सहयोग करने और उसे अंजाम देने में उसकी भूमिका के लिए एक कानूनी इकाई के रूप में आरोपित किया गया है।

सात आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी शामिल

### चार्जशीट में इन आतंकियों के नाम



फाइल फोटो

सोमवार को जम्मू स्थित एनआईए विशेष न्यायालय में दायर 1,597 पृष्ठों के आरोपपत्र में पाकिस्तानी हैंडलर आतंकवादी साजिद जट्ट का नाम भी आरोपी के रूप में शामिल है। एनआईए के आरोपपत्र में उन तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी हैं जो घातक आतंकी हमले के कुछ हफ्तों बाद जुलाई 2025 में श्रीनगर के दाचीगाम में ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए थे। तीनों की पहचान फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। लश्कर-ए-तैयबा/टीआरएफ और उपर्युक्त चारों आतंकवादियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, शस्त्र अधिनियम, 1959 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

### 8 महीने की जांच में सामने आए कई अहम सबूत

एनआईए ने पिछले लगभग 8 महीनों तक चली गहन वैज्ञानिक जांच के माध्यम से मामले आरसी-02/2025/एनआईए/जेएमयू में साजिश का पता पाकिस्तान से लगाया है, जो भारत के विरुद्ध आतंकवाद को लगातार प्रायोजित कर रहा है। आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में एनआईए द्वारा 22 जून 2025 को गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों परवेज अहमद और बशीर अहमद जोथड़ के खिलाफ भी आरोपपत्र दाखिल किया गया है। पूछताछ के दौरान, दोनों व्यक्तियों ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया था। उन्होंने यह भी पुष्टि की थी कि वे प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा आतंकी संगठन से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे।



# मुझसे एक्टिंग नहीं होती, रोता हूं तो लोग मुझ पर हंसते हैं : सलमान

**मुंबई।** सलमान खान ने रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मजमा ही लूट लिया। फेस्टिवल में सलमान ने खुद का मजाक उड़ाया और कहा कि उन्हें एक्टिंग नहीं आती है। और अगर वह रोते हैं तो लोग उन पर हंसने लगते हैं। सलमान ने रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अपने स्टारडम और शोहरत के बारे में बात करने के बजाय कमियों पर बात की। सलमान खान ने खुद का मजाक उड़ाया और कहा कि वह खुद को एक महान कलाकार नहीं मानते। यहां तक कि उन्हें लगता है कि लोग स्क्रीन पर उनके रोने पर भी हंसते हैं। लेकिन वहां मौजूद लोगों से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने असहमति जताई। हालांकि, सलमान की ईमानदारी पर सब फिदा हो गए।

लाइफ Style


# कृति

## मैं कुछ मजेदार और ताजा करना चाहती थी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन इन दिनों 'कॉकटेल 2' की शूटिंग कर रही हैं। अब एक्ट्रेस ने इस फिल्म को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही उन्होंने फिल्म से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए हैं। कृति सेनन मौजूदा वक्त में इंडस्ट्री की लीडिंग एक्ट्रेस में शामिल हैं। वो लगातार बड़ी फिल्मों का हिस्सा बन रही हैं।

उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में'ने भी बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ऊपर की कमाई की। अब अभिनेत्री इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच अब अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग से जुड़े किस्सों को साझा किया। साथ ही अपने साथी कलाकारों शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना को लेकर भी बात की। एक्ट्रेस ने फिल्म को लेकर बात करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही प्यारी फिल्म है। मुझे लगता है कि कभी-कभी जीवन में जो कुछ भी होता है, उसके पीछे कोई न कोई कारण होता है। 'तेरे इश्क में' एक इंटेंस और इमोशनली थका देने वाली फिल्म थी। मुझे लगता है कि मैं तुरंत कोई और इंटेंस फिल्म नहीं कर सकती थी। मुझमें वह क्षमता नहीं थी। मैं पूरी तरह से थक चुकी थी। मैं कुछ मजेदार, ताजा, कुछ ऐसा करना चाहती थी जो मैंने पहले कभी नहीं किया हो, कुछ ऐसा जिसका मैं आनंद ले सकूं। कृति ने कहा कि 'कॉकटेल 2' बिल्कुल सही समय पर बनी, मुझे इसकी बहुत चाह थी। मैं एक नई, शहरी और मजेदार रोमांटिक कॉमेडी में काम करना चाहती थी। यह बहुत मजेदार रहा है, हमने लगभग दो बड़े शेड्यूल शूट कर लिए हैं।




## हॉलीवुड मसाला




# भानुशाली के साथ मिलकर बनाएंगे फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड और भारतीय सिनेमा के बीच एक और बड़ी क्रिएटिव साझेदारी की सुगबुगाहट ने फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। एक्शन और भव्यता के लिए मशहूर हॉलीवुड फिल्ममेकर माइकल बे अब भारतीय प्रोड्यूसर विनोद भानुशाली के साथ मिलकर एक नई फिल्म पर काम करने जा रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का निर्देशन एंथनी डिसूजा करेंगे, जबकि संगीत की कमान भारत के संगीत के जादूगर ए.आर. रहमान के हाथों में होगी। माइकल बे को दुनियाभर में बैड बॉयज, आर्मगेडन, पर्ल हार्बर और ट्रांसफॉर्मर्स जैसी ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी के लिए जाना जाता है।




# रोमांटिक से लेकर थ्रिलर ड्रामा तक में जमाया था रंग

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड डायरेक्टर रॉब रेनर और उनकी पत्नी अपने घर में मृत पाए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों की हत्या हुई है। रॉब रेनर हॉलीवुड के जाने-माने डायरेक्टर और एक्टर थे। अमेरिका के न्यूयॉर्क में 6 मार्च, 1947 को रॉब का जन्म एक यहूदी परिवार में हुआ। पिता कॉर्ल रेनर एक मशहूर एक्टर, कॉमेडियन थे। पिता के कारण ही उनका रुझान भी फिल्मों की तरफ हुआ। रॉब रेनर ने अपने करियर में कई हिट फिल्में बनाईं। एक फिल्म तो ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट भी हुई। रॉब रेनर ने अपने कॅरियर की शुरुआत एक्टिंग से की थी। उन्हें टीवी सीरियल ऑल इन द फैमिली से पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद उन्होंने डायरेक्शन में कदम रखा। दिस इज स्पाइनल टैप, स्टैंड बाय मी, द प्रिंसेस ब्राइड, व्हेन हैरी मेट सैली, मिजरी, ए फ्यू गुड मैन जैसी हिट फिल्मों का डायरेक्शन किया।



# पति और बेटी के साथ बिताए खास पल

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा अब एक ग्लोबल स्टार बन चुकी हैं। यही कारण है कि वो काम के सिलसिले में अक्सर भारत भी आती रहती हैं। साथ ही अमेरिका में अपने घर पर भी टाइम बिताती हैं। अब अभिनेत्री ने घर पर पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ बिताए गए कुछ पलों को साझा किया है। इनके साथ ही एक्ट्रेस ने ये बताया है कि घर पर बिताए पल वाकई खास ही होते हैं। प्रियंका ने सोमवार सुबह अपने इंस्टाग्राम पर परिवार के साथ घर पर बिताए गए कुछ पलों को साझा किया है। इन तस्वीरों में निक और प्रियंका के प्यार से लेकर मालती के साथ मां की ममता तक देखने को मिलती है। एक तस्वीर में प्रियंका निक की बाहों में आराम से लेटी हुई हैं, जबकि दूसरी में निक उन्हें प्यार से चूमते हुए नजर आ रहे हैं। इस जोड़े को घर पर कैंडललाइट डिनर का आनंद लेते हुए भी देखा जा सकता है।



# तस्कर में इमरान-शरद निभाएंगे भूमिका

**मुंबई।** इमरान हाशमी अब एक नई सीरीज लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब'। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। सीरीज की घोषणा करते हुए मेकर्स ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में सीरीज की शूटिंग के दौरान की झलक देखने को मिलती है। जिसमें निर्देशक नीरज पांडे डायरेक्शन करते नजर आते हैं। साथ ही इमरान हाशमी और शरद केलकर समेत सीरीज की स्टारकास्ट अलग-अलग सीन में नजर आती है। जैसा कि नाम से ही पता चलता है कि यह सीरीज एक्शन-सस्पेंस-थ्रिलर होने वाली है। अनाउंसमेंट वीडियो में इमरान हाशमी कस्टम ऑफिसर की यूनिफॉर्म में नजर आते हैं। जबकि शरद केलकर अलग-अलग अंदाज में दिखते हैं। फिलहाल अभी तक कहानी के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

## टीवी मसाला



# 20 से आएगा द ग्रेट इंडियन कपिल शो का चौथा सीजन

**नई दिल्ली।** कॉमेडी किंग कहे जाने वाले कपिल शर्मा एक बार फिर लौट रहे हैं अपने कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए सीजन के साथ। ये नया सीजन 20 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर शुरू हो रहा है। शो की शूटिंग से जुड़ी चर्चाएं पहले से ही चल रही थीं। लेकिन. अब ये भी साफ हो गया कि शो का पहला गेस्ट कौन होगा। सोमवार को नेटफ्लिक्स की ओर से इंस्टाग्राम पर शो को लेकर एक पोस्ट की गई। जिसमें ये स्पष्ट किया गया कि 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया सीजन 20 दिसंबर से शुरू हो रहा है। साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म ने ये भी बता दिया कि शो का पहला गेस्ट कोई और नहीं बल्कि 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा होंगी। प्रियंका चोपड़ा और कपिल का एक पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'जब देसी गर्ल आती हैं, तो माहौल बेहद मजेदार हो जाता है। प्रियंका चोपड़ा द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए सीजन के प्रीमियर एपिसोड में शामिल होंगी। पिछले दिनों प्रियंका चोपड़ा 12 घंटों से भी कम के लिए मुंबई आई थीं। इस दौरान वो सिर्फ कपिल शर्मा के शो के लिए ही स्वदेश वापस आई थीं। प्रियंका शो की शूटिंग करके तुरंत ही अमेरिका वापस लौट गई थीं। उस वक्त शूटिंग के दौरान के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जिनमें कपिल ने बड़े ही जोरदार अंदाज में प्रियंका का अपने सेट पर स्वागत किया था। इसके बाद शो में जज के तौर पर नजर आने वाले नवजोत सिंह सिद्धू ने भी प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी तस्वीरें साझा की थीं।

## टीचर ने केबीसी में बिग बी को करवाया योग

**नई दिल्ली।** झीलों की नगरी उदयपुर की योगा टीचर प्रतिभा सिंह ने लोकप्रिय टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में अपनी उपस्थिति से खास पहचान बनाई।



प्रतिभा ने ज्ञान, आत्मविश्वास और योग के माध्यम से शो में एक यादगार क्षण रचते हुए साढ़े सात लाख रुपए की राशि जीती। इसी दौरान उन्होंने सदी के महानायक अमिताभ बच्चन को योग से जुड़े अभ्यास भी करवाए, जिसने इस एपिसोड को दर्शकों के लिए खास बना दिया। पेशे से योग शिक्षिका प्रतिभा सिंह ने शो के दौरान बिग बी को भ्रामरी प्राणायाम और ताड़ासन की योग क्रियाएं करवाईं। अमिताभ बच्चन ने भी पूरे उत्साह के साथ इन योग क्रियाओं को किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा और यह क्षण सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना। प्रतिभा सिंह ने बताया कि उनका चयन केबीसी में भीम यूपीआई के माध्यम से हुआ था। चयन के बाद वे मुंबई पहुंचीं, जहां शो की रिकॉर्डिंग के दौरान उनके साथ पति सुमित जैन, माता बीना सिंह और सास पवन जैन भी मौजूद रहीं।

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये फिल्में-सीरीज देंगी दस्तक

*नई दिल्ली। दिसंबर का तीसरा हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए खास होने वाला है। 15 से 21 दिसंबर के बीच अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर ऐसी फिल्में और वेब सीरीज आ रही हैं, जो रोमांस, थ्रिलर, कॉमेडी, साइंस-फिक्शन और ड्रामा- हर तरह के दर्शकों का मूड सेट कर देंगी। साल के आखिरी दिनों में घर बैठे बिंज-वॉच का प्लान बना रहे हैं, तो ये लिस्ट आपके लिए परफेक्ट है।*

***मिसेज देशपांडे** : सबसे ज्यादा चर्चा में है माधुरी दीक्षित की नई सीरीज 'मिसेज देशपांडे'। इस रहस्यमयी थ्रिलर में माधुरी एक ऐसे किरदार में दिखेंगी, जो पहले एक सीरियल किलर रह चुकी है और वर्षों जेल में काट चुकी है। कहानी तब नया मोड़ लेती है, जब पुलिस एक नए केस को सुलझाने के लिए उसी महिला की मदद मांगती है, जिसके अपराधों की छाया आज भी सिस्टम पर है। यह सीरीज सस्पेंस पसंद करने वालों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं। ये सीरीज जियोहॉटस्टार पर शुक्रवार यानी 19 दिसंबर को रिलीज हो रही है।*

***एमिली इन पेरिस** : वहीं, ग्लैमर और हल्के-फुल्के रोमांस के शौकीनों के लिए 'एमिली इन पेरिस' नए सीजन के साथ लौट रही है। इस बार एमिली की जिंदगी पेरिस से आगे बढ़कर रोम पहुंचती है, जहां करियर की नई जिम्मेदारियां, नए लोग और प्यार की उलझनें उसकी राह आसान नहीं रहने देतीं। फैशन, फन और फील-गुड ड्रामा एक बार फिर दर्शकों को बांधे रखने वाला है। नेटफ्लिक्स पर ये सीरीज गुरुवार को रिलीज हो रही है।*



***रात अकेली है** : थ्रिलर की बात करें तो 'रात अकेली है' एक बार फिर दर्शकों को छोटे शहर की अंधेरी गलियों में ले जाएगी। एक रहस्यमयी मौत, कई संदिग्ध और एक ईमानदार पुलिस अफसर—कहानी धीरे-धीरे परतें खोलती है और आखिर तक रोमांच बनाए रखती है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर शुक्रवार को रिलीज हो रही है।*

***फोर मोर शॉट्स प्लीज 4** : महिला दोस्ती और लाइफ स्ट्रगल्स पर आधारित 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' का आखिरी सीजन भी इसी हफ्ते रिलीज हो रहा है। चार दोस्तों की यह कहानी करियर, रिश्तों और पहचान की तलाश के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां हंसी के साथ इमोशंस का तड़का भी मिलेगा। ये सीरीज अमेजन पर 19 दिसंबर पर स्ट्रीम होने वाली है।*

***फॉलआउट सीजन 2** : साइंस-फिक्शन फैंस के लिए फॉलआउट का दूसरा सीजन तैयार है। न्यूक्लियर तबाही के बाद बचे लोगों की जद्दोजहद, रहस्यमयी वॉल्ट्स और खतरनाक दुनिया- इस सीजन में कहानी और भी गहरी होने वाली है। ये सीरीज अमेजन पर बुधवार यानी 17 दिसंबर पर रिलीज हो रही है।*

***द ग्रेट फ्लड** : कोरियन फिल्म 'द ग्रेट फ्लड' की, जो दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाती है जहां कुदरत ने इंसान की बनाई हर व्यवस्था को तबाह कर दिया है। कहानी एक AI रिसर्चर अन्ना और उसके छोटे बेटे के इर्द-गिर्द घूमती है। ग्लोबल बाढ़ के बाद पूरी पृथ्वी जलमग्न हो चुकी है और अब जिंदा रहने की जंग ऊंची इमारतों तक सिमट गई है। मां-बेटे का रिश्ता, तकनीक और इंसानी हौसले की यह कहानी भावनाओं और रोमांच से भरपूर है। साइंस-फिक्शन पसंद करने वालों के लिए यह फिल्म एक दमदार अनुभव साबित हो सकती है। नेटफ्लिक्स पर ये फिल्म 19 दिसंबर को स्ट्रीम हो रही है।*

# वो सुपरहिट गाना, जो बना हर आशिक की पहली पसंद

**मुंबई।** प्यार एक सुखद अहसास है। हर जवां दिल को पहले प्यार का अहसास 16-17 साल की उम्र में होता है। यह भी सच है कि पहला प्यार हमेशा अधूरा रह जाता है। प्यार की तड़प को गीतकार समीर ने समझा और फिल्म की सिचुएशन के हिसाब से गाने का रूप दिया। 1994 में ऐसी ही एक फिल्म दिलवाले आई थी, जिसमें अजय देवगन-रवीना टंडन और सुनील शेट्टी नजर आए थे। फिल्म का एक गाना 'जीता था जिसके लिए, जिसके लिए मरता था' आज भी हर टूटे दिल की पहली पसंद है। यह गाना गीतकार समीर ने लिखा था। म्यूजिक नदीम श्रवण का था। जब यह गाना रिलीज हुआ तो हर किसी ने अपने कलेजे में इस गीत का दर्द महसूस किया। गाने के बोल में दिल को चीरने वाले थे। कुमार सानू की आवाज और नदीम-श्रवण की धुन किसी की भी आंखों में आंसू ला देती है। हैरी बावेजा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी करण राजदान ने लिखी थी। इस फिल्म के 55 लाख ऑडियो कैसेट बिके थे। फिल्म के सभी गाने सुपरहिट थे। दिलवाले 2 करोड़ के बजट में बनी थी। मूवी ने वर्ल्ड वाइड 12 करोड़ का कलेक्शन किया था। यह एक सुपरहिट फिल्म साबित हुई थी।



## आकर्षक कैरेक्टर और स्वैग वाले विलेन को पसंद कर रहे हैं दर्शक

# गब्बर सिंह से रहमान डकैत तक पर्दे पर छाए ये खलनायक किरदार

*नई दिल्ली। भारतीय दर्शक फिल्मों के अंत में हमेशा एक विलेन को मरते या हारते हुए देखना चाहती है। सालों से यही फॉर्मूला हिट होता आया है लेकिन अब लगता है वक्त बदल रहा है। थिएटर्स में विलेन की एंट्री पर तालियां बज रही हैं, उसकी हिंसा दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही है। वहीं उसके डायलॉग मशहूर हो रहे हैं। इतना ही नहीं, विलेन पर फिल्माए गए गाने सोशल मीडिया पर आग की तरह फैलते हैं। हाल की बात करें तो धुरंधर में रहमान डकैत के रोल में नजर आने वाले अक्षय खन्ना भी सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। खासकर उन पर फिल्माया गया गाना और उनके द्वारा बोले गए डायलॉग इंटरनेट पर धूम मचा रहे हैं। इससे साबित होता है दर्शक एक आकर्षक कैरेक्टर और स्वैग वाले विलेन को पसंद कर रहे हैं भले ही उसका इरादा गलत हो।*

### रहमान डकैत (धुरंधर, अक्षय खन्ना)

धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जिसमें अक्षय खन्ना ने रहमान डकैत का पावरफुल किरदार निभाया है। इस फिल्म से अक्षय का डांस काफी वायरल हुआ और सोशल मीडिया पर इसने खूब चर्चा बटोरी। खास बात यह है कि इस डांस को अक्षय ने खुद कोरियोग्राफ किया और डायरेक्टर से इस पर थोड़ा सा डांस करने की इजाजत उसी मूमेंट पर मांगी। कुछ ही सेकंड का यह डांस सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया। फिल्म में रणवीर सिंह ने लीड रोल प्ले किया है और अक्षय खन्ना ने रहमान डकैत का। अक्षय की बेहतरीन एक्टिंग और स्वैगी अवतार दर्शकों का दिल जीत रहा है।

**अलाउद्दीन खिलजी (पद्मावत, रणवीर सिंह)** : रणवीर सिंह ने पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी का किरदार प्ले किया था, फिल्म में उनकी पावरफुल एक्टिंग ने दर्शकों का दिल जीता था। इस पीरियड ड्रामा में शाहिद कपूर ने लीड रोल प्ले किया था और दीपिका पादुकोण ने रानी पद्मावती का। फिल्म से रणवीर सिंह का खली बली गाना काफी वायरल हुआ था वहीं उनके खतरनाक लुक ने भी काफी चर्चा बटोरी थी। पद्मावत 2018 में रिलीज हुई थी।



**राहुल मेहरा (डर, शाहरुख खान)** : 1993 की मशहूर फिल्म डर में शाहरुख खान ने जुनूनी, हकलाने वाले स्टॉकर राहुल मेहरा का किरदार निभाया था, जो इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर में किरण (जूही चावला) को परेशान करता है और उसके मंगेतर सुनील (सनी देओल) से टकराता है। राहुल का किरदार, जो क-क-किरण कैचफ्रेज से मशहूर हुआ, बहुत बड़ा हिट हुआ था। इस फिल्म में शाह रुख हीरो से ज्यादा लाइमलाइट लूट कर ले गए थे।

**गब्बर सिंह (शोले, अमजद खान)** : 1975 में रिलीज हुई बॉलीवुड की कल्ट क्लासिक शोले में भी कुछ ऐसा ही हुआ जिसमें हीरो के साथ-साथ विलेन बने अमजद खान को भी उतनी ही शोहरत मिली। उनके डायलॉग और उनकी स्क्रीन प्रेजेंस आज 50 साल बाद भी दर्शकों का दिल जीत रही है।

### अबरार हक (एनिमल, रणबीर कपूर)

एनिमल में रणबीर कपूर ने लीड रोल प्ले किया था वहीं बॉबी देओल ने खतरनाक विलेन अबरार हक का। हालांकि फिल्म में बॉबी का एक भी डायलॉग नहीं हैं लेकिन उनकी पावरफुल एक्टिंग ने ही उनके किरदार में जान फूंक दी। फिल्म से बॉबी का जमाल कुडू डांस काफी वायरल हुआ था।

### राकेश महदकर (एक विलेन, रितेश देशमुख)

सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख स्टारर एक विलेन एक साइकोलॉजिकल एक्शन थ्रिलर थी जिसमें रितेश ने राकेश नाम के एक साइको किलर का किरदार निभाया था। वह उन औरतों की जान लेता था जो अपनी बात मुखर तरीके से रखती थी। रितेश ने इस किरदार को इतने शानदार तरीके से निभाया था कि दर्शक उनके दीवाने हो गए। यह फिल्म 2014 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी।

# एशेज : इंग्लैंड टीम में बदलाव, टंग की वापसी, बशीर को नहीं मिली जगह

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

इंग्लैंड ने 17 दिसंबर से खेले जाने वाले तीसरे एशेज टेस्ट के लिए गुस एटकिंसन की जगह जोश टंग को टीम में वापस बुलाया है, लेकिन धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच की संभावना के बावजूद विशेषज्ञ स्पिनर शोएब बशीर को एकादश में जगह नहीं मिली है।

टंग की वापसी इंग्लैंड की टीम में एकमात्र बदलाव है, जिसे गाबा में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड की टीम पांच मैचों की श्रृंखला में 0-2 से पीछे हैं। उसके लिए श्रृंखला में बने रहने के लिए एडिलेड में जीत दर्ज करना जरूरी होगा।

- तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने किया प्लेइंग इलेवन का ऐलान
- इंग्लैंड पांच मैचों की श्रृंखला में 0-2 से पीछे



### एटकिंसन को खराब प्रदर्शन की मिली सजा

एटकिंसन को 78.66 की औसत से सिर्फ तीन विकेट लेने के बाद टीम से बाहर कर दिया गया। टंग भारत के खिलाफ पांच मैचों की पिछली श्रृंखला में अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे। उन्होंने एशेज के अपने पिछले टेस्ट (लॉर्डस, 2023) में स्टीव स्मिथ को दोनों पारियों में आउट करने के साथ पांच विकेट झटके थे।

### इंग्लैंड की टीम:

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, जोश टंग, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

### हरफनमौला जैक्स को मिली तरजीह

चयनकर्ताओं ने बशीर के टीम में होने के बावजूद स्पिन गेंदबाजी करने वाले हरफनमौला विल जैक्स को तरजीह दी है। बशीर को इससे पहले पर्थ और ब्रिसबेन की तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों में खेले गए मैच के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था और जब परिस्थितियां उनके अनुकूल होने की संभावना है तो टीम ने जैक्स को एकादश में बनाए रखने का फैसला किया। इस बीच ऑस्ट्रेलिया की टीम में नाथन लियोन की वापसी हुई है।

### ओपनिंग स्लॉट में डकेट का बल्ला खामोश



वहीं ओपनिंग स्लॉट में बेन डकेट का बल्ला अभी तक खामोश है। हैरी ब्रूक के बल्ले से भी रन नहीं निकले हैं। जैक क्रॉली की एक पारी दूसरे टेस्ट की हटा दें तो उन्होंने भी निराश किया है। कप्तान बेन स्टोक्स ने गेंद से प्रभावित किया है लेकिन बल्ला खामोश रहा है। ऐसे में इंग्लैंड को अगर वापसी करनी है तो सभी खिलाड़ियों को फॉर्म दिखाना होगा।

### पर्थ में इंग्लैंड की बल्लेबाजी फ्लाप

इंग्लैंड की टीम अभी तक इस मौजूदा एशेज सीरीज में संघर्ष करती दिखी है। पर्थ में टीम की बल्लेबाजी फ्लाप रही थी। उसके बाद ब्रिसबेन में जो रूट ने शतक जरूर लगाया लेकिन गेंदबाजों ने निराश किया। ऑस्ट्रेलिया ने दोनों मुकाबले 8 विकेट से जीते। मिचेल स्टार्क दोनों मैच मिलाकर 18 विकेट ले चुके हैं। अंग्रेज उनकी गेंदबाजी का हल नहीं निकाल पा रहे हैं।

## खबर संक्षेप




### 26 मार्च से शुरू होगा पीएसएल का 11वां सत्र

**कराची।** पाकिस्तान सुपर लीग का 11वां सत्र अगले साल 26 मार्च से 3 मई तक खेला जाएगा और लगातार दूसरी बार यह उसी समय होगा जब इंडियन प्रीमियर लीग खेला जाता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने न्यूयॉर्क मे पीएसएल रोड शो के दौरान यह घोषणा की। आईपीएल भी मार्च के आखिरी सप्ताह से शुरू होकर मई के आखिर तक चलता है। नकवी ने कहा कि इस अवधि में पाकिस्तान टीम के किसी भी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में बदलाव किया जाएगा। पाकिस्तान को मार्च-अप्रैल में बांग्लादेश में दो टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। इस साल भारत और श्रीलंका में फरवरी मार्च में टी20 विश्व कप भी होना है।

### गेंदबाजों ने हमारे लिए दिक्कतें खड़ी की : माक्ररम



**धर्मशाला।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन माक्ररम ने तीसरे टी20 मैच में मिली हार के बाद कहा कि भारत के नई गेंद के गेंदबाजों ने उनके लिए दिक्कतें खड़ी की और उनके बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना सके। भारत के अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा ने पहले चार ओवर के भीतर दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट उस समय निकाल दिए जब स्कोर बोर्ड पर सात रन ही टंगे थे। इन झटकों से माक्ररम की टीम उबर नहीं सकी और 117 रन बनाने के बाद सात विकेट से हार गई। माक्ररम ने कहा,' उन्होंने सही जगहों पर गेंद डाली। अर्शदीप ने उम्दा गेंदबाजी की। उनके नई गेंद के दोनों गेंदबाजों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।' उन्होंने कहा,'आपको अनुकूल हालात मिल सकते हैं लेकिन आखिर में गेंदबाजों को सही जगहों पर गेंद डालनी होगी और उन्होंने वही किया।

## आईपीएल : 77 खिलाड़ियों को खरीदने उतरेंगी 10 टीमें

# मिनी ऑक्शन : ग्रीन, लिविंगस्टोन और वेंकटेश बन सकते हैं फायदे का सौदा

एजेंसी ▶▶| अबु धाबी

विश्व स्तरीय तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के उपलब्ध नहीं होने के कारण कैमरन ग्रीन इंडियन प्रीमियर लीग की मंगलवार को होने वाली छोटी नीलामी में फायदे की स्थिति में रह सकते हैं और कोलकाता नाइट राइडर्स तथा चेन्नई सुपरकिंग्स जैसी टीम इस ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के लिए बड़ी बोली लगा सकती हैं।

नीलामी में 10 टीम 77 खिलाड़ियों को खरीदने उतरेंगी और सभी टीम के पास मिलाकर 237 करोड़ 55 लाख रुपए की राशि उपलब्ध है। मुंबई इंडियन्स की हालांकि नीलामी में अधिक भूमिका नहीं होगी क्योंकि उसके पास सिर्फ दो करोड़ 75 लाख रुपए उपलब्ध हैं और वह कुछ अनकैप्ड (जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) खिलाड़ियों को उनके आधार मूल्य पर ही खरीद पाएगी। ग्रीन, भारतीय टीम से बाहर चल रहे वेंकटेश अय्यर और इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन पर भारी-भरकम बोली लग सकती है।

### टीमों के पास 237 करोड़ 55 लाख रुपए की राशि उपलब्ध

#### लिविंगस्टोन और डिकॉक को मिल सकते हैं 9 करोड़




इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी लिविंगस्टोन और दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक 10 लाख डॉलर (नौ करोड़ रुपए) का आंकड़ा छू सकते हैं। डिकॉक ने बार-बार दिखाया है कि वह बल्ले से मैच विजेता हैं और विकेटकीपर के रूप में भी बहुत भरोसेमंद हैं। अनकैप्ड भारतीय प्रशांत वीर और मुकुल चौधरी बोली लगाने वालों को आकर्षित करेंगे जबकि पृथ्वी साव और सरफराज खान भी उम्मीद करेंगे कि उन्हे 75 लाख रुपए के कम आधार मूल्य पर कोई खरीदार मिले। अनकैप्ड भारतीयों में अशोक शर्मा पर भी अच्छी बोली लगने की उम्मीद है। वह पहले आईपीएल टीम का हिस्सा रह चुके हैं । ।(त्रऔर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।



#### केकेआर के पर्स में सर्वाधिक राशि

कोलकाता नाइट राइडर्स के पास सबसे अधिक 64 करोड़ 30 लाख रुपए की राशि उपलब्ध है और उसकी नजरें टीम को नए सिरे से तैयार करने पर टिकी होंगी। टीम को 13 खिलाड़ियों को खरीदना है और नीलामी में उसे मुख्य रूप से चुनौती सुपरकिंग्स से मिलने की उम्मीद है, जिसके पास 43 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि उपलब्ध है। छोटी नीलामी हमेशा बड़ी नीलामी से अधिक दिलचस्प होती है क्योंकि फ्रेंचाइजी खास पसंद के साथ आती हैं और अलग-अलग कौशल वाले खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहती हैं। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के लिए हमेशा से बड़ी बोलियां लगती रही हैं।

### बोली की रकम और वेतन अलग-अलग

ऐसी चर्चा है कि ग्रीन आईपीएल नीलामी में सबसे अधिक कीमत वाले विदेशी खिलाड़ियों की सूची में अपने हमवतन मिचेल स्टार्क (24 करोड़ 75 लाख रुपए) को पीछे छोड़ सकते हैं लेकिन इसमें भी एक पेंच है। भले ही ग्रीन की बोली 25 करोड़ रुपए से अधिक हो जाए लेकिन फिर भी इस सत्र के लिए उनका वेतन 18 करोड़ रुपए ही रहेगा। बोली की रकम और खिलाड़ियों का वेतन दोनों अलग-अलग होगा, जिसमें बोली की रकम को टीम के कुल सालाना खिलाड़ी वेतन में से काटा जाएगा। इसका कारण आईपीएल का 'अधिकतम फीस' नियम है, जिसके अनुसार छोटी नीलामी में किसी विदेशी खिलाड़ी की अधिकतम फीस सबसे अधिक कीमत (18 करोड़ रुपए) पर रिटेन किए गए खिलाड़ी और पिछली बड़ी नीलामी सबसे अधिक बोली (2025 में ऋषभ पंत के लिए 27 करोड़ रुपए) में से जो भी कम हो, वह होगी।

## आईएलटी20

# प्लेआफ में डेजर्ट वाइपर्स दुबई कैपिटल्स को हराया



एजेंसी ▶▶| दुबई

सैम कुरेन के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर डेजर्ट वाइपर्स ने दुबई कैपिटल्स को पांच विकेट से हराकर आईएलटी20 प्लेआफ में जगह बना ली।

- कुरेन ने शानदार गेंदबाजी के बाद दिखाया बल्ले से दम

कैपिटल्स ने चार विकेट पर 166 रन बनाए, जिसके जवाब में वाइपर्स ने कुरेन के प्रदर्शन की बदौलत जीत दर्ज की। इंग्लैंड के हरफनमौला कुरेन ने दो विकेट लेने के बाद 33 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 52 रन बनाए। मैक्स होल्डन ने 22 गेंद में 34 रन बनाए जबकि फखर जमां ने 12 गेंद में 14 रन जोड़े। इससे पहले कैपिटल्स की शुरुआत खराब रही और नसीम शाह ने तीसरे ओवर में शायन जहांगीर (सात गेंद में सात रन) को आउट किया। लुइस डु प्लॉय ने 44 गेंद में 54 रन बनाए।

### गेंदबाजों की वापसी से खुश : मोर्कल

**धर्मशाला।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कम स्कोर वाले तीसरे टी20 मैच में अपने गेंदबाजों के प्रदर्शन से काफी खुश हैं । दूसरे मैच में 22 अतिरिक्त समेत 213 रन देने के बाद भारतीय गेंदबाजों ने तीसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका को 117 रन पर आउट करके सात विकेट से जीत दर्ज की । मोर्कल ने कहा ,'मुझे खुशी है कि गेंदबाजों ने इस तरह से वापसी की।'

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : इशान का कप्तानी में जलवा, टीम को जिताए 9 में से 9 मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इशान किशन ने भारत के लिए आखिरी इंटरनेशनल मैच नवंबर 2023 में खेला था। दो साल से ज्यादा वक्त बीत गया, इशान का टीम इंडिया में चयन नहीं हुआ। अब मौजूदा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में इशान ने बल्ले के साथ-साथ कप्तानी में भी जलवा बिखेरा है। वह टूर्नामेंट में अभी तक 381 रन बनाकर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वहीं उनकी कप्तानी में झारखंड ने अभी तक 9 में से 9 मैच जीते हैं।




### झारखंड नॉकआउट राउंड में पहुंचने के करीब

झारखंड की टीम ने मौजूदा टी20 टूर्नामेंट में ग्रुप स्टेज में सभी सात मैच जीते थे। इसके बाद सुपर लीग के पहले दोनों मैच टीम ने जीत लिए। रविवार को एमपी के खिलाफ झारखंड ने 1 रन से मुकाबला जीता। झारखंड के लिए अलग-अलग मैचों में कुमार कुशाग्र, अनुकूल रॉय जैसे खिलाड़ियों ने भी परफॉर्म किया है।

### भारतीय टीम में नहीं मिल रही जगह

वनडे में केएल राहुल, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल को प्राथमिकता मिल रही है बतौर विकेटकीपर। साथ ही टी20 में जितेश शर्मा और संजू सैमसन मौजूद हैं। टेस्ट में भी पंत और जुरेल की जगह पक्की है। इस कारण इशान किशन इंटरनेशनल टीम से इन दिनों दूर हैं, लेकिन अगर उनका ऐसा परफॉर्मेंस जारी रहता है तो बहुत दिन तक वह टीम से बाहर नहीं रहेंगे। इशान किशन ने भारत के लिए अभी तक 32 टी20 इंटरनेशनल खेलते हुए 796 रन बनाए हैं, जिसमें 6 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं वनडे में इशान ने एक दोहरा शतक भी लगाया है और 24 पारियों में वह 933 रन बना चुके हैं। तीन टेस्ट पारियों में भी इशान किशन ने 78 रन बनाए और 52 नाबाद उनका सर्वाधिक स्कोर है। ओवरऑल टी20 करियर में इशान ने 205 पारियों में 5651 रन बनाए हैं।

## शेफाली ने थाईलैंड की थीपैचा पुथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पछाड़ा

# शेफाली ने जीता आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब

एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला विश्व कप के फाइनल में पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) का नवंबर महीने का 'माह का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का पुरस्कार मिला है।

प्रतिका रावल के चोटिल होने के बाद अपने विश्व कप अभियान को सेमीफाइनल में शुरू करने वाली शेफाली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 78 गेंदों में 87 रन बनाए। यह महिला विश्व कप फाइनल में किसी भारतीय सलामी बल्लेबाज के बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। शेफाली ने थाईलैंड की थीपैचा पुथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पछाड़ कर अपना पहला 'महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का पुरस्कार जीता।



### पुरस्कार टीम कोच और परिवार को समर्पित

शेफाली ने कहा, 'आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में मेरा पहला अनुभव मेरी उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन यह मेरी कल्पना और उम्मीदों से कहीं बेहतर तरीके से समाप्त हुआ।'' उन्होंने कहा, 'मैं आभारी हूं कि मैं फाइनल में टीम की सफलता में योगदान दे सकी और घरेलू दर्शकों के सामने पहली बार विश्व कप जीतने के इतिहास का हिस्सा बन सकी।' शेफाली ने कहा, 'मैं नवंबर माह के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुने जाने पर वास्तव में सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं यह पुरस्कार अपनी टीम के साथियों, अपने सभी कोच, परिवार और उन सभी को समर्पित करती हूं, जिन्होंने अब तक मेरी यात्रा में मेरा साथ दिया है।

### हार्मर को मिला पुरुष वर्ग का पुरस्कार

दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर साइमन हार्मर को भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी के लिए पुरुष वर्ग का पुरस्कार मिला। हार्मर के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका भारत में 25 साल में पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतने में सफल रहा। हार्मर ने बांग्लादेश के तैजुल इस्लाम और पाकिस्तान के हरफनमौला मोहम्मद नवाज को पछाड़कर पहली बार महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार अपने नाम किया। इस 36 साल के स्पिनर ने दो मैचों की श्रृंखला में 17 विकेट लिए, जिससे उनकी टीम 2-0 से सूपड़ा साफ करने में सफल रही। उन्होंने कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट की दोनों पारियों में चार-चार जबकि गुवाहाटी में पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में छह विकेट चटकाए थे।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए ''केंद्रित'' "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय : भोपाल

**ई-नीलामी की सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8 (6) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहां है, जैसी है और जो है जैसी है''** के आधार पर निम्न ऋणियों से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा निम्नवर्णित दिनांक को बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है।

| खाते / ऋणी का नाम एवं पता | बंधक संपत्तियों का विवरण एवं संपत्ति स्वामी का नाम | मांग नोटिस दि.<br>कब्जा दिनांक<br>बकाया राशि | आरक्षित मूल्य<br>धरोहर राशि<br>बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **अरेरा कालोनी शाखा, भोपाल फोन : 7024115024** | | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ता- (1) **मेसर्स ओ पी गोल्ड स्मिथ** प्रोप. श्री प्रमोद सोनी पुत्र श्री ओम प्रकाश सोनी एवं (2) **श्री प्रमोद सोनी** पुत्र ओम प्रकाश सोनी जमानतदारः (1) **श्री दिलीप सोनी** पुत्र श्री ओमप्रकाश सोनी (2) **श्री निर्मल कुमार गांधी** पुत्र श्री घनश्याम दास गांधी | फ्लैट नंबर 21-टी, प्लॉट नंबर 11, तीसरी मंजिल, अंगना परिसर, लखेरापुरा, भोपाल, म.प्र. क्षेत्रफल- 411.79 वर्गफीट संपत्ति मालिक- श्री दिलीप कुमार सोनी पुत्र श्री ओमप्रकाश सोनी एवं श्री प्रमोद कुमार सोनी पुत्र श्री ओमप्रकाश सोनी चर्तुसीमाएंः उत्तरः कॉमन पैसेज और फ्लैट नंबर टी-22, दक्षिणः बनवारीलाल और ओमप्रकाश वर्मा का मकान, पूर्वः फ्लैट नंबर टी-20, पश्चिम- छगन लाल की संपत्ति | 19.06.2024<br>04.09.2024<br>दिनांक 19/06/2024 को ₹ 14,85,000/- +ब्याज एवं खर्चे | ₹ 13,60,000/-<br>₹ 1,36,000/-<br>₹ 10,000/- |
| **गुलमोहर शाखा, भोपाल फोन : 7024115041** | | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ता- **श्री इकरार खान पुत्र श्री लाल मोहम्मद** | मकान नं. जनता जे-46, द्वितीय तल शिवाजी नगर, अंकुर स्कूल के पास, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल-333.56 वर्गफीट संपत्ति मालिक-श्री इकरार खान पुत्र लाल मोहम्मद चर्तुसीमाएंः पूर्व- जे-45/सीढ़ी, पश्चिम- खुला, उत्तर- नाला, दक्षिण- जे-47 | 11.01.2024<br>19.07.2024<br>दिनांक 11/01/2024 को ₹ 7,45,857/- +ब्याज एवं खर्चे | ₹ 9,36,800/-<br>₹ 93,680/-<br>₹ 10,000/- |
| **नसरुल्लागंज शाखा, जिला-सीहोर फोन : 7024115062** | | | |
| ऋणी- **मेसर्स दिनेश मोबाइल प्रोपराइटर- श्री दिनेश बत्रा पुत्र देवकीनंदन बत्रा** जमानतदार एवं बंधककर्ता- **श्री दिनेश बत्रा** पुत्र देवकीनंदन बत्रा | प्लॉट क्रमांक 155 पर एक मंजिला इमारत, सर्वे क्रमांक 55/2, 54/1/3/1, 54/1/3K/1, वार्ड क्रमांक 01, बालाजी पुरम कॉलोनी, तहसील नसरुल्लागंज, जिला- सीहोर क्षेत्रफल- 1000 वर्गफीट, चर्तुसीमाएंः पूर्व- कॉलोनी रोड, पश्चिम- प्लॉट क्रमांक 162, उत्तर- प्लॉट क्रमांक 154, दक्षिण- प्लॉट क्रमांक 156 | 01/06/2024<br>20/09/2024<br>दिनांक 01/06/2024 को ₹ 20,43,505/- +ब्याज एवं खर्चे | ₹ 14,00,000/-<br>₹ 1,40,000/-<br>₹ 10,000/- |
| ऋणी एवं बंधककर्ता- **श्री अमर सिंह मीना श्री भंवर सिंह मीना** जमानतदारः श्री विजय सिंह मीना | एक आवासीय डायवर्टेड मकान निर्मित क्षेत्रफल- 1292 वर्गफीट और यह पूरी संपत्ति एक एकड़ यानी 0.12 हेक्टेयर भूमि में शामिल है, प.ह.नं. 56, सर्वे नं. 151/2 और 152/2, गांव चांदा ग्रहण, तहसील नसरुल्लागंज, जिला सीहोर (म.प्र.) क्षेत्रफल-1292 वर्गफीट, चर्तुसीमाएंः उत्तरः15 फीट गली, दक्षिणः 8 फीट गली, पूर्वः चेतराम की भूमि, पश्चिमः श्याम लाल की भूमि | 25/07/2023<br>03/02/2024<br>दिनांक 25/07/2023 को ₹ 13,51,801/- +ब्याज एवं खर्चे | ₹ 19,68,000/-<br>₹ 1,96,800/-<br>₹ 10,000/- |
| **सांची शाखा, सांची फोन : 7024115081** | | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ता- **श्री रघुवीर सिंह मीना पुत्र श्री बादाम सिंह मीना श्रीमती प्रीति बाई मीना पत्नी श्री रघुवीर सिंह मीना** | आवासीय संपत्ति स्थित आदर्श नगर कॉलोनी, सर्वे क्रमांक 203/1/1/2 का भाग, सलामतपुर, जिला रायसेन (म.प्र.) (क्षेत्रफल 920 वर्ग फीट) चर्तुसीमाएंः - उत्तरः प्लॉट क्रमांक 30, दक्षिणः प्लॉट क्रमांक 32, पूर्वः कॉलोनी रोड, पश्चिमः अन्य पक्ष की भूमि | 28/02/2024<br>30/05/2024<br>दिनांक 28/02/2024 को ₹ 12,54,832/- +ब्याज एवं खर्चे | ₹ 12,48,000/-<br>₹ 1,24,800/-<br>₹ 10,000/- |
| **मंडीदीप शाखा, मंडीदीप फोन : 7024115058** | | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ता- **मेसर्स एक्युरेट एग्रो इण्डस्ट्रीज श्री अब्दुल नईम खान पुत्र श्री अब्दुल लतीफ खान** | एक लीज होल्ड इण्डस्ट्रिल प्लाट क्र. 9ए-1, ग्राम- पीपल खिरिया स्थित, तहसील एवं जिला रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल-15064 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- उत्तर- प्लाट क्र. 08, दक्षिण- रोड पूर्व- प्लाट नं. 09, पश्चिम-प्लाट नं. 9-ए/2 | 21/03/2020<br>09/07/2020<br>दि. 21/03/2020 को ₹ 84,62,770.75 +ब्याज एवं खर्चे | ₹ 33,65,000/-<br>₹ 3,36,500/-<br>₹ 10,000/- |

**उपरोक्त वर्णित संपत्ति हेतु ईएमडी जमा करने की दिनांक एवं समय : 30.12.2025 को सायं 4.00 बजे या उससे पूर्व**
**उपरोक्त वर्णित संपत्ति हेतु ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 31.12.2025 को सुबह 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक**
**संपत्ति निरीक्षण दिनांक : 24.12.2025 को दोपहर 3.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक**

विक्रय के निबंधन और शर्तो के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in अथवा http://BAANKNET देखें।

तारीख : 15.12.2025, स्थानः भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी




## इंजन में वॉशरूम की सुविधा नहीं होने से कई लोको पायलट हो रहे बीमार, इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहे रेलवे के अधिकारी

# लोको पायलट को आई टॉयलेट तो रोक दी ट्रेन, सोशल मीडिया पर वीडियो हो रहा वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल रेल मंडल के गुना स्टेशन के पास शुक्रवार की सुबह एक रेल ड्राइवर पटरी किनारे लघुशंका करते हुए वीडियो किसी यात्री ने बना लिया, जिसको सोशल मीडिया पर डाल दिया, जोकि सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, ट्रेन के लोको पायलट ने बीच सेक्शन पर ट्रेन को रोककर टायलेट करने लगा था। तो वहीं इस मामले को लेकर रेलवे अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं तो वहीं ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि ट्रेन के इंजन में टॉयलेट की सुविधा नहीं होने से कई बार पायलट को बोतल में टॉयलेट करने को मजबूर होना पड़ता है। तो वहीं इस वजह से हमारे ज्यादातर साथी कम उम्र में ही डायबिटीज, एसिडिटी, गैस्ट्रिक, किडनी और लिवर की गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। जहां अन्य सरकारी कर्मचारियों की औसत आयु 80 साल है, वहीं हमारी औसत आयु 60 साल भी नहीं है।


ट्रेन रोकर लघुशंका करता हुआ पायलट।

जानकारी के अनुसार यह घटना शुक्रवार दोपहर करीब 11 से 11:30 बजे के बीच की है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि लोको पायलट ट्रेन के इंजन के ठीक सामने खड़े होकर लघुशंका करने लगा था, जबकि पीछे खड़ा उनका सह-पायलट इस दौरान बीच-बीच में हॉर्न बजा रहा है। यात्रियों का कहना है कि न कोई स्टेशन था, न कोई आउटर सिग्नल, फिर भी अचानक ट्रेन रुक गई। जब ट्रेन बिना किसी कारण के रुकती है, तो यात्रियों की नजरें इंजन से लेकर डिब्बों तक दौड़ने लगती हैं। ऐसे में जब एक यात्री ने देखा कि पायलट साहब ने ट्रेन रोककर टायलेट कर रहे है। इसका एक यात्री ने वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### कंट्रोल रूम से अनुमति लेनी होती है


रेलवे सूत्रों के अनुसार अगर ट्रेन चलाने के दौरान किसी पायलट को टॉयलेट आए तो। नियमानुसार उन्हें कंट्रोल रूम से अनुमति लेकर या तो अगले स्टेशन पर ट्रेन को रोककर जा सकते है।

## फरार अपराधियों के खिलाफ मध्यप्रदेश पुलिस का बड़ा अभियान

# तीन दिन की विशेष कार्रवाई में प्रदेश भर के कई जिलों से 1100 से अधिक वारंटी धराए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डीजीपी कैलाश मकवाणा के निर्देशन में प्रदेश में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधियों की धर-पकड़ सुनिश्चित करने, न्यायालयों के आदेशों का कड़ाई से पालन कराने तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा जिलों में सतत रूप से योजनाबद्ध अभियान चलाया जा रहा है। बीते तीन दिनों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में एक साथ व्यापक स्तर पर कांबिंग गश्त एवं छापेमारी कर 1100 से अधिक फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही 700 से अधिक निगरानी बदमाशों, गुंडो एवं अन्य अपराधियों की चैकिंग की गई। इस कार्रवाई से लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों को कानून के दायरे में लाया गया, वहीं अपराधों की पूर्व-रोकथाम में भी महत्वपूर्ण सफलता मिली है।



### इन जिलों में बेहतर हुई धरपकड़

- **बालाघाट:** जिले में कई वर्षों से फरार 51 स्थायी वारंटियों एवं गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त 140 से अधिक निगरानी बदमाशों एवं सूचीबद्ध अपराधियों के घरों, अड्डों तथा संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर उनकी गतिविधियों की बारीकी से जांच की गई।
- **कटनी:** जिले में 145 वारंटी एवं अपराधियों को हिरासत में लिया, जिनमें 23 स्थायी एवं 82 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं। इसके अलावा अवैध शराब जमाखोरी एवं बिक्री से जुड़े 30 नए प्रकरण दर्ज किए।
- **छतरपुर:** जिले में न्याय पथ अभियान के अंतर्गत 40 स्थायी वारंटी, 76 गिरफ्तारी वारंटी तथा 52 हजार के इनामी अपराधियों सहित 200 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।
- **मुरैना:** जिले में विशेष कांबिंग गश्त के तहत लगभग 125 स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटियों को हिरासत में लिया गया। इसके साथ ही 29 हजार के इनामी 7 फरार अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया, जो लंबे समय से कानून की पकड़ से बाहर थे।
- **ग्वालियर:** जिले में कांबिंग गश्त के दौरान 121 स्थायी एवं 129 गिरफ्तारी वारंट सहित कुल 250 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त 348 गुंडों एवं हिस्ट्रीशीटरों की विस्तृत जांच-पड़ताल की गई। साथ ही अवैध शराब एवं सट्टा गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों कार्रवाई की गई।
- **गुना:** जिले में लंबे समय से फरार 43 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। गुंडों, हिस्ट्रीशीटरों, जिलाबदर एवं इनामी अपराधियों के ठिकानों पर गहन तलाशी लेकर उनकी गतिविधियों पर सतत निगरानी सुनिश्चित की गई।
- **सीहोर:** जिले में गश्त के दौरान 145 वारंटियों को हिरासत में लिया गया तथा 157 निगरानी अपराधियों की गहन जांच की गई। इसके साथ ही जुआ-सट्टा एवं अवैध शराब के मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।
- **मंदसौर:** जिले में 175 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 130 स्थायी एवं 42 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं। यह कार्रवाई विशेष रूप से लंबे समय से फरार अपराधियों को लक्ष्य बनाकर की गई।

## 30 दिसंबर को एसआई प्रेमिका से होनी थी शादी, मिलने पहुंचा तो दूसरा आरक्षक साथ में मिला

# वकील ने लगाई फांसी, स्टेटस में लिखा- 'प्रेम में मुक्ति नहीं मृत्यु'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ग्वालियर में सोमवार को एक वकील ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 30 दिसंबर को उसकी शादी मुरैना में पदस्थ एक महिला सब-इंस्पेक्टर से होने वाली थी। वह उससे मिलने गया था, जहां उसने प्रेमिका को अपने कमरे में एक अन्य आरक्षक के साथ देखा। इसी बात पर विवाद और हाथापाई भी हुई।

वकील ने सुसाइड से पहले जो स्टेटस लिखा था, वह हाल ही में आई एक्टर धनुष और कृति सेनन की फिल्म 'तेरे इश्क में' का चर्चित डॉयलाग 'प्रेम में मृत्यु है, लेकिन मुक्ति नहीं' है। इस स्टेटस पर प्रेमिका की ओर से ब्लेस कमेंट भी किया गया था। परिजनों का आरोप है कि प्यार में धोखा मिलने और मानसिक दबाव के कारण उसने यह कदम उठाया। मृतक की पहचान मृत्युंजय चौहान के रूप में हुई है, जो ग्वालियर के आदर्श पुरम में किराए के मकान में रहता था। वह वकालत के साथ-साथ पीएचडी भी कर रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। मामले की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि पिछले 5 साल से उस महिला सब इंस्पेक्टर से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

## दिल्ली से आ रही दो फ्लाइट कैंसिल

# इंडिगो संकट से उबरी ही थी कि उड़ानें फिर कोहरे की मार से हुई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

कुछ समय पूर्व इंडिगो पर आए संकट के कारण यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी थी, बड़ी मुश्किल से समस्या का निदान हुआ और उड़ानें सामान्य होने के कुछ दिन बाद अब फिर से उड़ानें कोहरे की मार से प्रभावित हो रही है। सोमवार को घने कोहरे के कारण दो फ्लाइट्स भोपाल नहीं आईं उन्हें कैंसिल कर दिया गया और कुछ उड़ानें अपने निर्धारित समय से लेट आईं। इससे यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा। कोहरा होने के कारण दिल्ली से भोपाल आ रही दो फ्लाइट कैंसिल कर दी गई।

इंडिगो की दोपहर एवं रात की उड़ान राजा भोज एयरपोर्ट नहीं पहुंची। सुबह की फ्लाइट भी चार घंटे विलंब से दोपहर दो बजे भोपाल पहुंची। एयर इंडिया की मार्निंग दिल्ली फ्लाइट करीब चार घंटे देरी से दोपहर 12.30 बजे भोपाल आई। दोपहर की उड़ान भी करीब चार घंटे की देरी से पहुंच सकी। इवनिंग फ्लाइट नंबर एआई 2759 भी तय समय से दो घंटे विलंब से पहुंच सकी। इंडिगो संकट हल होने के बाद पहली बार मौसम की खराबी के कारण फ्लाइटें निरस्त एवं विलंब से पहुंची हैं। हालांकि भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर घने कोहरे से निपटने के लिए सिस्टम लगा हुआ है, लेकिन उड़ानें भोपाल ही नहीं पहुंच पा रही है।

## निगरानी सूची से भी 10 बदमाशों को बाहर किया, नई लिस्ट में 80 बदमाश जोड़े

# जोन-4 में गुंडा लिस्ट अपडेट, 20 बदमाश बाहर, 13 की हो चुकी मौत, 7 ने 10 साल से नहीं किया कोई अपराध

**भोपाल।** अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से नगरीय पुलिस भोपाल जोन-4 ने एक नवंबर से गुंडा व निगरानी बदमाशों की सूची की व्यापक समीक्षा के लिए विशेष अभियान संचालित किया। इस अभियान के तहत 20 पुराने गुंडे बदमाशों को गुंडा सूची से अलग किया गया है। इनमें 13 बदमाशों की मौत हो चुकी है, जबकि सात को अच्छे चाल-चलने की वजह से सूची से अलग किया है। ऐसे बदमाशों ने बीते दस साल से किसी भी अपराध को अंजाम नहीं दिया है।


गुंडा बदमाशों की क्लास लेते हुए पुलिस।

डीसीपी जोन-4 मयूर खंडेलवाल ने बताया इस अभियान के तहत ऐसे गुंडे और निगरानी बदमाशों को गुंडा व निगरानी सूची से अलग किया है, जिन पर लंबे समय से कोई आपराधिक गतिविधि दर्ज नहीं हुई थी। माफी में लाए गए कुछ बदमाशों ने करीब 20 सालों से कोई अपराध घटित नहीं किया गया है।

अभियान के तहत कुल 10 निगरानी बदमाशों को निगरानी सूची से भी अलग किया गया है। इनमें से दो निगरानी बदमाशों की मौत हो जाने और 8 निगरानी बदमाशों को कम से कम 10 साल से कोई अपराधिक गतिविधि में शामिल न होने के कारण निगरानी सूची से हटाया गया है।

### 80 गुंडा-बदमाशों को सूची में जोड़ा

एक नवंबर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वर्तमान में सक्रिय और लगातार आपराधिक गतिविधियों में शामिल 80 गुंडा-बदमाशों को गुंडा-सूची में जोड़ा गया है। इसके अलावा आधा दर्जन निगरानी बदमाशों को भी निगरानी सूची में शामिल किया गया है। माफी में लाए गए गुंडा-निगरानी बदमाशों को पुलिस उपायुक्त कार्यालय जोन-4 में बुलाकर समझाइश दी गई। साथ ही नवीन सूची में जोड़े गए बदमाशों को भी डीसीपी कार्यालय में बुलाकर समझाया गया। इस अभियान के तहत जोन-4 के 21 बदमाशों के खिलाफ जिला बदर की कार्यवाही संस्थित किए जाने के लिए पुलिस आयुक्त को प्रकरण भेजे गए हैं।

## गुजरात के नगरीय निकायों के अधिकारियों ने महापौर से की भेंट

### भोपाल नगर निगम द्वारा की जा रही स्वच्छता की गतिविधियों

# गुजरात नगरीय निकायों के अफसरों ने देखी इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में कचरा वाहनों की ट्रेकिंग और मॉनीटरिंग


कचरा कैफे का निरीक्षण करती टीम।


गुजरात के नगरीय निकायों के अधिकारी भोपाल में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से स्वच्छता की गतिविधियों का अवलोकन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सोमवार को गुजरात के सात से ज्यादा नगरीय निकायों के अधिकारियों का एक दल भोपाल में सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे। अधिकारियों ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से स्वच्छता की गतिविधियों, कचरा वाहनों की मॉनीटरिंग, कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया, रिसाइकल हब एवं कचरा कैफे की कार्य प्रणाली का अवलोकन किया व इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में कचरा वाहनों की ट्रेकिंग एवं मॉनीटरिंग को समझा। इसके पूर्व अधिकारियों ने महापौर मालती राय से सौजन्य भेंट की और भोपाल नगर निगम द्वारा संचालित स्वच्छता की गतिविधियों व कचरा प्रबंधन के सस्टेनेबल मॉडल सहित नवाचारों के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। महापौर राय ने कहा कि शहर की स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और इसी क्रम में विभिन्न वस्तुओं के अपशिष्ट को रिसाइकल कर नए उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं।

### गुजरात के इन नगरीय निकायों से आए हैं अधिकारी

गुजरात के पालनपुर, भुज, सनाद, सवरकुंडला, मोदासा, द्वारका, लूनावाड़ा आदि नगरीय निकायों के अधिकारी भोपाल आए हैं।

### यहां देखी और समझीं व्यवस्थाएं

प्रतिनिधिमंडल ने दानापानी रिसाइकल हब में थर्माकोल रिसाइकल प्लांट, अन्ना नगर गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर टैक्सटाईल रिकवरी फेसेलिटी, भानपुर में लैंड रिक्लेम मॉडल, स्मार्ट सिटी कार्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में कचरा वाहनों की ट्रेकिंग एवं मॉनीटरिंग तथा अरेरा कॉलोनी स्थित कचरा कैफे का अवलोकन किया और यहां की किए जा रहे कामों को देखा व समझा। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने भोपाल नगर निगम द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे कामों व नवाचारों की सराहना की।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930